भाद्रपद कृष्ण पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 29 अगस्त 2024
वर्ष 5, अंक 283, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





गुजरात में बारिश से 19 की मौत, कई इलाकों में बाढ़ 14

पुष्पा 2 द रूल का नया पोस्टर रिलीज 13


# बरेली में गैंगरेप से आहत किशोरी ने खुद को आग लगाकर जान दी

संवाददाता, बरेली/भोजीपुरा

- गांव के दो किशोरों ने जन्माष्टमी के दिन बहाने से घर से बुलाकर किया था दुष्कर्म

**अमृत विचार :** भोजीपुरा के गांव में नौवीं में पढ़ने वाली 13 वर्षीय किशोरी ने सामूहिक दुष्कर्म के बाद मंगलवार रात अपने ऊपर तेल डालकर आग लगा ली। बुरी तरह जल जाने से अस्पताल ले जाते वक्त उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने गांव के ही दो किशोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। आरोप है कि दोनों ने उसे बहाने से घर से बुलाकर गन्ने के खेत में दुष्कर्म किया था। दोनों फरार हो गए हैं। किशोरी के पिता की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर के मुताबिक सोमवार को जन्माष्टमी पर वह अपनी पत्नी को राखी बांधने के लिए ससुराल ले गए थे। उनकी गैरमौजूदगी में गांव के दो किशोरों ने बेटी को बहाने से घर से बुलाया, इसके बाद जबरन पास ही गन्ने के खेत में ले गए। एक ने उसके हाथ पकड़ लिए और दूसरे ने उससे दुष्कर्म किया। उसकी चीख सुनकर बड़ी बेटी दौड़कर पहुंची तो दोनों किशोर उसे छोड़कर भाग निकले। मंगलवार को घर लौटने पर बड़ी बेटी ने पूरी बात बताई तो वह आरोपियों के घर शिकायत करने गया। वहां कोई नहीं मिला तो पत्नी के साथ खेत पर चला गया।

दोपहर करीब 12 बजे दौड़ते हुए खेत पर पहुंची छोटी बेटी ने बताया कि दुष्कर्म पीड़ित बेटी ने अपने ऊपर डीजल डालकर आग लगा ली है। वह दौड़कर घर पहुंचा, लेकिन बेटी ने भोजीपुर के निजी मेडिकल कॉलेज ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। थाना प्रभारी रामरतन सिंह ने बताया कि दोनों आरोपी किशोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है।

# कोलकाता की घटना से मैं निराश और भयभीत हूं: मुर्मू

## आरजी कर अस्पताल में महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या पर राष्ट्रपति ने कहा- बस अब बहुत हुआ

नई दिल्ली, एजेंसी



कोलकाता में महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या की घटना से पूरे देश में गुस्सा और नाराजगी का माहौल है। अब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी इस घटना पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि वह घटना से निराश और भयभीत हैं।

अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए राष्ट्रपति ने महिला अपराधों पर रोक का आह्वान किया और कहा कि अब बहुत हो गया, अब समय आ गया है कि भारत महिलाओं के खिलाफ अपराधों की 'विकृति' के प्रति जाग जाए और उस मानसिकता का मुकाबला करे, जो महिलाओं को कम शक्तिशाली, कम सक्षम, कम बुद्धिमान के रूप में देखती है। मुर्मू ने एक विशेष लेख में कहा कि महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों के लिए, कुछ लोगों द्वारा महिलाओं को वस्तु के रूप में देखने की यही मानसिकता जिम्मेदार है। अपनी बेटियों के प्रति यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम उनके भय से मुक्ति पाने के मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर करें। 9 अगस्त को कोलकाता के एक अस्पताल में एक जूनियर डॉक्टर के साथ बलात्कार और उसकी हत्या का जिक्र करते हुए व्यथित राष्ट्रपति ने कहा कि इससे भी अधिक निराशाजनक बात यह है कि यह महिलाओं के खिलाफ अपराधों की श्रृंखला का हिस्सा है। राष्ट्रपति ने लिखा कि कोई भी सभ्य समाज बेटियों और बहनों पर इस तरह के अत्याचार की अनुमति नहीं दे सकता। राष्ट्र का आक्रोशित होना निश्चित है, और मैं भी आक्रोशित हूं। 'महिला सुरक्षाः बस! बहुत हो चुका' शीर्षक वाले लेख में राष्ट्रपति ने 9 अगस्त को कोलकाता में हुई घटना पर पहली बार अपने विचार व्यक्त किए हैं। ऐसी घटना ने एक बार फिर राष्ट्र की अंतरात्मा को झकझोर दिया है।

### एक हालिया मुलाकात का किया जिक्र, पूछा- निर्भया घटना से हमने क्या सबक सीखा

राष्ट्रपति ने रक्षाबंधन पर स्कूली बच्चों के एक समूह के साथ अपनी हालिया मुलाकात को याद किया। उन्होंने दिसंबर 2012 में दिल्ली में एक फिजियोथेरेपी इंटर्न के साथ बर्बर दुष्कर्म-उसकी हत्या का जिक्र करते हुए कहा, 'हाल ही में मैं एक अजीब दुविधा में फंस गई थी, जब राष्ट्रपति भवन में राखी मनाने आए कुछ स्कूली बच्चों ने मुझसे मासूमियत से पूछा कि क्या उन्हें भरोसा दिया जा सकता है कि भविष्य में 'निर्भया' जैसी घटना नहीं होगी?' मुर्मू ने कहा कि आक्रोशित राष्ट्र ने योजनाएं बनाईं और रणनीतियां तैयार कीं, और पहल से कुछ फर्क पड़ा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में हुई उस त्रासदी के बाद के 12 वर्षों में इसी तरह की अनगिनत त्रासदियां हुई हैं। हालांकि उनमें से कुछ ने ही पूरे देश का ध्यान खींचा। इन्हें भी जल्द ही भुला दिया गया। क्या हमने सबक सीखा? जैसे-जैसे सामाजिक विरोध कम होते गए, ये घटनाएं सामाजिक स्मृति के गहरे और दुर्गम कोने में दब गईं।'


LAST 7 DAYS
for Gents
T-Shirts ~~990~~ 330
Jeans ~~2590~~ 865
Shirt ~~1390~~ 465
Lower ~~1390~~ 465
Barmuda ~~990~~ 330
Capri ~~1190~~ 397
Track Suit ~~3990~~ 1330
Special Kurta Pajama ~~2000 to 4000~~ 995 only
BUY 1 GET 2 FREE
SELECTION POINT
The Complete Family Store
45, Civil Lines, Bly. Ph. 8266800220
D.D. Puram, Bly. Ph. 7088300050


# कांग्रेस और सपा में घुस गई है जिन्ना की आत्मा: मुख्यमंत्री

## योगी आदित्यनाथ ने अलीगढ़ में वृहद रोजगार मेला में विपक्षी दलों पर साधा निशाना

- कहा- जिन्ना की तरह ही समाज को बांटने का कार्य कर रहे दोनों दल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/अलीगढ़

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हुई हमले की घटना पर आक्रोश जताने के बाद अब भारत के बंटवारे के जिम्मेदार मोहम्मद अली जिन्ना का नाम लेकर विरोधियों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और सपा के लोगों के अंदर जिन्ना की आत्मा घुस गई है। जिन्ना ने देश का विभाजन करने का पाप किया था, इसलिए वह अंतिम समय में घुट-घुट कर मरा था। समाज को बांटकर यही पाप कांग्रेस और सपा कर रही है।

मुख्यमंत्री बुधवार को अलीगढ़ में वृहद रोजगार मेला में पांच हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र, उद्यमियों को ऋण, विद्यार्थियों को टैबलेट, स्मार्टफोन वितरण समेत 705 करोड़ की परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे।

योगी ने कहा कि कांग्रेस, सपा और बसपा के लोगों को जब भी मिली हुई तो सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने का कार्य किया। अपनी योजनाओं के माध्यम से तुष्टिकरण करते थे और समाज को विकास की धारा से विमुख करने का कार्य करते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जब देश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है, तब कांग्रेस और सपा के लोग समाज को तोड़ने का कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में देश नई बुलंदियों की तरफ आगे बढ़ रहा है, जबकि समूचा विपक्ष समाज में जाति का विष घोल कर अराजकता फैलाने का कार्य कर रहा है।



एक युवा को टैबलेट देते मुख्यमंत्री योगी। ● अमृत विचार

### विपक्ष के पास विनाशकारी प्रोपेगंडा: संदीप सिंह

बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि भाजपा के पास विकास का मजबूत एजेंडा है। जबकि सपा और इंडी गठबंधन समेत समूचे विपक्ष के पास विनाशकारी प्रोपेगंडा है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को सम्मान देने और उनके द्वारा बनाए गए संविधान की रक्षा सिर्फ और सिर्फ भाजपा ही कर सकती है।

### खुला हुआ है यमलोक का रास्ता

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जिन्होंने अपने समय में कोई काम नहीं किया, सिर्फ कारनामे किए आज उन्हें प्रदेश में कानून व्यवस्था का राज पसंद नहीं आ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि डबल इंजन की सरकार में बेटी और व्यापारी के सम्मान के साथ खिलवाड़ करने वालों के लिए यमलोक का रास्ता खुला हुआ है। अराजकता, अव्यवस्था और गुंडागर्दी की छूट किसी को नहीं देंगे।

### सपा मुखिया को बेटी सुरक्षा पर बोलने का अधिकार नहीं

योगी ने कहा कि सपा मुखिया को बेटी सुरक्षा पर बोलने का कोई अधिकार नहीं है। अयोध्या और कन्नौज में उन्हीं की पार्टी के नेताओं द्वारा बेटियों की इज्जत से खिलवाड़ किया गया। उनकी सरकार के दौरान व्यापारियों में भय का माहौल था। कोलकाता की घटना पर उनकी जुबान नहीं खुलती है।

## एक नजर

### यूपी कैडर के आईपीएस दलजीत सिंह चौधरी बने बीएसएफ प्रमुख



**नई दिल्ली।** भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी दलजीत सिंह चौधरी को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का प्रमुख नियुक्त किया गया है। चौधरी यूपी कैडर के 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। कार्मिक मंत्रालय ने बताया कि वर्तमान में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के प्रमुख चौधरी को 30 नवंबर 2025 को उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख तक के कार्यकाल के लिए बीएसएफ के महानिदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है। वहीं, बिहार कैडर के राजविंदर सिंह भट्टी को सीआईएसएफ का प्रमुख नियुक्त किया गया है।

# बंगाल बंद में हिंसा, भाजपा नेता की कार पर फायरिंग

## भाजपा-टीएमसी कार्यकर्ताओं में झड़पें हुईं, बंद का रहा मिला-जुला असर

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल में बुधवार को भाजपा के 12 घंटे के बंद के दौरान हिंसा की घटनाएं भी हुईं। राज्य के कई हिस्सों में बंद समर्थकों की पुलिस और सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के साथ झड़प हुई और बंद का मिला-जुला असर रहा। उत्तर 24 परगना जिले के भाटपाड़ा से झड़प होने की खबरें सामने आईं, जहां भाजपा ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के गुंडों ने उसके स्थानीय नेता प्रियांगु पांडे की कार पर गोलीबारी की और इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया मंच पर साझा किया।

भाजपा के नेताओं ने दावा किया कि हालांकि पांडे सुरक्षित बच गए, लेकिन वाहन के चालक और पार्टी के एक कार्यकर्ता के सिर में गोली लग गई, जिन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हिंसा के बाद भाजपा के स्थानीय नेता अर्जुन सिंह और तृणमूल कांग्रेस के नेता सोमनाथ श्याम के बीच झड़प हो गई, जिससे तनाव और बढ़ गया तथा पुलिस को संघर्षरत समूहों को तितर-बितर करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। सुबह से ही सड़कों और रेल पटरियों को अवरुद्ध करने के लिए पूर्व राज्यसभा सदस्य रूपा गांगुली और लॉकेट चटर्जी तथा राज्यसभा सदस्य समिक भट्टाचार्य और विधायक अग्निमित्रा पॉल समेत कई भाजपा नेताओं को हिरासत में लिया गया है।

कोलकाता दुष्कर्म-हत्याकांड



### फांसी के लिए विधेयक लाएंगे: ममता

**कोलकाता।** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि उनकी सरकार शीघ्र ही विधानसभा सत्र बुलाएगी और दुष्कर्मियों को फांसी देने वाला विधेयक पारित करेगी। टीएमसी की छात्र शाखा के 27वें स्थापना दिवस को संबोधित करते हुए ममता ने कहा कि अगले सप्ताह हम सत्र बुलाएंगे और दुष्कर्मियों को मृत्युदंड देने वाला विधेयक 10 दिनों के भीतर पारित करेंगे। अगर राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने विधेयक को मंजूरी नहीं दी तो वह राजभवन के बाहर धरना देंगी।

### आईएमए ने डॉ. संदीप घोष की सदस्यता निलंबित की

**नई दिल्ली।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने बुधवार को आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल डॉ. संदीप घोष की सदस्यता निलंबित कर दी। यह कदम इस महीने की शुरुआत में कोलकाता स्थित इस संस्थान में एक जूनियर डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या की सीबीआई जांच के बीच उठाया गया है। एसोसिएशन की कोलकाता शाखा के उपाध्यक्ष घोष की सदस्यता के निलंबन का फैसला आईएमए की अनुशासन समिति द्वारा लिया गया।

# प्रयागराज-आगरा बनेंगे स्मार्ट औद्योगिक शहर

## कैबिनेट बैठक देश के 10 अन्य शहर भी परियोजना में होंगे शामिल, 28 हजार करोड़ होगा खर्च

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए बुधवार को 28,602 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश से 10 राज्यों में 12 नए औद्योगिक शहरों की स्थापना को मंजूरी दी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम (एनआईसीडीपी) के तहत 28,602 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश से 12 नए परियोजना प्रस्तावों को मंजूरी दी है।

ये औद्योगिक शहर उत्तर प्रदेश के आगरा एवं प्रयागराज, उत्तराखंड के खुरपिया, पंजाब के राजपुरा-पटियाला, महाराष्ट्र के दिघी, केरल के पलक्कड़, बिहार के गया, तेलंगाना के जहीराबाद, आंध्र प्रदेश के ओर्वकल एवं कोपर्थी और राजस्थान के जोधपुर-पाली में स्थित होंगे। इन औद्योगिक शहरों की परिकल्पना छह प्रमुख गलियारों के करीब रणनीतिक रूप से की गई है। इन शहरों के गठन से करीब 10 लाख प्रत्यक्ष रोजगार और नियोजित औद्योगिकीकरण के माध्यम से 30 लाख अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा होगा। वैष्णव ने कहा कि यह कदम देश के औद्योगिक परिदृश्य को बदल देगा। इससे औद्योगिक क्षेत्र एवं शहरों का एक मजबूत नेटवर्क तैयार होगा, जो आर्थिक वृद्धि और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ावा देगा।



### 234 नए शहरों में निजी एफएम रेडियो की शुरुआत

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को निजी एफएम रेडियो चरण-3 नीति के तहत 234 नए शहरों में 730 चैनलों के लिए आरोही ई-नीलामी के तीसरे समूह के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इसके लिए अनुमानित आरक्षित मूल्य 784.87 करोड़ रुपये आंका गया है। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि मंत्रिमंडल ने एफएम चैनलों के लिए वार्षिक लाइसेंस शुल्क (एएलएफ) जीएसटी को छोड़कर सकल राजस्व का 4 प्रतिशत वसूलने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। यह 234 नए शहरों/कस्बों पर लागू होगा। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि 234 नए शहरों और कस्बों में निजी एफएम रेडियो की शुरुआत से इन क्षेत्रों में एफएम रेडियो की अपूर्ण मांग पूरी होगी, जो अब भी निजी एफएम रेडियो प्रसारण से अछूते हैं और इससे मातृभाषा में नई और स्थानीय सामग्री उपलब्ध होगी।

# बृजभूषण ने ट्रायल कोर्ट में चल रही कार्यवाही को हाईकोर्ट में दी चुनौती

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा नेता बृजभूषण शरण सिंह ने ट्रायल कोर्ट में चल रही अपने खिलाफ कार्यवाही को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है। दिल्ली पुलिस की एफआईआर के बाद उन पर दिल्ली की निचली अदालत में केस चल रहा है। बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ महिला पहलवानों ने यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे।



देश के कई बड़े पहलवान उन पर कार्रवाई की मांग करते हुए दिल्ली में धरने पर भी बैठे थे। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की थी। इसी मामले में अब ट्रायल कोर्ट में मुकदमा चल रहा है। कानून और अदालतों से जुड़ी खबरों की वेबसाइट 'बार एंड बेंच' के मुताबिक बृजभूषण सिंह ने हाईकोर्ट से निचली अदालतों में चल रही कानूनी कार्यवाही को रद करने की गुहार लगाई है।

# मदरसे में छाप रहे थे नकली नोट मौलवी समेत चार गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सौ-सौ के 1 लाख 30 हजार रुपये मूल्य के नकली नोट बरामद

**अमृत विचार:** प्रयागराज के एक मदरसे से बुधवार को 100-100 के नकली नोट छपने की जानकारी मिलने पर स्थानीय पुलिस ने छापा मारा। इस दौरान प्रिंटिंग मशीन के साथ मौके पर 1 लाख 30 हजार की नकली करेंसी भी बरामद हुई। पुलिस ने मौके पर ही मौलवी समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक मास्टरमाइंड ओडिशा का रहने वाला है।

मामला मदरसा जामिया हबीबिया मस्जिदे आजम का है। यह शहर के अतरसुइया इलाके में है। डीसीपी दीपक भूकर ने बताया कि सिविल लाइन थाने की पुलिस को सूचना मिली थी कि मदरसे में संदिग्ध गतिविधियां चल रही हैं। चूंकि मामला मदरसे से जुड़ा मामला था, इसलिए पूरी सावधानी बरती गई। जब स्थिति साफ हुई कि वाकई में मदरसे में कुछ गलत हो रहा है, तब यहां रेड की गई। इस दौरान हमें वहां प्रिंटिंग मशीन में नोट छापते हुए तीन लोग मिले। पूछताछ में उन्होंने मदरसे के मौलवी मो.तफसीरुल आरिफीन की संलिप्तता स्वीकार की। इसके बाद उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया है। डीसीपी ने बताया कि ओडिशा का जाहिर खान गिरोह का मास्टरमाइंड है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वे सौ रुपये के एक असली नोट के बदले तीन नोट बेचते थे। मामले में पूछताछ अभी जारी है।

# चंपई सोरेन ने झामुमो और मंत्री पद से दिया इस्तीफा

नई दिल्ली, एजेंसी

- पार्टी अध्यक्ष को लिखा भावुक पत्र, कल भाजपा में होंगे शामिल

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने झारखंड मुक्ति मोर्चा से इस्तीफा दे दिया है। वे 30 अगस्त को भाजपा में शामिल होंगे। अपने इस्तीफे को एक्स पर पोस्ट करते हुए चंपई सोरेन ने लिखा कि वह पार्टी की वर्तमान कार्यशैली और नीतियों से व्यथित होकर यह कदम उठाने के लिए मजबूर हुए हैं।



चंपई सोरेन 30 अगस्त को भाजपा में शामिल होने वाले हैं। उन्होंने राज्य विधानसभा के सदस्य और झारखंड के मंत्री पद से भी इस्तीफा दे दिया है। चंपई सोरेन ने कहा कि आज मैंने झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्राथमिक सदस्यता और सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। मैं झारखंड के आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों और आम लोगों के मुद्दों पर लड़ाई जारी रखूंगा। पार्टी प्रमुख शिबू सोरेन को लिखे पत्र में चंपई सोरेन ने कहा कि झामुमो की वर्तमान कार्यशैली से व्यथित होकर उन्हें पद छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा।

# डीएमके सांसद पर ईडी ने लगाया 908 करोड़ का जुर्माना

**चेन्नई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को तमिलनाडु में द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री एस जगतरक्षकन पर विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत 908 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया।

संघीय एजेंसी ने एक बयान जारी कर कहा कि सितंबर 2020 में जब्त की गई 89.19 करोड़ रुपये की संपत्ति को 26 अगस्त को विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत जारी एक स्थगन आदेश के बाद जब्त कर लिया गया है। 76 वर्षीय जगतरक्षकण अरक्कोणम लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं।

# पशुओं की उम्र और सेहत का रिकॉर्ड रखेगी सरकार

## 1 सितंबर से 31 अक्टूबर तक हर साल होने वाली जनगणना की तर्ज पर चलेगा पशुगणना का देशव्यापी अभियान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 21वीं पशुगणना के लिए घर-घर जाएंगे पशुपालन विभाग के प्रतिनिधि

**अमृत विचार:** केंद्र सरकार पशुओं की उम्र, सेहत और हालात का रिकॉर्ड रखेगी। यह रिकॉर्ड पशुओं को लेकर भविष्य की योजनाएं, नीतियां तैयार करने का आधार बनेगा। दरअसल, हर दस साल पर होने वाली जनगणना की तर्ज पर देशभर में पशुगणना की तैयारी है। पशुओं की गणना हर पांच साल पर होती है, जिसे 1 सितंबर से शुरू किया जाना है। इस देशव्यापी अभियान के साथ उत्तर प्रदेश भी कदमताल करने तो तैयार है।



इस बार 21वीं पशुगणना होनी है, जो एंड्रॉयड एप के माध्यम से होगी। इसके लिए पशुपालन विभाग के प्रतिनिधि गांव-गांव, घर-घर जाएंगे। इस दौरान प्रति मालिक पशुओं की संख्या, नस्ल, उनकी उम्र और स्वास्थ्य ही नहीं रखने की परिस्थितियां भी सवाल का हिस्सा होगी। हालांकि इस रिकॉर्ड में गाय-बकरी के दुग्ध उत्पादन की गणित नहीं लगायी जाएगी। अभियान के तहत गाय, भैंस, घोड़ा, बकरी, बैल, गधा, खच्चर, कुत्ता, बिल्ली आदि की गिनती होनी है। गिनती से प्राप्त आंकड़े पशुधन के जरिए देश के आर्थिक विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायक बनेंगे। आंकड़ा देखें तो उत्तर प्रदेश में पूरे देश का सर्वाधिक पशुधन है। 2019 की पशु गणना के अनुसार राज्य में 190.20 लाख गोवंश, 330.17 लाख महिषवंश, 9.85 लाख भेड़, 144.80 लाख बकरी एवं 4.09 लाख सूकर है। यह संख्या साल 2019 में आयोजित 20वीं पशुगणना पर आधारित है, जिसमें पहली बार टैबलेट के माध्यम से डेटा जुटाया गया था। आंकड़े सीधे भारत सरकार के सर्वर पर अपलोड हुए थे। इस बार यह पहला मौका होगा जबकि गणना में सभी नस्लों की सटीक और समुचित पहचान के साथ गिनती होगी।

> देश में प्रथमवार पशुगणना वर्ष 1919 में की गई। इस कड़ी में अब तक कुल 20 पशुगणनाएं आयोजित की जा चुकी हैं। इस बार 31 दिसंबर तक पशुगणना में पशुओं के साथ ही मुर्गे-मुर्गियों की भी गिनती की जाएगी। गणना के साथ ही पशुओं के कान में टैग में लगाए जाएंगे। - **सतीश अग्रवाल**, उप निदेशक पशुधन गोवंश, उप्र.

> 21 वीं पशुगणना से पहले उत्तर प्रदेश के साथ-साथ मध्य प्रदेश और उत्तराखंड के कुल 175 पशुचिकित्साविदों, संख्याधिकारियों, नोडल अधिकारियों की ट्रेनिंग पिछले दिनों हुई है। पशुगणना के बाद मिले आकड़ों का विश्लेषण कर उसका उपयोग भविष्य की योजनाएं, नीतियां बनाने में होगा। - **डॉ. संजीव मिश्रा**, उप निदेशक पशुपालन विभाग, उप्र.

## एक नजर

### प्रभारी मंत्री आज जनपद भ्रमण पर

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांग जन सशक्तिकरण और जिले के प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप गुरुवार को दोपहर 12 बजे रिलायंस गेस्ट हाउस में पहुंचेंगे। 12 :30 बजे से 1 :15 बजे तक गेस्ट हाउस में जनप्रतिनिधियों, संगठनों के पदाधिकारियों, संयोजकों, दिव्यांगजन प्रकोष्ठ एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ भेंटवार्ता करेंगे। 1 :30 बजे से 3 :30 बजे तक विकास भवन सभागार में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक करेंगे। 3 :50 बजे से रुहेलखंड, मेडिकल कॉलेज बंथरा का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। तत्पश्चात 4 :20 बजे शाहजहांपुर से सर्किट हाउस जनपद बरेली के लिए रवाना हो जाएंगे।

### बीडीओ ने बैठक कर दिए आवश्यक निर्देश

**खुदागंज, अमृत विचार :** खंड विकास अधिकारी बृजेश कुमार मिश्रा ने बुधवार को ग्राम पंचायत अधिकारी व पंचायत सहायकों की बैठक कर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जन्म मृत्यु पंजीकरण से संबंधित व अन्य समस्याओं पर चर्चा की गई। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अपात्र लाभार्थियों के संबंध में 10 बिंदु नोट कराए गए, जो प्रधानमंत्री आवास हेतु अपात्र हैं। इस दौरान सहायक विकास अधिकारी पवन कुमार, अशोक कुमार गंगवार, अजीत सिंह, राजेश पाल, अभय अवस्थी, बृजेश कुमार, कुलदीप वर्मा, सतीश कुमार सहित बड़ी संख्या में सभी ग्राम पंचायतों के पंचायत सहायक मौजूद रहे।

### जूनियर बालक वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता स्थगित

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस 28 अगस्त को होने वाली जिला स्तरीय जूनियर बालक वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता का बरसात के कारण स्थगित कर दी गई है। जिला क्रीड़ा अधिकारी एसपी बमनिया ने बताया कि बुधवार को हुई बरसात के कारण मैदान में पानी भर जाने से प्रतियोगिता स्थगित की है, जो अब 30 अगस्त को सुबह नौ बजे स्पोर्ट्स स्टेडियम हथौड़ा में कराई जाएगी।

## स्वास्थ्य सुविधाओं का बुरा हाल, लोगों को नहीं मिल पा रहा इलाज, झोलाछाप व निजी डॉक्टरों से इलाज कराने को मजबूर

# करोड़ों की लागत से बने अस्पतालों को डॉक्टर का इंतजार, खंडहर हो रहे भवन

प्रदीप सिंह, कलान

**अमृत विचार :** क्षेत्र में स्वास्थ्य व्यवस्था का बुरा हाल है। करोड़ों रुपये की लागत से बनाए गए चार अस्पतालों को डॉक्टर का इंतजार है। सालों से इन अस्पतालों में डॉक्टर नहीं होने के कारण भवन खंडहर हो रहे हैं। क्षेत्र के लोगों को इलाज के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है लेकिन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी सब कुछ जानते हुए भी अंजान बने हुए हैं। जिससे क्षेत्र के लोगों में नाराजगी है।


प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की टूटी दीवार और उगी घास। ● अमृत विचार


विक्रमपुर गांव का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र। ● अमृत विचार

कलान तहसील क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के कारण व्यवस्था बेपटरी चल रही है। सरकार भले ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने का दावा कर रही है लेकिन कटरी क्षेत्र में लोगों को सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं का कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। कहने के लिए तो तहसील क्षेत्र में चार अस्पताल है। परौर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बना हुआ है लेकिन यहां पर किसी भी चिकित्सक की तैनाती नहीं है। जिस कारण अस्पताल लोगों के लिए बेकार साबित हो रहा है। विक्रमपुर गांव में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कई वर्ष पूर्व हुआ था। जब निर्माण हुआ तो लोगों को उम्मीद जगी कि इस पिछड़े क्षेत्र के लोगों को अब बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी लेकिन यहां सपना, सपना बनकर ही रह गया। लोगों को कोई भी इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसकी वजह है कि भवन बनाने के बाद विभाग डॉक्टरों की तैनाती करना भूल गया। वहीं क्षेत्र के शेरपुर कुरिंया गांव में भी सरकार ने करोड़ों रुपये खर्च करके प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन बनवाया। इस भवन को बने हुए भी 10 साल से अधिक का समय बीत चुका है लेकिन डॉक्टर का इंतजार आज भी है। डॉक्टर नहीं होने के कारण भवन धीरे-धीरे खंडहर हो रहा है और अनावश्यक लोगों का अस्पताल में जमावड़ा रहता है। अस्पताल परिसर जानवरों का अड्डा बन चुका है।

### अस्पताल की ओर ही नहीं आते लोग

ढाई गांव में भी इसी तरह से सरकार ने करोड़ों रुपये की लागत लगाकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन तैयार कराया था इस भवन को बने हुए भी 10 साल से अधिक का समय बीत चुका है लेकिन डॉक्टर की तैनाती नहीं होने के कारण अस्पताल शो पीस बना हुआ है। अब तो लोगों ने अस्पताल की ओर जाना भी छोड़ दिया है क्योंकि लोगों को पता है कि डॉक्टर नहीं हैं। क्षेत्र में चार-चार अस्पताल बिना डॉक्टर के लेकिन कोई देखने सुनने वाला नहीं है। डॉक्टरों की कमी होने के कारण क्षेत्र के लोगों को बेहतर इलाज नहीं मिल रहा है और वह इलाज करने के लिए शहरों की ओर जाने को मजबूर हैं।

स्वास्थ्य केंद्रों पर खाली पदों को भरने के लिए उच्चाधिकारियों से कई बार पत्राचार किया जा चुका है, आश्वासन मिला है कि रिक्त पदों को जल्द भरा जाएगा।- डॉक्टर दिनेश सिंह, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र

# शिक्षक नदारद... कीरतपुर स्कूल की छत से लटक कर स्टंट कर रहे थे बच्चे

## वीडियो वायरल होने के बाद बीएसए ने लिया संज्ञान, मुख्यमंत्री को किया था टैग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- अनुपस्थित प्रधानाध्यापक और शिक्षामित्र का वेतन रोका
- सिंधौली के कीरतपुर प्राथमिक स्कूल का मामला

**अमृत विचार :** परिषदीय स्कूलों में शिक्षा और बच्चों की दशा भगवान भरोसे नजर आ रही है। ऐसा इसलिए क्योकि कुछ शिक्षकों की वजह से पूरा विभाग शर्मसार हो रहा है, इसके बावजूद मनमानी पर उतारू कुछ शिक्षक अपना रवैया बदलने को तैयार नहीं हैं।

बुधवार को सिंधौली के प्राथमिक विद्यालय में कुछ बच्चों का बिना चारदीवारी की छत पर स्टंट करते वीडियो वायरल होने के बाद उच्च स्तर तक हड़कंप मच गया। आनन फानन की गई जांच के बाद घोर लापरवाही मिलने के बाद प्रधानाध्यापक और शिक्षामित्र पर कार्रवाई की गई।

बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में सिंधौली के प्राथमिक विद्यालय कीरतपुर के कुछ बच्चे दोपहर को करीब 12 बजे स्कूल की छत पर मस्ती करते दिख रहे थे। बिना दीवार की असुरक्षित छत से एक-दो बच्चे छज्जे पर कूद कर नीचे लटक कर पता नहीं कौन सा खेल दिखाकर स्टंट कर रहे थे। बच्चों के स्टंट वाला वीडियो शिक्षा अधिकारियों के साथ डीएम और मुख्यमंत्री को भी टैग किया गया था। इस पर बीएसए दिव्या गुप्ता ने संज्ञान लेते हुए क्षेत्रीय बीईओ केडी यादव को मौके पर जांच के लिए भेजा। बीईओ जब स्कूल में जांच के लिए पहुंचे तो देखा कि रसोइया स्कूल में बैठी हुई है और प्रधान अध्यापक एवं शिक्षामित्र अनुपस्थित हैं। बीएसए ने स्कूल में नियुक्त प्रधान अध्यापक और शिक्षामित्र पर फौरी कार्रवाई करते हुए एक माह का वेतन और मानदेय रोकते हुए स्पष्टीकरण मांगा है।

### तीन दिन के अंदर साक्ष्यों सहित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश

बीईओ की रिपोर्ट पर बीएसए ने प्राथमिक स्कूल कीरतपुर सिंधौली के प्रधान अध्यापक धर्मेंद्र कुमार मिश्रा और शिक्षामित्र विश्वनाथ को बिना किसी सूचना के विद्यालय से अनुपस्थित रहने और अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन न करने, विद्यालय का शैक्षिक स्तर खराब करने के आरोप में एक माह का वेतन/मानदेय अवरुद्ध करने के आदेश जारी किए हैं। साथ ही दोनों से तीन दिन के अंदर साक्ष्यों सहित अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।


स्कूल की छत पर चढ़े बच्चे। कुछ बच्चे छज्जे से लटक रहे हैं। ● अमृत विचार

### कुछ हो रहे सम्मानित तो कोई कर रहा शर्मसार

ऐसा नहीं है कि परिषदीय स्कूलों के सभी शिक्षक इस प्रकार की मनमानी कर रहे हों। अधिकांश शिक्षक-शिक्षिकाएं पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन भी कर रहे हैं, जिसको देखते हुए बीएसए द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री तक पहुंच गया वायरल वीडियो

मंगलवार को ही कलान क्षेत्र के दो स्कूलों के शिक्षक गंभीर अनियमितताओं में निलंबित किए गए थे कि बुधवार को सिंधौली क्षेत्र के एक प्राथमिक विद्यालय का मामला सोशल मीडिया पर वायरल हुआ कि वह मुख्यमंत्री तक पहुंच गया। नतीजतन बीएसए ने क्षेत्रीय खंड शिक्षा अधिकारी को तत्काल भेजकर जांच कराई। जांच में स्कूल में कोई शिक्षक मौजूद नहीं मिला।

## मेडिकल जांच के लिए रिश्वत मांगने का आरोप

**कलान, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव बगरखेत निवासी रानी पत्नी रामसरन ने पीएचसी प्रभारी डॉ. दिनेश सिंह को शिकायती पत्र देते हुए बताया है कि गांव में 21 अगस्त की रात झगड़ा हो गया था। जिसमें वह घायल हो गई थी। रात में ही वह स्वास्थ्य केंद्र आई।

आरोप है कि वहां मौजूद एक स्वास्थ्य कर्मी ने उससे पांच हजार रुपये की मांग की और कहा कि तुम्हारी ठीक-ठाक डॉक्टरी हो जाएगी। उसने कहा कि मेरे पास इतने रुपये नहीं हैं। मात्र तीन हजार रुपये हैं। स्वास्थ्य कर्मी ने रुपये लेकर कहा कि 22 अगस्त को सुबह दो हजार रुपये लेकर आना। उसने अगले दिन दो हजार रुपये भी दे दिए। इसके बाद उसका मेडिकल किया गया। उसने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी से सुविधा शुल्क वसूलने वाले स्वास्थ्य कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# रॉयन स्कूल में ऑगस्टिन फुटबाल टूर्नामेंट शुरू, पहले दिन हुए पांच मैच

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



- तीन दिवसीय टूर्नामेंट का हुआ रंगारंग आगाज, सीबीएसई स्कूलों की टीमों ने किया प्रतिभाग

**अमृत विचार :** रॉयन इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार से तीन दिवसीय ऑगस्टिन फुटबाल टूर्नामेंट का आगाज हो गया। टूर्नामेंट में सीबीएसई बोर्ड से संचालित कई स्कूलों की टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। उद्घाटन अवसर पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी।

टूर्नामेंट का पहला मैच मेजबान रॉयन स्कूल और दि रेनसा स्कूल के बीच खेला गया, जिसमें रायन की टीम 3-0 से विजयी रही। जबकि दूसरा मैच सुदामा पब्लिक स्कूल और एसएसएमवी के बीच खेला गया। यह मैच सुदामा स्कूल की टीम ने 2-0 जीता। इसी तरह तीसरे मैच में चंडी कांवेंट स्कूल ने मिलेनियम स्कूल को 2-0 से, चौथे मैच जयपुरिया स्कूल ने कैंब्रिज स्कूल को 3-0 से और पांचवें मैच में फर्टिलाइजर स्कूल ने चिल्ड्रंस एकेडमी को 3-0 से पराजित किया।

खेल समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में अजबापुर शुगर मिल के सहायक उपाध्यक्ष कृष्णानंद राय, रिलायंस पॉवर परियोजना के डायरेक्टर हृदय सिंह तोमर, जिला क्रीड़ा अधिकारी एसपी बमनिया, लोनी शुगर मिल के राजा श्रीवास्तव समेत प्रतिभागी स्कूलों के पलक सिंह, सत्येंद्र, महफूज खां, कृष सिंह, संजीव कुमार, जसकीरत सिंह, जावेद, कैप्टन अर्शदीप सिंह, प्रदीप कुमार, पंकज सक्सेना, प्रखर सविता, नीरज कुमार, रुद्र प्रताप सिंह समेत शिक्षक मौजूद रहे। प्रधानाचार्य वर्षा अग्रवाल ने विद्यालय परिवार की ओर से अतिथियों को पर्यावरण को संरक्षित रखने के ध्येय से हरे-भरे पौधे भेंट किए।

### एनसीसी कैडेट्स ने अतिथियों को दिया गार्ड ऑफ ऑनर

इससे पहले से छात्र संसद के अध्यक्ष अर्पित श्रीवास्तव तथा प्रधानमंत्री इकरा खान के नेतृत्व में एनसीसी कैडेट्स ने अतिथियों को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। ताहुरा नाजिर, अर्पिता सिंह, वैष्णवी सिंह ने ईश प्रार्थना की। इसी क्रम में बच्चों ने भक्ति गीतों पर मनोहारी नृत्य प्रस्तुत कर तालियां बटोरीं। कैप्टन अरबाज अली ने मशाल के साथ खेल मैदान का चक्कर लगाया।

# इंचार्ज का दो दिन और शिक्षक का एक दिन का वेतन रोका

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- कंपोजिट विद्यालय छेदा पट्टी के निरीक्षण में अनुपस्थित मिलने पर की गई विभागीय कार्रवाई

**अमृत विचार :** जिला समन्वयक मिड डे मील के निरीक्षण में स्कूल से अनुपस्थित मिले शिक्षकों और एमडीएम पंजिका अधूरी रखने के आरोप में दोषी शिक्षकों का अनुपस्थित दिनों का वेतन अवरुद्ध कर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

बीएसए दिव्या गुप्ता ने जारी आदेश में कहा है कि एमडीएम के डीसी द्वारा आठ अगस्त को विकासखंड जैतीपुर के कंपोजिट विद्यालय छेदा पट्टी का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के समय प्रार्थना सभा हो रही थी। सहायक अध्यापक जागेश्वर सिंह उपस्थित। जबकि इंचार्ज प्रधान अध्यापक सुरजीत कुमार सक्सेना सात और आठ अगस्त को व केशव कुमार मिश्रा आठ अगस्त को बिना किसी सूचना के अनुपस्थित थे। मिड-डे-मील पंजिका में दो से सात अगस्त तक भोजन बनाए जाने और भोजन ग्रहण करने वाले बच्चों की संख्या अंकित नहीं थी। ऐसा प्रतीत होता है कि इंचार्ज अध्यापक के द्वारा शासन की महत्वाकांक्षी योजना में रुचि नहीं ली जा रही है तथा मनमाने तरीके से कार्य किया जा रहा है।

इस पर बीएसए ने इंचार्ज प्रधान अध्यापक सुरजीत कुमार सक्सेना का सात और आठ अगस्त व केशव कुमार मिश्रा का आठ अगस्त का वेतन अवरुद्ध करते हुए निर्देशित किया है कि निरीक्षण आख्या में इंगित कमियों के संबंध में अपना स्पष्टीकरण एक सप्ताह के अंदर प्रस्तुत करें।

# बच्चों को नियमित स्कूल भेजें अभिभावक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जय बाबा कालसेन सेवा समिति और परिषदीय विद्यालयों के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को सेहरामऊ दक्षिणी में अभियान चलाकर स्कूल न आने वाले बच्चों के अभिभावकों से मुलाकात कर बच्चों को नियमित स्कूल भेजने का आग्रह किया गया। इस अभियान में पीएम श्री विद्यालय सेहरामऊ दक्षिणी का स्टाफ भी शामिल रहा।

समिति के सदस्यों और शिक्षकों ने स्कूल न आने वाले बच्चों को चिन्हित कर उनके घर जाकर अभिभावकों से मुलाकात की और उन्हें शिक्षा का महत्व समझाते हुए बच्चों को नियमित स्कूल भेजने को प्रेरित किया। प्रधान अध्यापक देवेश वाजपेयी ने अभिभावकों से आग्रह किया कि वह बच्चों को नियमित स्कूल भेंजे। बच्चे शिक्षित होकर ही अपना भविष्य उज्ज्वल बना सकते हैं। समिति के संरक्षक सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि इस प्रकार का अभियान 30 सितंबर तक चलाया जाएगा। अभियान में जगदेव शर्मा, मुकेश सिंह, धर्मेंद्र गुप्ता, देशराज गुप्ता, देशराज शर्मा, सचिन राठौर, चमन सक्सेना, सल्तनत नवेद, नाजिया, जेबा खान, तमहीद बेगम, सचिन तिवारी, सावित्री, रूबी मिश्रा, सुनाक्षी सिंह, विनय कुमार आदि शामिल रहे।


सेहरामऊ दक्षिणी में बच्चों को स्कूल भेजने के लिए अभिभावकों से आग्रह करते शिक्षक और समाजसेवी। ● अमृत विचार

- जय बाबा कालसेन सेवा समिति और परिषदीय विद्यालयों के संयुक्त तत्वावधान में चलाया अभियान

## गर्भवती महिलाओं और बच्चों का किया गया टीकाकरण


टीकाकरण करने के लिए स्कूल में कैंप लगाए बैठे स्वास्थ्य कर्मचारी।

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** परौर के मजरा गोलागंज में बुधवार को आयोजित टीकाकरण कार्यक्रम में चार गर्भवती समेत पांच बच्चों का टीकाकरण किया गया। इस दौरान निरीक्षण को पहुंचे कलान पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनेश सिंह, बीसीपीएम अमित श्रीवास्तव ने अधिक से अधिक टीकाकरण कराने की अपील की। एएनएम बबली ने बताया कि यह टीका पांच रोगों से बच्चों की सुरक्षा करता है। दोनों अधिकारियों ने गांव में घूम कर अन्य स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ग्राम वासियों से ली। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि परौर में अस्पताल रोज खुलता है। दवा की कलान व परौर चिकित्सालय में कोई कमी नहीं है।

खेलकूद | खेलकूद में रुचि नहीं ले रहे माध्यमिक कॉलेज, औपचारिकता निभाते नजर आ रहे जिम्मेदार

# जनपदीय थी बालिका कबड्डी प्रतियोगिता... जुटीं महज तीन टीमें

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** माध्यमिक कॉलेजों के जिला स्तरीय खेलकूद हमेशा की तरह एक बार फिर औपचारिकता निभाते नजर आने लगे हैं। बुधवार को महानगर के क्रिश्चियन गर्ल्स हाई स्कूल में आहूत जनपदीय बालिका कबड्डी प्रतियोगिता में महज तीन टीमें ही प्रतिभागी बनी, उसमें भी एक टीम मेजबान स्कूल की ही थी।

जिला स्तरीय बालिका कबड्डी प्रतियोगिता की दुर्दशा में रही-बची कसर बारिश ने पूरी कर दी। खिलाड़ियों से परिचय के बाद जैसे ही मैच शुरू हुए बरसात शुरू हो गई और नतीजा यह हुआ कि फाइनल मुकाबला होना भी दुश्वार हो गया और एक मैच के बाद ही प्रतियोगिता खत्म कर दी गई। फिलहाल दो सितंबर को बदायूं में होने वाली मंडलीय प्रतियोगिता के लिए उपलब्ध टीमों में से ही खिलाड़ी चुनकर जिला टीम घोषित कर दी गई। मजे की बात यह भी रही कि जिस श्याम लाल अंगनेलाल बालिका इंटर कॉलेज की टीम ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करना भी जरूरी नहीं समझा, वहीं की खेल शिक्षिका चारू पवार को मंडलीय प्रतियोगिता के लिए जूनियर वर्ग यानि अंडर-14 टीम का कोच नियुक्त कर दिया गया।


बालिका कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिद्वंदी को कब्जे में लेने का प्रयास करतीं खिलाड़ी। ● अमृत विचार

- जिस कॉलेज ने प्रतिभाग करना जरूरी नहीं समझा वहीं की शिक्षिका को बना दिया कोच

इससे पहले जनपदीय बालिका कबड्डी प्रतियोगिता का प्रारंभ मेजबान क्रिश्चियन गर्ल्स कॉलेज की प्रधानाचार्य अल्पना सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता में मेजबान स्कूल के अतिरिक्त आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज और राजकीय कन्या इंटर कॉलेज पुवायां की टीम ने ही प्रतिभाग किया। इस अवसर पर क्रीड़ा सचिव कैप्टन रामकुमार, रत्नेश शुक्ला, सचिन प्रेमी, अंग्रेज सिंह, चारू पवार, दीपशिखा, संगीता, सुभांगी, एकता, मीनाक्षी सक्सेना, अंजना कुमार, गंगाराम प्रेमी आदि मौजूद रहे।

जूनियर वर्ग की टीम के लिए चारू पवान को कोच और विनीता मिश्रा को टीम मैनेजर सीनियर टीम के लिए नवजोत सिंह कोच और दीपशिखा को टीम मैनेजर नियुक्त किया गया।

### विकास में बाधक हो सकती है खेल से दूरी

बच्चों को हमारा भविष्य कहा जाता है। और ये भविष्य तभी सुनहरा हो सकता है जब स्कूलों में बेहतर शैक्षिक वातारवण के साथ-साथ खेलों को भी जगह मिले। प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने से बच्चे का शारीरिक के साथ-साथ मानसिक विकास भी होता है। उसमें जूझते हुए जीत का जज्बा पैदा होता है।

सभी प्रधानाचार्य खेलों में रुचि लेते हुए छात्र-छात्राओं की टीमें भेजना सुनिश्चित करें। बच्चों को खेलों से दूर रखना उचित नहीं है।
- **हरिवंश कुमार**, डीआईओएस






शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई



गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# आधे घंटे की बारिश में जल भराव...खुली व्यवस्था की पोल

## महानगर में सड़कों के गड्ढों में भरा पानी, गिरकर चोटिल हुए लोग, बारिश से पहले की गई नगर निगम की तैयारियां हो गईं फेल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** आधे घंटे की बारिश ने नगर निगम की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। जरा सी बारिश ने सड़कों को पानी-पानी कर दिया। तमाम लोग सड़क के गड्ढों में गिरकर चोटिल हो गए। वर्षा से पहले नगर निगम के अधिकारियों की ओर से किए गए दावों की भी पोल खुल गई। बड़े-बड़े अधिकारियों के दावे पानी में बह गए। बरसात का पानी सड़कों पर उफान मार रहा था, जिसमें अधिकारियों के दावों की हकीकत दिखाई दे रही थी।

बुधवार को महानगर में बरसात हुई, जिससे शहर के नाले पानी से भर गए। जबकि शुरुआत से शहर भर के नाले साफ करने का दावा नगर निगम की ओर से किया गया था। निगम अधिकारियों के अनुसार नाला सफाई का काम हुआ पर बरसात का पानी सड़कों पर कुछ और ही सच्चाई बयां कर रहा है। बरसात का पानी कई चौराहे, रास्तों और बाजारों में भर गया। शहर के कई मुख्य मार्गों पर पानी भर गया। सड़कों पर भरे पानी में होकर वाहन गुजरने को मजबूर नजर आए। बरसात का पानी नालों के जरिए बाहर निकलता है पर यहां तो नाले की बैक मार गए, जिससे सड़कों और बाजार में पानी भर गया।

आश्चर्य की बात यह कि निगम अधिकारी अपने कार्यालय के पास ही जल भराव की स्थिति खत्म नहीं कर पा रहे हैं। बुधवार को भी आधे घंटे की बारिश में निगम चौराहे पर जल भराव हो गया। इसी तरह रोडवेज बस अड्डे के पास, गधियाने, टाउन हाल के कुछ क्षेत्रों सहित महानगर के तमाम हिस्सों में जल भराव हो गया।



नगर निगम के पास जल भराव के बीच गुजरती महिला। ● अमृत विचार



बारिश में भीगकर गुजरती बच्चियां। ● अमृत विचार



जल भराव के चलते व्यापारियों को भारी परेशानी होती है। पानी में भीगते हुए आवाजाही करनी होती है। नगर निगम को इस दिशा में ध्यान देना चाहिए। – विनीत अवस्थी।



हर बार बारिश में पानी निकासी के लिए नगर निगम विशेष प्रयास करता है, लेकिन जल भराव की समस्या आज भी बनी हुई है। इस दिशा में अधिकारियों को ध्यान देना चाहिए। – हनी सिंह।

वर्षाकाल शुरू होने से पहले ही नालों की सफाई करा दी गई थी ताकि जल भराव न हो। इसके बाद भी अगर जल भराव हो रहा है तो दिखवाया जाएगा। कारणों का पता लगाते हुए समस्या का समाधान किया जाएगा। – हरवंश दीक्षित, सफाई निरीक्षक।

### नहीं दिखाई दिए सड़कों के गड्ढे

महानगर में सीवर लाइन की खोदाई के चलते कई सड़कें खुदी हुई पड़ी हैं। जिसके चलते इनमें गड्ढे हो गए हैं और लोगों को लगातार परेशानी हो रही है। अब भी तमाम सड़कें धंसी हुई हैं। इनकी स्थिति में सुधार नहीं हो सका है। सड़कों में कई जगह गड्ढे भी हैं। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को बारिश के बाद तमाम लोग गड्ढों में गिरकर चोटिल हुए। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि पानी निकालने के लिए बनाए गए नाले अपना काम नहीं कर पाए। पानी निकासी ठीक से नहीं हो सकी। कुछ स्थानों पर ऐसा लगा मानो कि मानो नाले पानी बैक फेंक रहे हों।



रोडवेज बस अड्डे के पास हुए जल भराव से होकर गुजरता ट्रैक्टर। ● अमृत विचार

# नशीला समोसा खिलाकर ई-रिक्शा की बैट्रियां चुराई

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कलान थाना क्षेत्र के गोकुल नगला निवासी राधेश्याम ने बताया कि उसका पुत्र राघवेंद्र ई-रिक्शा चलाता है। 25 अगस्त को दिन में एक बजे वह कलान कस्बा के बाजार में ई-रिक्शा लिए खड़ा था। एक अज्ञात व्यक्ति उसके पास पहुंचा और कहा कि मिर्जापुर के गांव लक्ष्मणपुर से ट्रक का टायर लेकर आना है। 200 रुपये तय कर बेटा उसे ई-रिक्शा पर बैठाकर लेकर जा रहा था। अज्ञात व्यक्ति ने मुबारकपुर गांव के सामने ई-रिक्शा रुकवाया और उतरा। उसके बेटे को लाकर एक समोसा खिला दिया। कुछ देर बाद वह बेहोश हो गया। गांव के एक व्यक्ति ने फोन करके राधेश्याम को बताया कि राघवेंद्र सड़क के किनारे बेहोशी की हालत में पड़ा है। उसका आरोप है कि अज्ञात व्यक्ति उसके बेटे की जेब से 250 रुपये और ई-रिक्शा की पांच बैट्री चुराकर ले गया। मिर्जापुर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# भाजपा कार्यकर्ता को हड़काने में दरोगा लाइन हाजिर

● सांसद अरुण सागर के हस्तक्षेप के बाद हुई कार्रवाई

**पुवायां, अमृत विचार :** भाजपा कार्यकर्ता को बार-बार हड़काना दरोगा को भारी पड़ गया। सांसद अरुण सागर के हस्तक्षेप के बाद एसपी अशोक कुमार मीणा ने दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया।

हरना नगला गांव के विजय वर्मा के खिलाफ गांव की ही एक महिला ने मुकदमा लिखाया था। महिला की ओर से दिए गए समझौता पत्र के बाद मुकदमा खत्म हो गया। बाद में उसी महिला ने दोबारा कप्तान को प्रार्थना पत्र देकर विजय वर्मा के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट सहित कई धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करा दिया। इस दौरान विवेचना कर रहे दरोगा प्रमोद कुमार ने विजय वर्मा को कई बार अनावश्यक रूप से हड़काया। आरोप हैकि दरोगा ने उनसे कहा कि तुम्हारा जो मुकदमा खत्म हो गया है, उसे भी दोबारा शुरू करा देगा। विजय वर्मा ने मामले की शिकायत सांसद अरुण सागर से की। सांसद ने दरोगा से कानून के दायरे में रहकर काम करने के लिए कहा, लेकिन दरोगा फिर भी वर्दी का रौब दिखाते हुए धमकाता रहा। इस पर पीड़ित ने सांसद को आपबीती सुनाई। सांसद ने दरोगा की शिकायत एसपी से की। जिसके बाद एसपी ने दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया।

# खन्नौत में उतराता मिला विधवा का शव

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● भाई ने कहा, नदी में डूबकर कर ली आत्महत्या
● पति की बाढ़ के पानी में डूबकर हो गई थी मौत

**अमृत विचार :** पति की मौत से परेशान महिला रात में किसी समय घर से निकल गई। बुधवार सुबह उसका शव खन्नौत नदी में उतराता हुआ मिला। आशंका व्यक्त की जा रही है कि उसने नदी में छलांग लगा दी थी।

सदर बाजार क्षेत्र के गांव मऊ खालसा निवासी संजना(28) की शादी सुरजीत निवासी बाबूजई चौक कोतवाली में हुई थी। जुलाई में आई बाढ़ के समय उसके पति का शव बरेली मोड़ पर साउथ सिटी के पास नाले में उतराता हुआ मिला था। वह शराबी था और बरेली मोड़ पर बाढ़ देखने के लिए गया था। मंगलवार की रात वह बेटे को लेकर रिश्तेदारी में बिसरात रोड पर गई थी। संजना ने मंगलवार की रात नौ बजे खाना खाया और सोने चली गई। वह रात किसी समय घर से निकल गई। बुधवार की सुबह छह बजे रिश्तेदारों ने देखा कि वह कमरे में नहीं थी। उन्होंने उसके भाई आदित्य निवासी कांशीराम कॉलोनी को सूचना दी।

उसने बहन की तलाश शुरू कर दी। इधर सुबह नौ बजे लोगों ने रेहान स्कूल के सामने खन्नौत नदी में महिला का शव उतराता हुआ देखा। सूचना पर आदित्य पहुंचा। उसने शव की पहचान बहन संजना के रूप में की। उसने रामचंद्र मिशन थाना पर सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक सीपी शुक्ला ने शव निकलवाकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

### बहनोई की मौत के बाद उदास रहती थी बहन

मृतक के भाई ने बताया कि जीजा की मौत के बाद उसकी बहन काफी उदास रहती थी और चिंता में डूबी रहती थी। उसने कहा कि उसकी बहन ने नदी में डूबकर आत्महत्या कर ली है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि कोई तहरीर नहीं आई है।

### ड्यूटी के दौरान फॉलवर की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला पुलिस लाइन कॉलोनी निवासी सुरेश कुमार(51) पुलिस लाइन में मैस में फॉलवर था। मंगलवार की शाम डयूटी के दौरान उसकी तबीयत खराब हो गई। उसका बेटा अभिषेक उनको लेकर मेडिकल कॉलेज गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बताते है कि अचानक उसके सीने में दर्द उठा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

# चोरी की बाइक के साथ युवक को पकड़ा

**पुवायां, अमृत विचार :** तिलहर से चोरी की गई एक बाइक के साथ पुलिस ने एक आरोपी को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया।

मंगलवार देर रात पुवायां कोतवाल हरपाल सिंह बालियान को मुखबिर ने सूचना दी कि गांव बेलाछेदा रोड से पुवायां की तरफ आने वाले हाईवे पर एक व्यक्ति आ रहा है, जिसके पास चोरी की बाइक है। सूचना पर पुलिस ने बाइक चेकिंग शुरू कर दी। थोड़ी ही देर में रात लगभग पौने बारह बजे एक बाइक आई जिसे पुलिस ने रुकवाया। चालक से जब नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम अच्छन पुत्र नबी हसन निवासी ग्राम गदाई सांडा थाना बंडा बताया। पूछताछ में उसने बताया कि बाइक तिलहर से चोरी की गई है। पड़ताल की तो पता चला बाइक चोरी का मुकदमा तिलहर कोतवाली में दर्ज है।

# मुर्गी दाना व्यापारी के घर डकैती का खुलासा, तीन बदमाश गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर/ रौसर कोठी

● 20 जुलाई को बेटे की कनपटी पर तमंचा तानकर की थी वारदात
● पकड़े गए लोगों से लूटी गई नगदी जेवर बरामद, एक आरोपी फरार

**अमृत विचार :** शहर में मिश्रीपुर में मुर्गी दाना व्यापारी के घर पड़ी डकैती का रामचंद्र मिशन पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से लूटे गए एक लाख 20 हजार रुपये और जेवर बरामद किए है। जबकि एक आरोपी फरार है।

रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला मिश्रीपुर निवासी मुर्गी दाना व्यापारी लईक अहमद के घर 20 जुलाई को डकैतों ने तमंचे दिखाकर जमकर लूटपाट की थी। उसके बेटे की कनपटी पर तमंचा लगाकर लॉकर की चाबी मांग ली थी। बदमाशों ने व्यापारी के परिवार को एक कमरे में बंधक बना लिया था। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। एसपी ने घटना के खुलासे के लिए एसओजी और पुलिस टीमों को लगाया है। पुलिस कैमरे चेक किए थे। पुलिस की विवेचना में बदमाशों के नाम प्रकाश में आए थे। प्रभारी निरीक्षक सीपी शुक्ला ने प्रकाश में आए बदमाश नौशाद निवासी निसरजई थाना सदर बाजार, अनिल गुप्ता निवासी निसरजई थाना सदर बाजार, आदिल निवासी दिलाजाक थाना सदर बाजार को पथवारी मंदिर के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से एक तमंचा, एक कारतूस, सोने का पैंडल, एक जोड़ी सोने की झुमकी, एक सोने की अंगुठी और लूटे गए एक लाख 20 हजार रुपये बरामद किए है। पूछताछ के दौरान बदमाशों ने बताया कि योजना बनाकर लूट और चोरी की घटनाएं करते है। हरदोई बाईपास चौराहे पर आया जाया करते थे। कल्लू ने लईक के घर की रेकी की थी। गिरफ्तार आरोपी अनिल कुमार व आदित सात माह पूर्व डकैती की घटना में जेल से जमानत पर छूटकर आए थे।



पुलिस हिरासत में आरोपी।

## सार-संक्षेप

### कनिष्ठ लिपिक प्रदीप कुमार वर्मा व सचिव स्वतंत्रता सिंह निलंबित, दो पर कार्रवाई से विकास भवन में हड़कंप

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह ने बड़ा एक्शन लिया है। उन्हें मिल रही शिकायतों के बाद उन्होंने सचिव स्वतंत्रता सिंह व डीपीआरओ ऑफिस में तैनात कनिष्ठ लिपिक प्रदीप कुमार वर्मा को निलंबित कर दिया है। ग्राम विकास अधिकारी स्वतंत्रता सिंह द्वारा 2022 के प्रधानमंत्री आवास योजना के दो आवासों को पूर्ण न कराए जाने, जन्म प्रमाण पत्र समय से जारी न करने एवं 5वें व 15वें वित्त आयोग की धनराशि आदि कार्यों में रुचि न लिए जाने पर सीडीओ के निर्देशन पर डीडीओ पवन कुमार सिंह ने निलंबित करने की कार्रवाई की। वही डीपीआरओ ऑफिस में बीते मंगलवार को सीडीओ द्वारा निरीक्षण में तमाम खामियां व कमियां पकड़ी गई थी, जिसके बाद उनके निर्देश पर डीपीआरओ घनश्याम सागर ने कार्रवाई करते हुए कनिष्ठ लिपिक प्रदीप कुमार वर्मा को निलंबित कर दिया है। प्रदीप कुमार द्वारा पत्रावलियों का रख रखाव ठीक से न करने एवं फाइलों की पेंडिंग ज्यादा रखने पर कार्रवाई की गई है। विकास भवन में एक साथ दो कार्मिकों पर निलंबन की कार्रवाई के बाद अन्य विभागों में हड़कंप मच गया है।

### घर में घुसकर स्टेशन मास्टर को पीटा

**सेहरामऊ दक्षिणी/शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जौनपुर जिले के थाना इमली के गांव उधौचौकिया निवासी चंदन सिंह रेलवे में स्टेशन मास्टर के पद पर है। उनकी पोस्टिंग कहेलिया रेलवे स्टेशन पर है। वह वहां सरकारी आवास में रहते है। आकाश कुमार कहेलिया रेलवे स्टेशन पर कांटेवाला बी के पद पर तैनात है। सोमवार की रात साढ़े नौ बजे स्टेशन मास्टर चंदन सिंह अपने आवास पर थे। उनका आरोप है कि रेल कर्मचारी आकाश कुमार उनके आवास पर आया। छुट्टी निरस्तीकरण को लेकर आरोपी रेल कर्मचारी स्टेशन मास्टर को गाली देने लगा। उन्होंने उसे छुट्टी निरस्तीकरण का उचित कारण बताया और कहा कि दोबारा सही छुट्टी अप्लाई करने को कहा। आरोपी रेल कर्मचारी स्टेशन मास्टर से नाराज हो गया और गाली देते हुए उसे पीटकर घायल कर दिया। उसके शरीर में कई चोटें आई है। सेहरामऊ दक्षिणी एसओ रोहित सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### बटाई के गेहूं मांगने पर महात्मा पर जानलेवा हमला

**जलालाबाद, अमृत विचार :** गांव खखूड़ी निवासी महात्मा राजू दास ने पुलिस को सूचना देकर बताया कि उनके साथी महात्मा नरेश दास पर मंगलवार की रात गांव के ही कुछ लोगों ने लाठी डंडों से हमला कर पीट दिया। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी मौके से भाग गए थे। नरेश दास ने खेत को परिवार में ही 50 क्विंटल गेहूं देने की शर्त पर बंटाई पर दे रखा है। गेहूं तैयार हुए करीब 4 महीने बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक उन्हें गेहूं नहीं मिल सके हैं। मंगलवार की शाम महात्मा ने गेहूं मांगे तो आरोपियों ने हमला कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### एसपी ने सात उप निरीक्षकों के किए तबादले

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एसपी अशोक कुमार मीणा ने बधवार को सात उप निरीक्षकों के तबादले किए हैं। उप निरीक्षक देवेश कुमार का कांट से तिलहर, घनश्याम बहादुर का तिलहर से कांट, प्रमोद कुमार का खुटार से निगोही, मनोज कुमार का निगोही से उस्मान बाग चौकी, प्रवीण कुमार का पुलिस चौकी टिकरी से पुलिस लाइन, अशोक कुमार का पुलिस लाइन से खुटार, प्रमोद कुमार को पुवायां से पुलिस लाइन भेजा गया है।

### मोहन मुरादपुर टावर से डिवाइस चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**खुटार, अमृत विचार :** पूरनपुर स्टेट हाईवे स्थित गांव मोहन मुरादपुर हाईवे किनारे लगे इंडस टावर से सोमवार रात चोरों ने अजना नामक उपकरण (डिवाइस) चोरी कर लिया, जिससे नेटवर्किंग व्यवस्था गड़बड़ा गई । टेक्नीशियन ने रात में ही पहुंचकर दूसरी डिवाइस लगाकर व्यवस्था सुचारू की। टेक्नीशियन विजय शंकर अवस्थी ने थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

# ब्यूटी पार्लर गई युवती लापता

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** रामचंद्र मिशन क्षेत्र के मोहल्ला गड़ी गाड़ीपुरा निवासी रिफाकत ने बताया कि उसकी 22 वर्षीया पुत्री रिफा एक कॉलेज में बी कॉम के साथ-साथ ब्यूटी पार्लर पर भी काम करती है।वह 25 अगस्त को दिन में 10 बजे ब्यूटी पार्लर पर काम करने निकली थी। देर रात घर वापस नहीं आई तो उसका पता किया तो कहीं पता नहीं चला। उन्होंने पार्लर के मालिक से फोन पर संपर्क किया तो बताया कि रिफा ब्यूटी पार्लर नहीं आई थी। वह अपनी एक सहेली के घर मोहल्ला बिजलीपुरा में सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक रुकी थी। सहेली ने उसका दिल्ली का टिकट कराकर दिया था। इसके अलावा सहेली ने कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया। प्रभारी निरीक्षक सीपी शुक्ला ने बताया गुमशुदगी दर्ज कर ली गई और उसकी तलाश की जा रही है।

# रेलवे स्टेशन पर यात्री की संदिग्ध हालात में मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● हरिद्वार जा रहा था खुटार निवासी बृजकिशोर

**अमृत विचार :** एक व्यक्ति हरिद्वार जाने के लिए स्टेशन पर प्लेटफार्म चार पर बैठा हुआ था। तभी उसकी अचानक तबीयत खराब हो गई। जीआरपी ने उसे मेडिकल कॉलेज भेज दिया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

खुटार थाना क्षेत्र के मोहल्ला इंदिरानगर निवासी बृजकिशोर(48) हरिद्वार में काम करता है। उसके परिवार के अन्य लोग भी वहीं काम करते है। रक्षा बंधन पर हरिद्वार से घर आया था। मंगलवार की शाम सात बजे वह हरिद्वार जाने के लिए स्टेशन पर पहुंचा। प्लेटफार्म चार पर ट्रेन का इंतजार करने के दौरान उसकी तबीयत खराब होने पर वह प्लेटफार्म पर बेहोश हो गया। यात्रियों ने देखा कि एक यात्री बेहोशी की हालत में पड़ा तो स्टेशन मास्टर को सूचना दी। जीआरपी ने उसकी जेब की तलाशी ली तो आधार कार्ड निकला। जीआरपी ने उसे मेडिकल कॉलेज भेज दिया। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर परिवार वाले मेडिकल कॉलेज पहुंचे। परिवार वालों ने बताया कि वह बीमार रहता था। जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।



घर में शोकाकुल बैठे परिजन। ● अमृत विचार

# पति के दोस्त ने महिला से किया दुराचार, आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, खुटार

● आरोपी ने पीड़िता को दिया था शादी का झांसा
● वीडियो बना शुरू कर दिया ब्लैकमेल करना

**अमृत विचार :** अनबन होने पर पति ने महिला को छोड़ दिया। सहारा बनकर पति का दोस्त महिला के पास पहुंच गया और नजदीकियां बढ़ाते हुए शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। इस दौरान आरोपी ने महिला की वीडियो बना ली और उसे बार-बार बुलाते हुए ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। परेशान महिला ने मंगलवार को पुलिस को तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बुधवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

क्षेत्र के एक गांव में मायके में रह रही महिला का लखीमपुर खीरी के एक गांव में ससुराल है। उसने खुटार थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसके पति के दोस्त तिलहर के गांव रटा के रहने वाले अनूप का घर आना जाना था। वर्ष 2022 में घरेलू कलह के चलते उसका पति से विवाद हो गया था। इसके बाद पति ने उसे छोड़ दिया। इस दौरान आरोपी अनूप घर आने जाने लगे और पति के छोड़ देने की बात कहकर शादी करने का प्रलोभन देकर नजदीकी बढा ली। 10 मई 2022 को आरोपी अनूप ने उसके साथ दुष्कर्म किया और मोबाइल फोन से वीडियो बना ली। उसी दिन से आरोपी वीडियो दिखाकर ब्लैकमेल करने लगा। जिससे महिला काफी परेशान हो गई।

महिला ने आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। 27 अगस्त को पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली। बुधवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मां पंथवारी मंदिर के समीप आरोपी अनूप को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।



पुलिस हिरासत में आरोपी।

योजना — नगरायुक्त और ईओ संग बैठक में जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

# निकायों में सड़कों पर छुट्टा घूमते नजर न आएं गोवंश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● कहा- गोशालाओं में कराया जाए पशुओं का संरक्षण

**अमृत विचार :** डीएम उमेश प्रताप सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में नगर निगम व नगर निकायों के कार्यों की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने निराश्रित गोवंश को गोशाला में संरक्षण की समीक्षा करते हुए नगर आयुक्त व सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगर निगम और नगर निकायों में सरकारी जमीन चिन्हित कर अस्थाई गोशाला बनाकर और बनी गोशाला में क्षमता वृद्धि कर गोवंशों को संरक्षित करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि सरकारी जमीन चिन्हांकन एक सप्ताह में कर लिया जाए। सड़कों पर गोवंश छुट्टा घूमते नजर नहीं आना चाहिए। गोशाला में चारा, पानी, भूसा, छाया आदि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी नगर पालिका, नगर पंचायत में एक सप्ताह में अस्थाई गोशाला की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए। गोवंशों को सहभागिता योजना में लोगों को दिया जाए और दिए गए गोवंश पालकों को 50 रुपये प्रति गोवंश प्रतिदिन के हिसाब से भुगतान समय पर किया जाए।

उन्होंने कहा कि इन सभी कार्यों का संबंधित उप जिलाधिकारी निरीक्षण करेंगे। जिलाधिकारी ने 15वें वित्त आयोग एवं राज्य वित्त आयोग की ओर से नगर निकायों में कराया जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य गुणवत्तापूर्ण कराया जाए और कराए गए कार्यों का समिति की ओर से गुणवत्ता की जांच भी रैंडम तरीके से होती रहे। उधर, नगर पंचायत खुदागंज और बंडा की कार्य प्रगति ठीक न होने पर नोटिस देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र सहित नगर पालिका और पंचायत के ईओ मौजूद रहे।



अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह। ● अमृत विचार

### शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर रहे साफ-सफाई

जिलाधिकारी ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एंटी लार्वा, फॉगिंग आदि का छिड़काव नियमित होता रहे। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत सार्वजनिक स्थलों पर सामुदायिक शौचालयों का संचालन अच्छे ढंग से हो और जहां आवश्यकता हो वहां पर जमीन चिन्हित कर नए निर्माण भी कराया जाए।

# किशोरी से दुष्कर्म का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● गर्भवती होने पर परिजनों को हुई जानकारी
● पीड़िता के भाई की तहरीर पर दर्ज हुई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** कांट क्षेत्र के एक गांव की किशोरी से दो युवकों ने दुष्कर्म किया। तीन माह की गर्भवती होने पर आरोपियों ने परिजनों को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता के भाई की तहरीर पर कांट पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

किशोरी के भाई ने बताया कि मोनू व राना ने मिलकर उनकी नाबालिग बहन से दुष्कर्म किया था। तीन माह की गर्भवती होने पर आरोपियों ने किसी को बताने पर बहन को जान से मारने की धमकी दी थी। घटना पुरानी होने के चलते पुलिस ने आईपीसी की धारा में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश के लिए टीमें गठित कर दी थी। इंस्पेक्टर अश्वनी सिंह ने बताया कि मंगलवार को आरोपी मोनू को मिलकिया नहर की पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। उसका दूसरा साथी राना उर्फ राणा शादीशुदा है। दूसरे आरोपी को बुधवार को नहर कोठी के पास से गिरफ्तार का जेल भेज दिया गया।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर

डॉ. रजनी कांत साहू
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant- MAX HOSPITAL, DELHI
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
समय
प्रातः- 11 बजे से 3 बजे तक
सायं- 7 बजे से 9 बजे तक

सुविधायें
- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन।
- दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व ऑपरेशन।
- सिर दर्द (माईग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज।
- दिमाग के फोड़े का इलाज व ऑपरेशन।
- गर्दन (सर्वाईकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का ऑपरेशन।
- बच्चों के पीठ की गांठ का ऑपरेशन।
- अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज।

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सेन्टर
427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
पर्चा लगाने के लिए सम्पर्क करें-
7417389433, 7017678157

हर दर्द का इलाज करते हैं
डॉ. रूप किशोर
समय
प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
गठिया
फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010

प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
- उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
- सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
- सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी) 3 Years (इंटरमीडिएट)
GNM में एडमिशन पिछले सालों की तरह बिना प्रवेश परीक्षा के होंगे।
विशेष सुविधाएं
- मेडिक्लेम, बीमा योजना
- आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
- पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP), गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
- प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
- रसौली, बांझपन की जाँच
- बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
- मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
- सभी प्रकार की सर्जरी
- पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
- ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
- ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
- हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859491000

# छह घंटे में बुखार के 500 से ज्यादा मरीज

## जिला अस्पताल में सड़क तक लगी मरीजों की लाइन, वायरल और बुखार का प्रकोप

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिले में बुखार और वायरल का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। ग्रामीण इलाकों में फैली गंदगी और मच्छरों का प्रकोप लोगों को बुखार की चपेट में ले रहा है। सुबह आठ से दोपहर दो बजे तक अस्पताल में सैकड़ों मरीज लाइन में लगकर दवा ले रहे हैं। बुधवार को जिला अस्पताल में पांच सौ से अधिक बुखार और वायरल के मरीज अलग अलग ओपीडी में देखे गए। मरीजों की संख्या अधिक होने से अस्पताल के बाहर रोड तक पर्चा बनवाने वालों की लाइन लगी रही।

इस समय जिले में बुखार और वायरल का प्रकोप है। किसी गांव में स्वास्थ्य शिविर नही लगाए जा रहे हैं इससे बुखार पीड़ित मरीज सीधे जिला अस्पताल पहुंच रहे हैं। बुधवार को जिला अस्पताल में सुबह आठ बजे से पर्चा काउंटर पर मरीजों की लाइन लग गयी। सुबह दस बजे तक लाइन इतनी लंबी हो गयी कि मरीज अस्पताल के बाहर मेन रोड तक पहुंच गए। लाइन मे लगकर पर्चा बनवाने के बाद डॉक्टर के पास तक पहुंचने को फिर लाइन में लगना पड़ा। उसके बाद दवा लेने को तीसरी बार लाइन में लगना पड़ा।


पर्चा बनवाने को अस्पताल के बाहर रोड तक लाइन में लगे मरीज • अमृत विचार

- जिले में वायरल से बिगड़ रही मरीजों की हालत
- स्वास्थ्य विभाग बता रहा स्थिति सामान्य

मरीजों की संख्या को देख खुद चिकित्सक भी परेशान रहे। दोपहर तक कोई डॉक्टर ओपीडी से बाहर नहीं निकल पाया।

फिजीशियन डा.एसएम कमल ने बताया कि इस समय बुखार और वायरल है। अन्य कोई बीमारी पकड़ मे नहीं आ रही है। आज सुबह से दो सौ से अधिक मरीज देख चुके हैं फिर भी अभी तक लाइन कम नहीं हो रही है। बारिश के बाद हर साल वायरल और बुखार बढ़ता है करीब पांच सौ से अधिक मरीज आए जिससे अस्पताल भरा रहा।


मरीजों को देखते डा. एसएम कमल • अमृत विचार

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामेश्वर मिश्रा ने बताया कि इन दिनों में अक्सर ऐसी ही स्थिति बन जाती है। फिलहाल स्थिति सामान्य है। कुछ गांवों में स्वास्थ्य शिविर लगाए गए हैं। मलेरिया के मरीजों को उनके घर पर ही दवा दी जा रही है। हर दिन जांच की जा रही है। जांच में बुखार पीड़ितों को दवा दी जा रही है। साथ ही गांवों में सफाई कराने को ग्रामीणों को प्रेरित किया जा रहा है।

## सितंबर तक किसानों का 35 करोड़ बकाया दे यदु मिल

**बदायूं, अमृत विचार :** चीनी मिलों द्वारा गन्ना किसानों का भुगतान न करने पर गन्ना विभाग ने चीनी मिल प्रबंधन से सितंबर के अंत तक किसानों का पूरा भुगतान करने के निर्देश दिये हैं। जिले का गन्ना जिले की दो और दूसरे जिलों की चार मिलें खरीदती हैं। यहां की यदु शुगर मिल ने जिले का करीब 60 प्रतिशत गन्ना खरीदा है ।इसलिए सबसे अधिक बकाया भी यदु शुगर मिल पर रहता है। जिला गन्ना अधिकारी अशर्फी लाल ने बताया कि यदु शुगर मिल पर किसानों का करीब 35 करोड़ रुपये बकाया है। न्योली मिल पर आठ से दस करोड़ अन्य पर दो से तीन करोड़ बकाया है। शेखूपुर सहकारी चीनी मिल पर किसानों का कुछ भी बकाया नहीं है। बताया कि सितम्बर माह के अंतिम सप्ताह तक सभी मिलों से किसानों का शत प्रतिशत भुगतान करा दिया जाएगा।

## हाइड्रोलिक चन्द्रयान मॉडल बनाने पर सम्मान



**बदायूं, अमृत विचार :** राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के उपलक्ष्य में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में हुई मॉडल प्रतियोगिता में बदायूं निवासी सैय्यद अली तमीम को सम्मान मिला है। भू विज्ञान विभाग के छात्र सैयद तमीम अली ने हाइड्रोलिक चन्द्रयान का मॉडल बनाकर इंजेक्शन सिरिंज की सहायता से ऊर्जा उत्पन्न की। उनकी इस उपलब्धि पर अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर नईमा खातून ने प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया है। तमीम अली की इस उपलब्धि पर परिवार में हर्ष का माहौल है। उनके पिता सैयद तनवीर अली बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत हैं। माता फरोजा खातून उर्दू भाषा डिप्लोमा के केन्द्र की संचालिका हैं।

## नौ सफाई कर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी

**बदायूं, अमृत विचार :** गांवों में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के प्रति अफसर जाग गये हैं। कार्यालयों में तैनात सफाई कर्मियों की सबंद्धता खत्म करके उन्हें मूल तैनाती वाले स्थान पर भेज दिया है। कई लोगों ने आदेश का पालन नहीं किया है। ऐसे नौ लोगों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। पंचायती राज अधिकारी की तरफ से ब्लॉक जगत की ग्राम पंचायत त्रिलोकपुर कुसुम, रहमा के तरुण कुमार अनेजा, नरऊ बुजुर्ग के रोहिताश कुमार वर्मा, अनिल कुमार, ब्लॉक इस्लामनगर के गांव भुसाया में कार्यरत राजेश कुमार, अलीनगर के मुनीश कुमार, ब्लॉक बिसौली की ग्राम पंचायत बेहटा पाठक के शरद कुमार गुप्ता, कल्लिया काजमपुर के राम प्रकाश, ब्लॉक वजीरगंज की ग्राम पंचायत वनकोटा के सोनू कुमार को गांव में अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। विभाग में कुछ सफाई कर्मचारियों ने गांवों में तैनाती लेकर वहां खुद नहीं जाकर गांव के ही व्यक्ति को ढाई हजार रुपये महीने पर रख दिया गया है।कारण बताओ नोटिस की सूची में कुछ ऐसे भी सफाई कर्मचारी शामिल हैं।

## प्रतियोगी परीक्षा में साथ निभाएगी ई लाइब्रेरी

**बदायूं ,अमृत विचार :** विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी करने में सुविधा देने के उदेश्य से ई-लाइब्रेरी का पोर्टल प्रज्ञान लांच किया है। प्रज्ञान पोर्टल पर ई-पुस्तकों का विशाल संग्रह है। पोर्टल पर प्रतियोगी परीक्षाओं, उद्यमिता और स्टार्टअप, वीडियो लर्निंग सामग्री, केंद्रीय एवं जनपदीय सार्वजनिक पुस्तकालय का लाभ दिया जाएगा। ई-पुस्तकालय पर उपलब्ध किताबों का भी संग्रह रहेगा।, डीआईओएस डॉ प्रवेश कुमार ने बताया कि जिले में संचालित विद्यालयों को लिंक उपलब्ध करा दिया गया है। जिससे इन विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकें। जिले में 304 विद्यालय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संचालित होते है। इसमें 39 राजकीय, 45 सहायता प्राप्त व शेष मान्यता प्राप्त हैं। इनमें 25 हजार से अधिक बच्चे अध्ययनरत हैं। माध्यमिक स्कूलों में पंजीकृत विद्यार्थियों को लाइब्रेरी पोर्टल के जरिये शिक्षा ग्रहण करने की सुविधा मिलेगी। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में जुटे विद्यार्थी एप की मदद से ई-लाइब्रेरी में अपना एकाउंट बनाकर पाठ्यक्रम के अतिरिक्त अन्य किताबों के संग्रह को लोड कर सकेंगे।

## पात्रों के सर्वे को एजेंसी का होगा चयन



**बदायूं, अमृत विचार :** शासन की ओर से पीएम आवास योजना में नई नीति लागू की है। साथ ही छूटे पात्रों के नाम जोड़ने के लिए सर्वे कराने का आदेश दिया है। जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव में बुधवार को कलेक्ट्रेट में बैठक की। इस दौरान उन्होंने परियोजना निदेशक को 30 अगस्त तक सर्वे करने के लिए एजेंसी का चयन करने के आदेश दिए हैं। योजना के संचालन से अब तक ग्रामीण क्षेत्र के 41052 पात्रों को लाभ दिया गया है। डीएम ने परियोजना निदेशक बलराम कुमार ने डीएम को बताया कि वर्ष 2016-17 से अब तक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत 41052 लाभार्थियों को योजना का लाभ दिया जा चुका है। 500 आवासों को छोड़कर से शेष सभी आवास पूर्ण हो गए हैं।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर स्कूल में हुईं खेल प्रतियोगिताएं



**बदायूं,अमृत विचार :** मदर एथीना स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर दो दिवसीय स्पोर्ट्स मीट के पहले दिन बुधवार को प्रधानाचार्य द्वारा फीता काटकर खेलों का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर कक्षा 1 से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों को विविध खेलों को आयोजन किया गया। जिसमें कि सौ मीटर की दौड़, 200 मीटर की दौड़, फुटबॉल वॉलीबॉल, खो- खो -पुट, लॉंग जंप, हॉकी कबड्डी, आदि खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभाग कर विद्यार्थियों ने आज प्रथम दिन अपना बेहतर प्रदर्शन करते हुए फाइनल में अपना स्थान बनाया। जो कि गुरुवार को खेले जाएंगे।

## साप्ताहिक बंदी पर भी खुल रहे बाजार

**उझानी, अमृत विचार :** शहर में साप्ताहिक बंदी के दिन भी बाजार में दुकानें खोली जा रही हैं। इससे दुकानो में काम करने वाले कर्मचारियों को भी सातों दिन काम करना पड़ रहा है। नियमों के तहत सप्ताह में एक दिन बाजार बंद रखा जाना अनिवार्य है। कस्बे में बुधवार को साप्ताहिक बंदी का दिन तय है। लेकिन यहां पर हर दिन बाजार खुलता है। बंदी दिवस का पालन नहीं किया जा रहा है। शहर के स्टेशन रोड, घंटाघर, हलवाई चौक, बदायूं रोड, बिल्सी रोड में इक्का दुक्का दुकानों को छोड़कर सभी दुकानें खुली रहती हैं।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
1499/- ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- • घबराहट • छाती में दर्द या भारीपन • सांस फूलना • पैरों में सूजन • हाई ब्लडप्रेशर • हाई कोलेस्ट्रोल • डाइबिटीज (शुगर) • सीने या पेट में जलन या दर्द • हार्ट अटैक • हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक आँखों के अपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकोम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- • वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, • प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, • नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, • पीलिया का इलाज, • दिमागी बुखार, • मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

# दो बाइकों की भिड़ंत में बुजुर्ग समेत दो की मौत, एक गंभीर

## गांव मिर्जापुर अतिराज के पास बुधवार दोपहर हुआ हादसा

संवाददाता, म्याऊं/उसहैत

**अमृत विचार :** थाना उसहैत क्षेत्र के गांव मिर्जापुर अतिराज के चौराहे पर म्याऊं से उसहैत जाने वाले मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। हादसे में एक बुजुर्ग समेत दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। वहां हालत नाजुक बनी है।

उसहैत थाना क्षेत्र के गांव पदमपुर निवासी हरपाल (55) पुत्र शिव चरण बाइक से अपने गांव वापस लौट रहे थे। मिर्जापुर अतिराज के चौराहे के पास म्याऊं की ओर जा रहे मिर्जापुर बिचौला निवासी सर्वेश पुत्र रामपाल और सुनील पुत्र भगवंत की बाइक से सामने से टक्कर हो गई। हादसे में हरपाल बाइक के नीचे दब गए। मौके पर ही उनकी मौत हो गई जबकि सर्वेश और सुनील गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को म्याऊं के सामुदायिक केन्द्र पहुंचाया। वहां घायलों की हालत चिंताजनक देखकर डाक्टर ने उन्हें जिला अस्पताल भेज दिया। वहां चिकित्सक ने सुनील को भी मृत घोषित कर दिया। राहगीरों ने बताया कि भिडंत के बाद एक बाइक में अचानक आग लग गई थी। इससे बाइक अनियंत्रित होकर दूसरी बाइक से टकराई थी। क्षतिग्रस्त दोनों वाहनों को थाने पर खड़ा कराया गया है।


घायलों को ले जाने के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर मौजूद ग्रामीण।


सुनील का फाइल फोटो।


हादसे में क्षतिग्रस्त बाइकें।

# रात में हुई बारिश से बदला मौसम का मिजाज

**बदायूं, अमृत विचार:** पिछले कई दिनों से मौसम का मिजाज बदला नजर आ रहा है। कभी धूप कभी बारिश वाला वातावरण बना हुआ है। पिछले कुछ दिनों से खिल रही चटक धूप के चलते लोग उमस भरी गर्मी से परेशान थे। जिससे रात में हुई बारिश के बाद लोगों को राहत मिली। बुधवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मंगलवार की रात अचानक से मौसम में परिवर्तन शुरू हो गया। शाम से काली घटाएं छाने लगी थी। रात करीब एक बजे गरज चमक के साथ बारिश हुई। सुबह भी आसमान में काले बादलों डेरा बना रहा। दोपहर के समय हल्की बारिश हुई। बारिश बंद होने के बाद दिन भर बादलों का आवागमन जारी रहा। मौसम में हुए परिवर्तन से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। तापमान में भी दो डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज हुई। बुधवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री और न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। कृषि विभाग के अधिकारियों के अनुसार कुछ दिनों ऐसा ही मौसम बने रहने की संभावना है। हल्की और तेज बारिश हो सकती है।

# डीएम को स्कूल के निरीक्षण में मिली गंदगी, टूटा वॉश बेसिन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- विद्यालय में मिली अव्यवस्थाएं प्रधानाध्यापक को हटाने के निर्देश

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने बुधवार को ब्लॉक जगत के दो विद्यालयों का निरीक्षण किया। एक विद्यालय में बच्चे से सवाल भी पूछे जिसे बच्चे से सटीक जवाब दिये। डीएम को एक विद्यालय में गंदगी वाश बेसिन टूटा मिला। उन्होंने प्रधानाध्यापक को हटाने के निर्देश बीएसए को दिये हैं।

डीएम निधि श्रीवास्तव बुधवार को प्राथमिक विद्यालय नरऊ बुजुर्ग पहुंची। यहां उन्हें सफाई व्यवस्था समुचित नहीं मिली। छात्र उपस्थिति का विवरण, अधिकारियों के पदनाम व संपर्क वाले नंबर की वाल पेंटिंग भी नहीं मिली। बर्तन गंदे पड़े थे, मध्यान्ह भोजन भी मानक अनुरूप नहीं बना था। डीएम ने प्रधानाध्यापक से आई कार्ड के बारे में पूछा, बताया कि वह घर पर भूल गई है। स्टाफ के आईडी कार्ड भी नहीं बने थे। वॉश बेसिन टूटा पडा था। पुस्तकालय का रजिस्टर भी नहीं बनाया गया था तथा हाउसहोल्ड सर्वे से संबंधित कार्य का विवरण भी उपलब्ध नहीं था। विद्यालय की इस अव्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए डीएम ने प्रधानाध्यापक को हटाने के आदेश दिए। जिलाधिकारी ने ब्लॉक जगत के प्राथमिक विद्यालय सिमरिया के निरीक्षण के दौरान वहां पाया कि साफ सफाई की व्यवस्था समुचित थी।

वॉश बेसिन ठीक नहीं था। उन्होंने बच्चे से प्रश्न भी पूछे जिसका सही जवाब दिया गया। डीएम ने गांव सिमरिया में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। वहां संचालित विलेज हेल्थ एण्ड न्यूट्रिशन डे (ग्रामीण स्वास्थ्य पोषण दिवस) पर ग्राम वासियों से वार्ता कर योजनाओं का लाभ लेने के लिए कहा।


बच्चे से सवाल करती डीएम निधि श्रीवास्तव।

## सार-संक्षेप

### डाकघर पर आधार कार्ड बनवाने को जुटी भीड़



**सहसवान, अमृत विचार :** नगर में आधार कार्ड बनवाने को लेकर जनता भटक रही है जो नगर में मात्र एक ही जगह आधार कार्ड बनाये जा रहे है। एक दिन में मात्र 20 से 30 आधार कार्ड ही बनाए जाते हैं। बुधवार को आयी भीड़ के कारण कर्मचारी परेशान हो गये। धक्का मुक्की होने पर पुलिस बुलानी पड़ी। बाजार विल्सन गंज स्थित पोस्ट ऑफिस पर आधार कार्ड बनवाने व संशोधित कराने को लेकर भीड़ टूट पड़ी जिससे पोस्ट ऑफिस कर्मचारियों के हाथ पैर फूल गए और उन्हें मजबूरन पुलिस बुलानी पड़ी, पोस्ट ऑफिस पर चीता पुलिस ने पहुंचकर भीड़ को तितर-बितर किया। तब कहीं जाकर पोस्ट ऑफिस कर्मचारियों ने राहत की सांस लीपोस्ट ऑफिस में आधार कार्ड का कार्य कर रहे कर्मचारी का कहना है पिछले कुछ दिन से प्रिंटर मशीन खराब होने के कारण आधार कार्ड का काम नहीं हो पा रहा था। अब वह पुन: शुरू हो गया है और हमारे यहां पोस्ट ऑफिस में टोकन सिस्टम के आधार पर आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं। आज 700 टोकन बांटे हैं जिसमें अगले 10 अक्टूबर तक की तारीख दी गई है।

### विधिक साक्षरता शिविर में बच्चों को समझाया शिक्षा का महत्व

**बिल्सी, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव खंडुआ के मजरा बसंत नगर के प्राथमिक स्कूल में बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को शिक्षा के महत्व को विस्तार से समझाया गया। पीएलवी सपना रानी ने बच्चों को बताया कि बच्चों को शारीरिक दंड देना और प्रताड़ित करना मना है। भारत शिक्षा का मौलिक मौलिक अधिकार घोषित करने वाला विश्व का 135 वां देश है। इसके अलावा बच्चों को कुछ नैतिक बातों को भी समझाया गया। इस मौके पर विनीत कुमार, राम भारद्वाज, लालाराम, अखिलेश कुमारी, अनार कली आदि मौजूद रहे।

### बेहटा गोसाई में निकाली गयी श्रीकृष्ण पालकी शोभायात्रा

**बेहटा गोसाई, अमृत विचार :** बेहटा गोसाई में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मेले में शोभा यात्रा का इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने फीता काट कर शुभारंभ किया। उसके बाद धूमधाम से श्री कृष्ण पालकी शोभायात्रा निकाली गयी। श्रीकृष्ण पालकी शोभायात्रा में मां काली का अखाड़ा, हनुमान जी, राधा कृष्ण की झांकी, शिव पार्वती, भारत माता की झांकी, के साथ अन्य तमाम झांकियां निकाली गयीं। नगर भ्रमण के बाद यह मेला ग्राउंड में समाप्त हो गई। शोभायात्रा में कृष्ण गोपाल गुप्ता, भजनलाल गुप्ता, राजेश गुप्ता, कन्हैया वार्ष्णेय, कपिल गुप्ता, यशपाल राजू, मुकेश गुप्ता, प्रमोद, बालकृष्ण, जयकृष्ण, पुलकित, विकास, अंकित, प्रदीप पुरी आदि रहे।

### कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता शाहिद अली का निधन

**बदायूं, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ल्ला नई सराय के वार्ड 27 निवासी कांग्रेस के पुराने कार्यकर्ता शाहिद अली उर्फ पप्पू बेकरी वाले का इलाज के दौरान बरेली के अस्पताल में निधन हो गया। परिजनों ने बताया कि वह काफी समय से बीमार चल रहे थे और बरेली के अस्पताल में इलाज चल रहा था।

# प्लाट के बैनामा में धोखाधड़ी, दो सभासदों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- मोहल्ला सोथा निवासी जफर आलम ने सीएम पोर्टल पर की थी शिकायत

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री से शिकायत करने के बाद शहर के दो सभासदों के खिलाफ सदर कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी, विश्वास का हनन, कूटरचना, धमकाने आदि की रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़ित ने दोनों सभासदों पर सर्किल रेट से कम कीमत पर प्लाट का बैनामा कराने और चेक न देने का आरोप लगाया था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

शहर के मोहल्ला सोथा निवासी जफर आलम ने पुलिस को मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करके बताया कि वह अपना इलाज करा रहे हैं। बीमारी में आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा। बताया कि उन्होंने अपने भाई मोहल्ला नाहर खां सराय निवासी नावेद आलम के नाम से 150.87 वर्ग मीटर के प्लाट की पॉवर ऑफ अटार्नी कराई थी। आरोप है कि सभासद मोहम्मद नईम पुत्र मोहम्मद मियां और मोहल्ला फरशोरी टोला निवासी फिरोज खान उर्फ पम्मी पुत्र मेहताब खान ने उसपर दवाब बनाकर 18 नवंबर 2023 को प्लाट का बैनामा करा दिया। बताया कि सर्किल रेट के हिसाब से जमीन की कीमत लगभग 69 लाख रुपये होती है लेकिन बैनामा 24 लाख में कर लिया। बैनामा के दौरान जफर आलम मौजूद नहीं थे। इस राशि का चेक देने की बात हुई थी लेकिन वह चेक भी नहीं दिया गया। बार-बार मांगने के बाद भी उन्हें चेक नहीं दिया गया। बाद में दोनों ने चेक देने से इंकार कर दिया। आरोप है कि दोनों सभासदों ने कागजात में हेराफेरी की है। धमकाया कि अब चेक नहीं मिलेगा अगर रिपोर्ट दर्ज कराई तो केस का खर्च भी उन्हें ही वहन करना होगा। सदर कोतवाली में दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। सदर कोतवाली आरबी सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# वैध पट्टाधारक को मिले अफीम की खेती की अनुमति

**बदायूं, अमृत विचार:** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने बुधवार को एन कोड (नारकोटिक्स) की बैठक ली। इस दौरान उनके द्वारा अधिकारियों को आदेश दिया कि जिले में वैध पट्टा धारक को ही अफीम की खेती के लिए अनुमति दी जाए। डीएम ने कहा कि अफीम की अवैध खेती जनपद में न हो। अधिकारी अपना सूचना तंत्र बढ़ाते हुए क्षेत्र का भ्रमण करें। इस दौरान उनके द्वारा विद्यालयों में चाइल्ड प्रहरी क्लब बनाने के लिए कहा गया। ड्रग विभाग को मेडिकल स्टोर पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का आदेश दिया। आबकारी अधिकारी ने बताया कि 4000 लीटर अवैध शराब पकड़ी गई 38 लोगों को जेल भेजा गया है।

# शिक्षक का बीमारी से निधन, शिक्षिका के पुत्र की ब्रेन हेमरेज से मौत

**बिल्सी, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला संख्या दो की साहूकारा कॉलोनी निवासी एवं गांव नरैनी स्थित प्राथमिक स्कूल में तैनात शिक्षिका प्रगति बाला वार्ष्णेय के युवा पुत्र की मंगलवार की रात बुलंदशहर में ब्रेन हेमरेज से मौत हो गई। जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। हर्षित वार्ष्णेय (25) दो दिन पहले अपने दोस्त के यहां गाजियाबाद के लिए गया था। वहां से जन्मदिन की पार्टी के बाद वह वापस बिल्सी आ रहा था। तभी रास्ते में बुलंदशहर के पास उसकी तबीयत बिगड़ गई। यहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। दोस्तों ने इसकी सूचना उसके परिवार के लोगों को दी। जिसके बाद परिवार के लोग बुधवार की सुबह बुलंदशहर पहुंच गए। उधर मुजरिया में बिमारी से शिक्षक का निधन हो गया। विकास क्षेत्र सहसवान क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय समसपुर बल्लू में तैनात शिक्षक रूप किशोर माहेश्वरी का बीमारी के चलते निधन हो गया। वह बिल्सी निवासी थे। शिक्षक की मौत पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने शोक व्यक्त किया है। पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। शिक्षक संघ के राजन यादव, नरेंद्र सिंह, परवेज अनवर, अशोक यादव, निमिष माहेश्वरी, अजयपाल, भूपेंद्र शर्मा, अनीस उद्दीन आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।


**AIRCOL MULTI SERVICES & TOTAL SOLUTIONS PVT. LTD.**
Near Balaji Gym Lalfatak Budaun Road, Bareilly (U.P)- 243001
Mob.: 8006051051/7252999309 CARE@AIRCOL.IN/SUPPORT@AIRCOL.IN
GSTIN: 09AAVCA4744K1ZZ , PAN NO : AAVCA4744K | WEBSITE VISIT : WWW.AIRCOL.IN
BEST PRICE & BEST SERVICE

| | NEW FIRM OFFER | |
|---|---|---|
| 1- | PROPRIETORSHIP FIRM REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 2- | (ALL TYPE FIRM) GST REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 3- | GST RETURN MONTHLY FEES. | 499/- |
| | OLD FIRM OFFER | |
| 4- | OLD PROPRIETORSHIP FIRM 12 MONTH GST RETURN FEES ONLY. | 1499/- |
| 5- | ITR FILE ONLY. | 499/- |

ALL TYPE FIRM AND COMPANY TOTAL COMPLIANCE AND GST RETURN, PLEASE CALL AND MAIL, WHATSAPP 24×7 AVAILABLE


# श्री राम कथा में सुनाया पुत्र वियोग में दशरथ की मौत का प्रसंग

**वजीरगंज, अमृत विचार :** श्री वार्ष्णेय धर्मशाला में चल रही श्रीराम कथा में स्वामी जी महाराज ने दशरथ मरण की कथा का प्रसंग सुनाया। बुधवार को रामानुज स्वामी रामचंद्राचार्य महाराज ने अयोध्या कांड का वृतांत सुनाया। कहा कि प्रभु राम 14 वर्ष वनवास को चले गए, इसी अवधि में उनके पिता का पुत्र वियोग में स्वर्गवास हो गया। कैकई अपने पुत्र को ननिहाल से बुलाती है और उसका राज्याभिषेक करना चाहती है, जिस पर भरत अपनी माता को भला बुरा सुनाते हैं। मंत्रियों और गुरुदेव की मदद से भरत, राम से मिलने की बात कहते हैं जिस पर सभी माताएं, मंत्री सहित भरत जी सेना लेकर उनसे मिलने जाते हैं। गुरूवार को अंतिम दिन श्रोताओं को भरत मिलाप की कथा का रसपान कराएंगे। इस मौके पर प्रभाकर मिश्र, मुरली मनोहर गुप्ता, रवि वार्ष्णेय, सतीश वार्ष्णेय, राजीव कुमार जैकी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# पानी पीने गये युवक की करंट से मौत

संवाददाता, ककराला

- बुधवार शाम फ्रीजर से पानी पीने गया था चौकी पर तैनात प्राइवेट सफाईकर्मी

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद की ओर से लगाए गए फ्रीजर पर पानी पीने गए युवक को करंट लग गया। वह जमीन पर गिरकर बेसुध हो गया। परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

थाना अलापुर क्षेत्र के कस्बा ककराला के वार्ड एक की वाल्मीकि बस्ती में वाल्मीकि मंदिर के पास नगर पालिका की ओर से फ्रीजर लगवाया गया है। बस्ती में रहने वाले व पुलिस चौकी पर तैनात प्राइवेट सफाइकर्मी अरुण (25) पुत्र गिरीश को बुधवार शाम लगभग पांच बजे पानी पीने के लिए फ्रीजर पर चले गए। फ्रीजर में करंट आ रहा था। अरुण ने फ्रीजर की टंकी को छुआ तो उन्हें करंट लग गया। वह जमीन पर गिर गया। जिससे उनका सिर फट गया। लोगों की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। युवक को जिला अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने अरुण को मृत घोषित कर दिया।


करंट से युवक की मौत के बाद विलाप करतीं परिजन। • अमृत विचार

### गल्ला व्यापारी की बाइक चोरी

**बिल्सी, अमृत विचार :** नगर बिल्सी के मुख्य बाजार में रहने वाले एक गल्ला व्यापारी की बाइक को चोर चुरा ले गए। जिसकी सूचना थाना पुलिस को दी गई है। नगर के मोहल्ला संख्या छह मुख्य बाजार में रहने वाले गल्ला व्यापारी गौरव वाष्र्णेय पुत्र गणेश बाबू ने बताया कि सोमवार की रात उन्होने अपनी बाइक को घर के बाहर लॉक करके खड़ा की थी। करीब साढ़े दस बजे चोर बाइक को चुराकर ले गए। उक्त घटना उनके सीसीटीवी में कैद हो गई है। उन्होने इसकी सूचना थाना पुलिस को दी है। जिसके बाद पुलिस इसकी जांच में जुट गई है। वहीं नगर में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

# उसावां में बन सकता है बस अड्डा, टीम ने किया मुआयना

संवाददाता, उसावां

- दातागंज विधायक और नगर पंचायत चेयरमैन ने परिवहन मंत्री से की थी मांग
- एआरएम ने नगर पंचायत को सौंपा 12 बिंदुओं पर आधारित पत्र, मांगी जानकारी

**अमृत विचार :** उसावां में बस अड्डा बनने की उम्मीद जागी है। विधायक और नगर पंचायत अध्यक्ष की मांग को मंजूर करने के बाद परिवहन निगम के एआरएम ने बुधवार को बस अड्डे के लिए नगर पंचायत द्वारा बताई गई जमीन का निरीक्षण किया। यह रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। जिसके बाद तय होगा कि वह जमीन बस अड्डा बनवाने के लिए उपयुक्त है या नहीं।

नगर पंचायत उसावां की अध्यक्ष प्रियंका ने परिवहन विभाग के मंत्री को 24 फरवरी को पत्र भेजा था। जिसमें नगर पंचायत उसावां में रोडवज बस के लिए बस अड्डा बनवाने की मांग की गई थी। कहा था कि बस अड्डा बनने से लोगों की यातायात संबंधी परेशानी दूर हो जाएंगी। दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह उर्फ बब्बू भैया ने भी इस बाबत राज्यमंत्री से बात की थी। राज्यमंत्री ने परिवहन निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया। जिसके चलते टीम बस अड्डा के लिए जमीन चिंह्नित करने बुधवार को उसावां पहुंची। यहां चेयरमैन प्रतिनिधि अरुल प्रताप उर्फ भोले, धर्मेंद्र सिंह चौहान ने टीम को वार्ड 10 में दुर्गा माता मंदिर के पास वाली जमीन दिखाई। टीम ने बताया कि बस अड्डा बनवाने के मानक निर्धारित हैं। जिसके अनुसार वह स्थान राष्ट्रीयकृत मार्ग पर होना आवश्यक है। वह जिला या नगर स्तरीय स्थान होना चाहिए।

नगर की जनसंख्या कम से कम 75 हजार होना जरूरी है। 8 एकड़ जमीन चाहिए। 3 एकड़ में बस स्टेशन और कार्यालय व 5 एकड़ में कार्यशाला बनेगी। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक की ओर से 12 बिंदुओं पर जानकारी मांगी गई है। जांच करने पहुंची टीम में सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक अजय कुमार सिंह के अलावा स्टेशन इंचार्ज असद कदीर, टीआई सलमान खान, टीआई राजेश कुमार शर्मा रहे। एआरएम ने बताया कि मौके पर पहुंचकर जमीन देखी थी। सूचना मांगी गई है। जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।


उसावां में बस अड्डा के लिए जमीन देखते परिवहन निगम के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक अजय कुमार सिंह। • अमृत विचार


# गट्टूमल परिवार द्वारा आवश्यक विधिक सूचना

हम गट्टूमल परिवार जो जिला बरेली में पिछले 200 वर्षों से अनवरत आयुर्वेदिक औषधि आदि निर्माण एवं विक्रय आदि करते चले आ रहे हैं जिसका कुछ धोखेबाज व्यवसाइयों द्वारा आम जन को 'गट्टूमल' के सुप्रसिद्ध नाम का बिना किसी विधिक व वैध अधिकारिता व पंजीकरण के उपयोग कर धोखा दिया जा रहा है। मिलते जुलते नाम से व्यपार किया जाना तथा आम जन के साथ धोखाधड़ी किया जाना कॉपीराइट एक्ट के अंतर्गत व अन्य सिविल व अपराधिक कानूनों के तहत विधिक अपराध है जिसके विरुद्ध हमारे द्वारा व्यापक विधिक कार्यवाहियों किए जाने हेतु उन सभी व्यवसायियों को इस सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रसारित होने से 7 दिन बाद यदि कोई व्यक्ति या फर्म हमारे नाम ''गट्टूमल'' का दुरुपयोग करता पाया गया तो इसके विरुद्ध कृत समस्त प्रकार की विधिक कार्यवाहियों के लिए वह स्वयं उत्तरदायी होगा। आम जन को भी सूचित किया जाता है कि हमारी सभी वैध व पंजीकृत फर्मों की सूची निम्न है और इनके अलावा कोई अन्य व्यक्ति अथवा फर्म जो हमारे नाम ''गट्टूमल'' का उपयोग कर रही है वह पूर्णत: गलत व फर्जी है।

**श्री गट्टूमल औषधालय**
शिवाजी मार्ग, बरेली।
प्रोपराइटर: श्री राजेन्द्र कुमार अग्रवाल
मो.: 9837549292

**गट्टूमल एंड कंपनी**
गली गट्टूमल, शिवाजी मार्ग, बरेली।
प्रोपराइटर: श्याम कुमार अग्रवाल
मो.: 9897079401

**लाला गट्टूमल ज्योति प्रसाद**
शिवाजी मार्ग, बरेली।
प्रोपराइटर: सुप्रिय अग्रवाल
मो.: 9412289254

**लाला गट्टूमल ब्रह्म प्रकाश**
शिवाजी मार्ग, बरेली।
प्रोपराइटर: आशु अग्रवाल
मो.: 9359100530

**लाला गट्टूमल राकेश कुमार**
शिवाजी मार्ग, बरेली।
प्रोपराइटर: राहुल अग्रवाल
मो.: 9897718302

ब्रांच: **लाला गट्टूमल राकेश कुमार एंड संस**
ट्यूलिप टॉवर, थाना इज्जत नगर के बराबर, बरेली।
प्रोपराइटर: राघव अग्रवाल
मो.: 9358678286

**लाला गट्टूमल शेखर अग्रवाल**
कुतुब खाना, सब्जी मंडी,
निकट चूड़ी वाली गली, बरेली।
प्रोपराइटर: शेखर अग्रवाल
मो.: 9837046835

**लाला गट्टूमल रचित कुमार**
दुर्गा चौक, निकट 84 घंटा मंदिर
बदायूं रोड, बरेली।
प्रोपराइटर: रचित गोयल
मो.: 9837118370, 9808222071

**लाला गट्टूमल राजकुमार**
शिवाजी मार्ग, बरेली।
प्रोपराइटर: श्री राजकुमार अग्रवाल
मो.: 7017442714, 9359102920

**गट्टूमल आयुर्वेदा जी.एम.फार्मेसी**
शिवाजी मार्ग, बरेली।
प्रोपराइटर: रवि गट्टूमल अग्रवाल
मो.: 7500052000, 9456812345

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ



डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली
मिलने का समय
सोमवार-बुधवार पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक
गुरूवार-शनिवार दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
• हिस्टीरिया, मिर्गी
• सिर दर्द, माइग्रेन
• डिप्रेशन, घबराहट
• स्किजोफ्रेनिया, उन्माद
• नशे की आदत
• डिमोशिया
• याद्दाश्त कम होना
• बच्चों में चंचलता
• पागलपन बुदबुदाना
• बिस्तर गीला करना
• बेवजह शक करना
• नींद न आना
दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।



संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ.आर.एस. सिंह
B.A.M.S.(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
25 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Treadmark Clinic
पतले-दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री-पुरुष मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।



चिकित्सा जानकारी
● भूख न लगना ● अपच ● कब्ज ● गैस बनना ● खाने के बाद शौचालय जाना ● बच्चों का शारीरिक विकास न होना ● पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना ● बच्चों का बिस्तर गीला करना ● मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना ● कील- मुंहासे ● झाइयां ● सफेद दागो व सावलापन हटाना ● सुन्दर दिखाना ● बालों का समय से पहले झड़ना ● टूटना ● सफेद होना एवं गंजापन होना ● खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा, बीड़ी सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
● स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना-कमजोरी होना
● हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
● इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
● वीर्य में शुक्राणु का कम होना
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
● यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना।
नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनानें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनाने हेतु जानकारी प्राप्त करें



Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में दखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारन्टी नहीं दे सकते।
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांकः- 18 अगस्त 2024, रविवार
01 सितंबर 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913
नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।
ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।
• शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
• धात रोग (Spermatorrhoea)
• स्वप्न दोष (Night Fall)
• वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
• निल शुक्राणु (Azoospermia)
• शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
• बांझपन (Sterility)
• सफेद पानी (Leucorrhoea)
• पेट में दर्द (Pelvic Pain)
• बार-बार गर्भपात होना
35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)



धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stresss, Depression में लाभ करता है।
यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No.
8439818102
7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202

# बाढ़ का कहरः प्रेमी नगला और जटा गांव में भरा पानी

## ग्रामीणों ने बताई प्रेमी नगला व रैपुरा में स्टीमर की जरूरत

● बाहर भाग रहे ग्रामीण, सड़क कटी, आवागमन ठप
● गंगा में बढ़ रहा पानी, फसलें नष्ट, किसान परेशान।

संवाददाता, उसहैत

**अमृत विचार :** गंगा में चार दिन से बढ़ रहा पानी अब उसहैत इलाके में तबाही मचा रहा है। गांवों में पानी भर गया है। फसलें नष्ट हो चुकी हैं पुलिया टूटने से ग्रामीणों का आवागमन भी बंद हो गया है। डेढ़ दर्जन गांव बाढ़ की चपेट में है। गंगा के उस पार के गांव जटा और प्रेमी नगला बाढ़ की चपेट में हे। वहां ग्रामीणों के लिए खाने के लाले पड़ने लगे हैं। पशुओं को भी चारा नहीं मिल पा रहा है। कछला गंगा में बुधवार को जलस्तर खतरे के निशान से 6 सेमी ऊपर रहा।

उसहैत क्षेत्र में बाढ़ से कई गांव जलमग्न हैं। वहां चारा नहीं होने से पशुओं को बीमारी होने लगी है। ग्रामीणों के सामने भी खाने का संकट पैदा हो गया है। चारों ओर लोग परेशान हाल हैं। हर तरफ पानी ही पानी है। प्रेमी नगला गांव में घरो में पानी घुस गया है। पूरा गांव जलमग्न है। लोग घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। निकटवर्ती गांव रैपुरा में दो वर्ष पहले बनाई गई पुलिया टूटने से आवागमन बंद हो गया है जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है। प्रेमी नगला व रैपुरा में स्टीमर की जरूरत है, प्रेमी नगला के लोगों का कहना है कि गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। इसलिए यहां स्टीमर की जरूरत है लेकिन ग्राम प्रधान ने स्टीमर नहीं दिया है। गांव के बाहर खेतों पानी भरा है।इधर उधर आने जाने के सभी रास्तों पर पानी भरा हुआ है। बाढ़ के पानी ने सैकड़ों बीघा सकरकंद,धान, बाजरा की फसल गंगा में समा गई है। बेहटी, कमलू नगला भुंडी, पथरामई, जटा, कमलईयापूर, कदमनगला, दलनगला में एक बार फिर गंगा का जलस्तर बढने लगा है।जिससे लोगों की धड़कने बढ़ने लगी हैं । ललोमई निवासी अभिषेक का कहना है गंगा का जल स्तर बढ़ जाने से बांध के करीब पानी आ गया है। सहदेव यादव, मुखबिर सिंह, अमरपाल, सतपाल, समेत दर्जनों लोगों की धान, बाजार की फसल गंगा में समा गई है।



प्रेमी नगला गांव में भरा बाढ़ का पानी।

"नरौरा बैराज से अब पानी कम डिस्चार्ज किया जा रहा है। संभावना है कि अगले दो दिन में जलस्तर और नीचे आ जाएगा। कछला गंगा में भी पानी कम होने से स्थिति तेजी से सामान्य हो रही है। कुछ इलाकों में भर चुका पानी ग्रामीणों को परेशानी का कारण बना हुआ है। जटा और प्रेमी नगला गांव गंगा के उस पार है इसलिए इन गांवों में हर साल बाढ़ आती है। -**नेशपाल, सहायक अभियंता, बाढ़ खंड**

### हजरतपुर से गढ़िया रंगीन तक कई जगह सड़क कटी

उधर दातागंज क्षेत्र में रामगंगा में पानी कम तो हुआ है लेकिन जिन इलाकों में पानी भर गया है वहां बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। हजरतपुर गांव से लेकर गढ़िया रंगीन तक करीब बीस किमी सड़क पर पानी भर जाने से यह सड़क कई जगह से कट चुकी है जिससे इस सड़क पर वाहन नहीं चल रहे हैं। कई अन्य गांवों में भी सड़क कट चुकी हैं। कदम नगला और नगरिया खनु में गंगा का विकराल रूप देखने को मिल रहा है। इस इलाके में नाव और ट्रैक्टरों से लोग इधर उधर को निकल रहे हैं।

## राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष बने जितेंद्र



**बदायूं,अमृत विचार :** राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित गुप्ता की संस्तुति पर प्रदेश अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने शहर के कटरा ब्राह्मपुर निवासी जितेन्द्र महाजन को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी उन्हें दी है उसको निभाने का प्रयास किया जाएगा।

## सिसरका में हुआ भंडारा बच्चो ने लिया प्रसाद

**ओरछी, अमृत विचार :** जन्माष्टमी के उपलक्ष में हर साल की भांति इस साल भी गांव सिसरका में भंडारा आयोजित किया गया । भंडारे में बच्चों को प्रसाद दिया गया। भंडारे में आसपास के गांव के लोग भी मौजूद रहे। विकासखंड क्षेत्र के गांव सिसरका में बुधवार को गांव की देवी माता मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

# चोरों का कहर, घर, मंदिर और ट्यूबवेल से लाखों की चोरी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं/ वजीरगंज

**अमृत विचार :** मंगलवार रात चोरों ने शहर में जिला सिविल बार एसोसिएशन परिसर में मंदिर और वजीरगंज क्षेत्र के गांव कुनार के घर को निशाना बनाकर नगदी समेत लाखों की चोरी कर ली। पुलिस को तहरीर दी गई है। सिविल बार एसोसिएशन के सचिव अरविंद पाराशरी ने प्रभारी निरीक्षक को दी तहरीर में कहा कि मंगलवार रात चोर मंदिर के ताले तोड़कर सामान चोरी करके ले गए।

वजीरगंज क्षेत्र के गांव कुनार निवासी प्रेमपाल पुत्र बाबूराम ने बताया कि मंगलवार रात वह परिवार संग आंगन में सोए थे। बारिश के बाद कमरे के अंदर गये तो घर के पीछे की दीवार टूटी मिली। अलमारी बक्से के ताले टूटे थे। चोर अलमारी से लाखों रुपये के गहने और 40 हजार नगदी चोरी कर ले गये। चोरों ने गांव निवासी कृपाल पुत्र रामकुमार के घर से भी चोरी की कोशिश की। थाना कुंवरगांव क्षेत्र के गांव मोंगर निवासी अवधेश कुमार सिंह ने सीएम पोर्टल पर शिकायत करके बताया कि चोरों ने 18 अगस्त की रात उनके ट्यूबवैल से स्टार्टर और अन्य सामान चोरी किया था। । सीएम पोर्टल पर शिकायत होने के बाद पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है। कुंवरगांव में ही चोरों ने हुसैनपुर के दरयाव सिंह पुत्र शेर सिंह के प्लाट में खड़ी ट्रॉली और बिजेंद्र पुत्र हाकिम सिंह के ट्रैक्टर की बैट्री चोरी कर ली गई। इसके अलावा सिविल लाइन क्षेत्र के गांव भरकुंइया, कुरऊ, बस्तरा आदि गांव निवासी कैलाश सिंह, मितान सिंह, जसवंत, रूपेंद्र, रूम सिंह, ओंकार, गोविंद, सुरेश, राकेश, रूपराम आदि किसानों ने बताया कि लगभग एक महीने पहले भी चोरी हो चुकी हैं। सिविल लाइन के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि चोरी की जानकारी मिली है। जांच करके कार्रवाई की जाएगी।

# कांग्रेस की कुंवरगांव कमेटी के अध्यक्ष बने अजय



नई कार्यकारिणी के साथ खड़े जिलाध्यक्ष ओंकार सिंह ● अमृत विचार

संवाददाता, कुंवर गांव

**अमृत विचार :** बुधवार को कुंवर गांव में नगर कांग्रेस कमेटी की संगठन समीक्षा बैठक जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओंकार सिंह की अध्यक्षता में की गयी। मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव जितेंद्र कश्यप रहे। बैठक में जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह ने नगर कांग्रेस कमेटी कुंवरगांव के पदाधिकारियों की सूची जारी की, जिसमें अजय सैनी नगर अध्यक्ष, साजिद अली, ओमकार श्रीवास्तव को नगर उपाध्यक्ष, अजीम सिद्दीकी, हरिराम शाक्य, शकुरुद्दीन नगर महासचिव, चरण सिंह कोषाध्यक्ष, अवधेश कुमार सक्सेना, अमित शर्मा, सत्यपाल, महेश चंद्र, शाहिद, धीरज सिंह, छोटे, सलीम, सलमान, आलोक शर्मा, साबिर अली को नगर सचिव बनाया गया है। जितेंद्र कश्यप , वीरेश तोमर,इखलास हुसैन ने भी विचार व्यक्त किये।

## टिप्पणी के विरोध में एसडीएम को ज्ञापन

**सहसवान अमृत विचार :** महाराष्ट्र के नासिक के सरला द्वीप के महंत रामगिरी ने हजरत मोहम्मद साहब को लेकर विवादास्पद बयान दिया। जिसको लेकर मुस्लिम समुदाय में रोष हैं। आज मुस्लिम समुदाय के लोगों ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर महंत रामगिरि पर मुक़दमा दर्ज कराने की मांग की। इंजीनियर अजहर खान ने बताया कि नासिक हरिनाम सप्ताह मौजे पांचाले तहसील सिन्नर जिला नासिक (महाराष्ट्र) में चल रहे सप्ताह के उपदेश के दौरान गिरी महाराज ने हमारे नबी की शान में गुस्ताखी की है। जो बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर मौलाना रिसालत हुसैन, मौलाना माजिद अली, अलीम एडवोकेट, सभासद अब्दुल मन्नान, इनाम खान, आलम खान ,शरीफ उद्दीन, कासिम सरवर, आदि रहे।

# परेशान किसानों ने गोवंश को पंचायत घर में किया बंद

● पशु प्रेमी बीकेन्द्र शर्मा की पहल के बाद हरकत में आया विभाग

संवाददाता, कुंवर गांव

**अमृत विचार :** छुट्टा गोवंश से परेशान ग्रामीणों ने बुधवार को गोवंश को घेर कर गांव अहरूइया की पंचायत घर में बंद कर दिया।

तमाम छुट्टा गोवंश खेतों में खड़ी फसल को बर्बाद कर रहे हें। ब्लॉक सलारपुर के गांव यूसुफ नगर, अहरुइया, बनगढ़ भटौली, असिर्स वरखिन, आदि गांवों में सैकड़ों की संख्या में छुट्टा गोवंशीय पशु घूम रहे हैं। जिनको अभी तक संरक्षित नहीं किया गया है। किसान रातों में जंगल में रहकर फसल की रखवाली कर रहे हैं । बुधवार को गांव अहरुइया में आक्रोशित ग्रामीणों ने दो दर्जन गोवंशीय पशुओं को गांव के पंचायत घर में बंद कर दिया। ग्रामीणों ने प्रधान के खिलाफ नारेबाजी की। दोपहर बाद तक ब्लाक का कोई अधिकारी गांव नहीं पहुंचा। गोवंशीय पशु दोपहर बाद तक पंचायत घर में भूखे रहे । दोपहर के बाद किसी ने इसकी सूचना पीपल फॉर एनिमल संस्था के अध्यक्ष बिकेंद्र शर्मा को दे दी । उन्होंने गोवंशीय पशुओं को पंचायत घर में बंद करने की पूरी घटना ट्विट की तो पुलिस ने पंचायत घर में बंद पशुओं को छुड़वा दिया बीडीओ नितिन कुमार ने बताया प्रधान और सचिव ने मुझे कोई सूचना नहीं दी है। ऐसा है तो यह गलत है।



अहरुइया की पंचायत घर में बंद गोवंश।

# आम लोगों तक पार्टी की विचारधारा को पहुंचाना है


बीजेपी की कार्यशाला में उपस्थित पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, सोरों जी

● मंडल कार्यशाला में सदस्यता पर दिया गया विशेष जोर

**अमृत विचारः** भारतीय जनता पार्टी में अगले माह के पहले सप्ताह से शुरु होने जा रहे सदस्यता अभियान की तैयारियां जोरों पर है। पदाधिकारी जगह जगह बैठक कर अभियान की सफलता के लिए चर्चा कर रहे हैं।

सोरो मंडल की सदस्यता कार्यशाला में मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता नवल कुलश्रेष्ठ ने कहा कि अभियान का उद्देश्य सिर्फ नए सदस्य बनाना नहीं है, बल्कि आम लोगों तक पार्टी की विचारधारा को पहुंचाना है। रामनिवास राजपूत ने कहा 8800002024 पर मिसकाल कर मैसेज में आने वाली लिंक में जाकर पूरे प्रपत्र को भरकर सबमिट करना है। जिनकी सदस्यता का नवीनीकरण नहीं होगा वह सदस्य नहीं रहेंगे। अध्यक्षता संजय दुबे ने की। संचालन कृष्णकांत वशिष्ठ ने किया। संपूर्णानंद भारद्वाज,अनिल तिवारी, अनीता उपाध्याय, आदित्य काकोरिया,विशाल पाठक,विकास पाठक मौजूद रहे।

# पार्टी से मिले लक्ष्य को पूरा करें कार्यकर्ता

**कासगंज, अमृत विचारः** भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान की मंडल कार्यशाला रानी लक्ष्मी बाई कम्युनिटी हॉल में हुई। जिला महामंत्री नीरज शर्मा ने कहा कि हम सभी को सदस्यता अभियान के लिए पार्टी से मिले हुए लक्ष्य को पूरा करना है। हर कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी गंभीरता से निभाए।

विशिष्ट अतिथि पूर्व पालिका अध्यक्ष राजेंद्र बोहरे ने अधिक से अधिक सदस्य बनाने की अपील की। कहा कि कार्यकर्ता ही किसी पार्टी की आत्मा होते हैं। पालिका अध्यक्ष मीना माहेश्वरी ने कहा कि हम सभी पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता हैं। भाजपा जिला महामंत्री राजवीर सिंह भल्ला,अशोक सिसोदिया, डॉक्टर एपी गुप्ता, डॉ मनोज शर्मा, अनुरोध प्रताप सिंह, उत्तम चंद्र, रामनिवास राजपूत, आकाशदीप वर्मा, केपी सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बाढ़ से सहमे ग्रामीणों का भड़का गुस्सा, लगाया जाम

## दो घंटे बदायूं-मैनपुरी मार्ग रहा अवरुद्ध, वाहनों की लगी रहीं कतारें, अधिकारियों ने आश्वासन देकर मनाया

संवाददाता, गंजडुंडवाराः

**अमृत विचारः** तराई क्षेत्र में गंगा की बाढ़ से परेशान ग्रामीणों का सब्र टूट चुका है। बांध टूटने के बाद नेथरा गांव के बिगड़ते हालातों से आक्रोशित ग्रामीणों ने कादरगंज के समीप बदायूं-मैनपुरी मार्ग जाम कर दिया। इस दौरान जाम लग गया और सैकड़ों वाहन जहां के तहां खड़े रहे। अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझा कर जाम खुलवाया।

गंगा में बाढ़ अब ग्रामीणों की समस्याएं बढाती जा रही है। सिंचाई विभाग द्वारा कराए जा रहे कार्य नाकाफी साबित हुए हैं। कटान तेज हो रहा है। ग्रामीण परेशान हैं। नैथरा में कटान से क्षतिग्रस्त बांध की मरम्मत में सिंचाई विभाग लगातार लगा रहा। मंगलवार शाम बांध 300 मीटर कट गया।

गंगा का पानी टूटे बांध से होकर मनरेगा बांध से टकराने लगा। यह बांध पहले से ही कमजोर है। बाढ़ का रुख कादरगंज सहित आसपास के गांवों की ओर होता देख ग्रामीणों की धड़कनें बढ गईं। हालात बिगड़ते देख ग्रामीण सड़कों पर उतर आए। कादरगंज मार्ग पर पहुंच कर ग्रामीणों ने जाम लगा दिया। कई गांवों के ग्रामीण उतरे सड़क पर बुधवार दोपहरनैथरा,बरीवग वास,कादरगंज,तरसी, बरौना सहित कई गांवों के आक्रोशित ग्रामीण सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करने लगे। काफी देर तक सिंचाई विभाग के विरुद्ध नारेबाजी की। समस्या का समाधान न होने तक संघर्ष का ऐलान कर दिया। अफसरों ने जैसे-तैसे समझाया।


कादरगंज में बदायूं-मैनपुरी मार्ग पर जाम लगाए महिलाएं। ● अमृत विचार


जाम लगने के बाद घंटों फंसे रहे वाहन। ● अमृत विचार

### नहीं मानी पुलिस की बात

जाम की सूचना पर सिकंदरपुर कोतवाली प्रभारी बृजपाल एवं कादरगंज चौकी प्रभारी मय पुलिस बल मौके पर पहुंच गए। जाम खुलवाने का पूरा प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण नहीं माने। वे अधिकारियों को बुलाने की जिद पर अड़े रहे। लगभग दो घंटे तक जाम लगा रहा है। पटियाली एसडीएम कुलदीप सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने आश्वासन देकर जाम खुलवाया।

### सपा प्रवक्ता ने सरकार को घेरा

तराई क्षेत्र में बाढ़ से बर्बादी पर सपा ने सरकार को घेरा। समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी ने तटवर्ती क्षेत्रों का दौरा किया। कहा कि लोग मजबूर होकर सड़कों पर हैं। शासन-प्रशासन के पास बाढ़ से निबटने के लिए कोई ठोस योजना नहीं है। सरकार भी ध्यान नहीं दे रही।

ग्रामीणों की पक्के बांध बनाए जाने की मांग पर रूपरेखा तैयार कर शासन को भेजने एवं नैथरा में कटे कच्चे बांध को सिंचाई विभाग द्वारा तीव्र गति से दुरुस्त करा आसपास के गांवो कों बचाने का अश्वासन दिया गया इसके बाद आक्रोशित ग्रामीण शांत हुए और जाम खोल दिया।

–कुलदीप सिंह, एसडीएम, पटियाली।


नाराज ग्रामीणों को समझाते अधिकारी। ● अमृत विचार

### लाठी-डंडे लेकर सड़कों पर आईं महिलाएं

समस्या को लेकर महिलाओ में भी आक्रोश था। घरेलू कामकाज छोडकर सड़कों पर उतर आई। हाथों में लाठी डंडे थे। पुरुषों के साथ महिलाओं ने बैरीकेडिंग लगाकर मार्ग अवरुद्ध कर दिय। जिससे वाहनों की कतारें लग गईं।

# बांध को काटकर आबादी की ओर बढ़ा गंगा का उफान

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचारः** गंगा तराई में तबाही मचाने को आतुर है। फेसलें जलमग्न हो रही हैं। कच्चे बांध कट रहे हैं। भले ही जलस्तर कम हो रहा हो, लेकिन गंगा की धार पैनी हो गई है। गांव नेथरा में कच्चे बांध को काटकर बाढ़ का पानी आबादी में घुस गया है। सिंचाई विभाग के अधिकारी लाचार हैं। चाह कर भी समस्या का समाधान नहीं कर पा रहे हैं।

पिछले कई दिनों से गंगा के पानी में उतार-चढाव के चलते तटवर्ती क्षेत्र में समस्याए बनी हुई हैं। हिलोरे लेता गंगा का पानी अब कटान कर रहा है। सबसे अधिक परेशानी पटियाली तहसील क्षेत्र के गंजडुंडवारा क्षेत्र में है। यहां गांव नेथरा का कच्चा बांध कट गया है और पानी आबादी के समीप तक पहुंच गया है। ग्रामीण परेशान हैं। सिंचाई विभाग के अधिकारी तबाही रोकने का प्रयास कर रहे हैं।

कच्चे बांध के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी कटान रोधी कार्य किए जा रहे हैं। सिंचाई विभाग की ओर से अधिकृत ठेकेदार काम में जुटे हुए हैं।


गंजडुंडवारा क्षेत्र में बांध काटने के बाद गांव की ओर बढ़ता पानी। ● अमृत विचार

- 62700 क्यूसेक पानी हरिद्वार बैराज से छोड़ा गया
- 44168 क्यूसेक पानी बिजनोर बैराज से छोडा
- 77233 क्यूसेक पानी नरौरार बैराज से छोडा गया।
- 163 .24 मीटर पानी कछला पुल पर किया गया दर्ज।

### मनरेगा बांध से टकरा रहा पानी

सिंचाई विभाग द्वारा जो बांध बनाया गया था। वह कट चुका है। अब पानी गांव के दूसरे छोर की तरफ मनरेगा से बनाये गए कच्चे बांध से भी टकरा गया है। यह बांध भी कमजोर होता दिखाई दे रहा है। यह बांध कटा तो नेथरा जलमग्न हो जाएगा। पिछले 24 घंटे में जलस्तर में कुछ कमी आई है। कछला में 11 सेंटीमीटर तक गिरावट दर्ज की गई है, लेकिन बहाव में कोई कमी नहीं आ रही है।

कुछ क्षेत्रों में कटान हो रहा है। कटानरोधी कार्य तेज किए गए हैं। जब गंगा नदी का पानी सिमटता है, तो कटान की समस्या बढ़ जाती है।

– खूब सिंह, एसडीओ सिंचाई।


गांव नेथरा में कटे बांध को देखते ग्रामीण। ● अमृत विचार

# शुरू हुई गन्ने की बुवाई, किसानों को बताए तरीके

**कासगंज, अमृत विचारः** जिले में मानसून गन्ने की बुवाई की शुरुआत हो गई है।

बुधवार को अधिकारियों ने गांव मुहिन नगर में प्रगतिशील किसान गिर्राज सिंह के खेत में उन्नत गन्ने की प्रजाति की फसल बुबाई की गई। किसान को गन्ने की बेहतर पैदावार के बारे में बताया । अधिकारियों ने गन्ने के साथ सह फसली, गोभी, लहसन, सरसों, आलू, मिर्च के पैदाबार के तरीके भी बताए। जिला गन्नाधिकारी ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि गन्ने की खेती से बेहतर लाभ पा सकते हैं और प्रगतिशील बन सकते हैं।

# खुशी को दी तुलसी शोध संस्थान की सदस्यता

संवाददाता, सोरों जी

**अमृत विचारः** सुपर स्टार सिंगर में आवाज का जादू बिखेर कर चर्चित हुई खुशी नागर को गृह नगर सोरों में बेहद दुलार मिल रहा है। तुलसी शोध संस्थान ने सदस्यता दी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम का आरंभ गोस्वामी तुलसीदास के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित और पुष्प अर्पण कर किया गया। कवि मनोज मधुबन ने सरस्वती वंदना की, वही पंडित नरेश बरवारिया ने मंत्रोच्चारण किया। खुशी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। खुशी ने ऐसी लागी लगन मीरा हो गई मगन गाकर लोगों को मुग्ध कर दिया। संस्थान परिवार के सदस्य योगेश चौधरी, डॉ. सुरेंद्र बाबू, शिवांशु दुबे, रामकरण राज, मनोज भारद्वाज, उमेश पाठक ने स्तुति अलंकरण प्रदान कर सम्मानित किया। मुकेश नागर, राकेश खीर वाले, नीरज सक्सेना, अमित तिवारी , अजेंद्र शर्मा, सचिन उपाध्याय, पंडित मानवेंद्र गिरी, मोनू दुबे तुलसी किंकर ,वैष्णवी गुप्ता ,अंजना गुप्ता, सचिन उपाध्याय, भारत मौर्य, रजत माहिर, सुनील, संजय नागर ,तरुण पाठक ,अमिया पाठक आदि उपस्थित रहे।


खुशी नागर को प्रशस्ति पत्र देते तुलसी शोध संस्थान के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

● शोध संस्थान ने सुपर स्टार सिंगर को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

# चोरों ने खंगाला अमांपुर विधायक के ड्राइवर का घर

**अमांपुर, अमृत विचारः** चोरों ने विधायक हरिओम के ड्राइवर के घर को निशाना बनाया। चोर 70 हजार रुपये, आभूषण एवं मोबाइल फोन चोरी कर ले गए। कस्बे के सुभाष नगर निवासी ज्ञानेन्द्र पुत्र खेतपाल विधायक हरिओम वर्मा के ड्राइवर हैं। सोमवार की रात वह अपने परिजनों के साथ घर के बरामदे में सो रहे थे।

देर रात चोर घर में घुस आए। कमरे के दरवाजे का ताला तोड़कर अलमारी से नकदी और आभूषण चोरी कर ले गए। सुबह जब परिजन जागे तो उन्हें चोरी का पता लगा। पुलिस ने मौका मुआयना किया। ज्ञानेन्द्र ने बताया कि चोर 70 हजार रुपये की नकदी और सोने की चेन, अंगूठी, चांदी की कोदनी, तोडिया और तीन मोबाइल फोन चोरी कर ले गए। इंस्पेक्टर चंचल सिरोही ने बताया कि मामले में तहरीर मिल चुकी है। रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है। जल्द ही चोरों को जेल भेजा जाएगा।

● 70 हजार की नगदी सहित सोने चांदी के जेवर समेट ले गए

रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
पताः सेक्टर -7, रामगंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली मो. 8077808309




फ्री कैम्प 2 सितम्बर से 7 सितम्बर 2024 तक

**कायचिकित्सा विभाग** :- शुगर, रक्तचाप व हृदय सम्बन्धित रोग, फैटी लीवर, हैपेटाइटिस एवं पेट सम्बन्धित रोग, त्वचा रोग, बालों का झड़ना, मोटापा, सिरदर्द, माइग्रेन, मुँह टेढ़ा होना, फालिज, नस सम्बन्धित बीमारियाँ तथा मलेरिया, टायफायड, डेंगू तथा जीर्ण ज्वर एवं सभी प्रकार के जोड़ो के दर्द, गठिया, स्पांडिलाइटिस, सियाटिका का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज

**शल्यतंत्र विभाग** :- बवासीर, भगन्दर व फिशर का क्षार-सूत्र विधि द्वारा सफल इलाज, पैरों की नसों में नीलापन/सूजन वेरीकोज वेन्स, कोर्न, कुठारी/पैर के तल में गांठ, चर्बी की गांठ, सिस्ट और पुराने से पुराने जख्म का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज

**पंचकर्म विभाग** :- शरीर की अशुद्धियों को दूर करना (Detoxification) फालिज, सियाटिका, गठिया का स्वेदन, शिरोधारा, बस्ति, जलौका, वमन, नस्य आदि प्रक्रिया द्वारा इलाज

**कौमारभृत्य/बाल रोग विभाग** :-बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाने के लिये स्वर्ण प्राशन संस्कार, हाइट बढ़ाना, ऑटिज्म (Autism), loss of concentration या ADHD विकार तथा वंशानुगत मांसपेशी विकार, मायोपैथी आदि बीमारियों का आयुर्वेदिक इलाज

**शालाक्य तंत्र विभाग** :- तर्पण विधि द्वारा बच्चों के नज़र के चश्में का नम्बर कम करना । नाक के अन्दर मांस बढ़ जाना व कान के पर्दे के छेद का आयुर्वेदिक औषधियों द्वारा बिना ऑपरेशन सफल इलाज
गले, कान, नाक व आँख के रोग का इलाज

**प्रसूति एंव स्त्री रोग विभाग** :- नार्मल डिलीवरी, रसौली, बच्चेदानी के मुख का घाव/सूजन, PCOD, श्वेत प्रदर, स्तन में गांठ आदि रोगों का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज

**अगद तंत्र एवं स्वस्थवृत्त विभाग** :- ततैया/बर्र, मधुमक्खी/बरसाती कीड़ा, काटने पर आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज
पथ्य (डाईट) व योग सम्बन्धित जानकारी

ब्लड ग्रुप, हीमोग्लोबिन एवं शुगर की निःशुल्क जाँच तथा शेष जाँचो में छूट

निः शुल्क परामर्श

उपलब्ध सुविधाये :-
❖ X-RAY, ❖ ULTRASOUND, ❖ BLOOD TEST, ❖ ECG

Bareilly International University
{Established under Govt. of U.P. Act No. 26 of 2016, and approved by University Grant Commission u/s. 2 (f) of UGC Act 1956}

Excelled in
CUET?
Join the Courses:

ADMISSIONS OPEN 2024

ONLINE REGISTRATION
https://admissions.biuerp.com/

Courses Available

Under Graduate Courses
- BBA— Finance & Taxation
- B.Com (Hons)
- BCA— IT & Multimedia
- B.A. — Journalism
- B.A. — Mass Communication
- B. Pharm
- B.Sc. Forensic Sciences
- Post Basic B.Sc. Nursing

Diploma Courses
- X-Ray Technician
- MRI Technician
- Emergency & Trauma Care
- Dialysis Technician
- D. Pharm
- Dental Mechanics
- Dental Hygienist

Post Graduate Courses
- M.Com
- M.A. — Pol. Science
- MBA
- MHA
- MPH
- M.A. — English
- M.A. — Hindi
- M.A. — Psychology
- M.A. — Sociology
- M.A. — Journalism
- M.A. — Mass Communication
- M. Pharm (Pharmaceutics / Pharmacology)
- M.Sc. Forensic Sciences
- M.Sc. Medical Sciences
- M.Sc. Clinical Embryology

- Use of integrated pedagogy to train students in the art of interpretation and understanding.
- Use of present-day techniques for transforming imagination, reasoning and thought patterns.
- Use of experimental methods and research tools for teaching-learning process.

Contact for More Details
Admission Cell, Administrative Block
Rohilkhand Medical College and Hospital Campus, BIU
Pilibhit Bypass Road Bareilly-243006 (UP) India

Web: www.biu.edu.in
Email: admission@biu.edu.in
Admission Cell: 9105500202, 9105500404



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मैं, विवेक कुमार पुत्र स्व राजेश कुमार निवासी चौधरी सराय थाना कोतवाली बदायूं यह घोषित करता हूँ कि मैंने मोहल्ला जोगीपुरा बदायूं मे स्थित एक दुकान विक्रेता महफूज हुसैन से खरीदी थी, यही दुकान महफूज हुसैन ने परमवीर सिंह से दिनांक 28.08.1995 को खरीदी थी जिसका मूल बैनामा संख्या 1141 पन्ना संख्या 202-230 क्रम संख्या 5613, मुझसे दिनांक 07.05.2022 को कहीं खो गया था। जिसकी रिपोर्ट ई-थाना द्वारा वस्तु या अभिलेख खोने की संख्या 20220000198368 दिनांक 07.05.2022 को करा दी गयी थी।

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा इण्टरमीडिएट का अंकपत्र अनुक्रमांक 0663740 वर्ष 2019 वास्तव में कहीं खो गया है जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिला है। **विशाल सिंह चौहान पुत्र मनोज सिंह चौहान निवासी ग्राम व पोस्ट अखा, बिशारतगंज, बरेली।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा इंटरमीडिएट वर्ष 2022 अनुक्रमांक 2225605552 का प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिला है। **निधि पुत्री राजू निवासी सर्वोदय नगर थाना सीबीगंज जिला बरेली।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र वामिक हुसैन पुत्र अतीक हुसैन पता 118, चक महमूद, पुराना शहर, थाना बारादरी, बरेली को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **अतीक हुसैन पुत्र मुख्त्यार निवासी-118, चक महमूद, पुराना शहर, थाना बारादरी, जिला बरेली।**

आवश्यकता
बरेली में ऑनलाइन कंपनी में बाइकर्स की।
कमाएँ- 11000/- से 15000/- प्रतिमाह।
DL, Two wheeler & 4Gphone जरूरी है।
जल आकाश, परसाखेड़ा
7669334441, 7599074780, 9720554832

**वैधानिक सूचना** :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## शहर में आज

- गंजडुंडवारा के बालाजी में 11 दिवसीय कथा से पूर्व कलश यात्रा सुबह नौ बजे से।
- सोरों तीर्थ नगरी स्थित हरपदीय गंगाकुड पर मां गंगा की माह आरती शाम 5 :30 बजे से
- शहर के अशोक नगर स्थित भीम आर्मी पार्टी की बैठक दोपहर दो बजे।
- सलेमपुर मार्ग स्थित मुरली सिंह इंटर कॉलेज नगला किलोनी में पौधा रोपण सुबह 10 बजे से।

## एक नजर

### पुलिस ने तीन वारंटियों को किया गिरफ्तार

**कासगंज, अमृत विचार :** अमांपुर और ढोलना पुलिस ने तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। अमांपुर थाना इंस्पेक्टर चंचल सिरोही ने बताया कि पप्पू निवासी मुहल्ला आम्बेडकर नगर के अलावा पिन्की उर्फ सिंघानियां निवासी ग्राम सरसैट थाना अमांपुर को गिरफ्तार किया है। ढोलना थानाध्यक्ष अजयवीर सिंह ने बताया मूलचन्द निवासी ग्राम सलेमपुर लाला थाना ढोलना किया गया है।

### आज से होगी 11 दिवसीय श्रीरामकथा

**कासगंज :** गंजडुंडवारा के बालाजी मंडप में श्री सनातन धर्मसभा मंदिर हनुमान गढी द्वारा 11 दिवसीय श्रीराम कथा गुरुवार से होगी। श्रीसनातन धर्मसभा के मंत्री संजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि श्रीरामकथा 6 सितम्बर तक होगी। कथा का शुभारंभ बुधवार की सुबह 09 बजे कलश यात्रा के साथ होगा। श्रीराम कथा का वाचन कथा व्यास आचार्य गौरव कृष्ण पाण्डेय करेंगे। अध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता व व्यवस्थापक आमोद कुमार गुप्ता ने कस्बा वासियों से श्रीराम कथा श्रवण कर पुण्य लाभ कमाने का आह्वान किया।

### विवादित पोस्ट से पदाधिकारियों में आक्रोश

**कासगंज :** अमांपुर थाना क्षेत्र के गांव बददोपुर निवासी अशोक कुमार ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पर्व पर एक विवादित भड़काऊ पोस्ट अपने फेसबुक अकाउंट से पोस्ट कर माहौल खराब करने की कोशिश की है। विवादित पोस्ट के वायरल होने पर अखंड भारत संकल्प के पदाधिकारियो ने कासगंज पुलिस को ट्विट कर आरोपी युवक पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### बस में उठा धुआं, सवारियों में मची अफरा तफरी

एटा /मिरहची, अमृत विचार : मिरहची के चौराहे पर एटा डिपो की बस में अचानक धुआं उठने लगा। धुआं निकलता देख सवारियों में हड़कंप मच गया। बस को रोककर सवारियों को नीचे उतारा गया।

बुधवार की सुबह एटा से बरेली के लिए रोडवेज बस जा रही थी। बस मिरहची चैराहा पर पहुंची कि अचानक बस में धुआं निकलता हुआ दिखाई दिया। चैराहे पर चलती बस से अचानक धुआं निकलने पर अफरा-तफरी मच गई।

# गांव तारापुर नसीर में नहीं थमा संक्रमण, गई एक और जान

संवाददाता,सोरोंजी

**अमृत विचार:** गांव तारापुर नसीर में पिछले 15 दिन से संक्रमण फैला है। अब तक तीन बच्चों की जान जा चुकी है। अब एक 5 वर्षीय बिटिया ने जान गवां दी है। फिलहाल पिछले सप्ताह भेजी गई जांच में कुछ स्पष्ट नहीं हुआ है। अब नए सिरे से नमूने भेजे जा रहे हैं। माना जा रहा है कि संक्रमण सिर्फ सामान्य है।

गांव तारापुर नसीर में संक्रमण के चलते पिछले दिनों दो बच्चों की मौत हुई। फिर एक और बच्चे ने जान गंवा दी। कीर्ति पुत्री मोरमुकुट दो दिन से बुखार और गले के दर्द से पीड़ित थी। जिला अस्पताल से अलीगढ़ भेजा गया। अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज में पहुंचने से पहले ही उसकी हालत बिगड़ गई और मृत घोषित कर दिया।

> नमूना रिपोर्ट से कुछ स्पष्ट नहीं हुआ है। फिर भी परीक्षण के लिए पुन: नमूने भेजे गए हैं। **-डॉ. राजीव अग्रवाल,** सीएमओ

**खेल दिवस पर विशेष:** कई प्रतिभाओं ने प्रतियोगिताओं में राष्ट्रीय स्तर पर पाया है मुकाम

# जिले में छिपी हैं तमाम प्रतिभाएं, सुविधाओं की दरकार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** जिले में प्रतिभाओं का खजाना है, लेकिन उन्हें बेहतर मुकाम देने के लिए सुविधाओं की दरकार है। शहर की खेल प्रतिभाओं का प्रदेश और अखिल भारतीय एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में दखल रहा है, लेकिन उचित प्रतिनिधित्व व सुविधाएं न मिलने के कारण वह पिछड़ रही हैं।



कासगंज जैसे पिछड़े जनपद में प्रतिभाएं प्रदेश और अखिल भारतीय स्तर पर मेडल पा चुके हैं। सुविधाएं न मिलने से प्रतिभाओं को निखारने में समस्याएं आती हैं। यदि प्रोत्साहन और सुविधाएं मिलें तो जिले की प्रतिभाएं ओलंपिक में भी लोहा मनवा सकती हैं। **- प्रवीन सिंह जादौन,** कोच केएपीजी कॉलेज।



कई वर्षों से डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्व विद्यालय आगरा की एथलेटिक्स चैंपियन और गोला फेंक, चक्का फेंक में स्वर्ण पदक प्राप्त किए हैं। अंतरराष्ट्रीय आर्मेसलिग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है। प्राथमिक स्तर पर सुविधाओं का अभाव है। प्रतिभाएं पिछड़ती हैं। **-निहारिका चौहान,** एथलीट।



आंबेडकर विश्व विद्यालय आगरा क्रास कंट्री चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक एवं तीन बार अखिल भारतीय अंतर विश्व विद्यालय क्रास कंट्री प्रतियोगिता में विश्व विद्यालय का प्रतिनिधित्व किया है। आर्थिक रूप से कमजोर खिलाड़ियों के लिए पौष्टिक आहार का अभाव रहता है। **-मीनू धनगर,** अंतर्राष्ट्रीय खिलाडी।



कुछ वर्षों से खेलों की तरफ बहुत अच्छा ध्यान दिया जा रहा है। इसी कारण भारत ने खेलो इंडिया प्रतियोगिताएं शुरु की हैं। खिलाड़ियों के लिए अच्छा मंच मिले सके और सुविधाएं, लेकिन छोटे शहरों में सुविधा न मिलने प्रतियोगिताओं का हनन होता जा रहा है। **-सरिता जादौन,** खेल प्रेमी।

# रेलवे फाटक घंटे भर रही बंद, लोगों ने झेली मुसीबत

## वाहनों की लगी रहीं लंबी कतारें, जाम में फंसी रही एम्बुलेंस भी, परेशान हो गए वाहन सवार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** रेलवे की अनदेखी ने बुधवार को व्यवस्था बिगाड दी। अचानक रेलवे फाटक में तकनीकि खामी के कारण दोपहर एक बजे से जाम लगा रहा। लगभग एक घंटे तक लोग जाम में फंसे रहे।जाम में फसी एम्बुलेंस में मरीज तडपते रहा। मशक्कत के बाद बूम खोला जा सका तब लोगों ने राहत की सांस ली।

कासगंज-बरेली रेलवे ट्रैक पर अमांपुर रोड पर फाटक है। यहां दोपहर को कासगंज-बरेली पैसेंजर लगभग 11:30 बजे रवाना हुई। उसके बाद रेल फाटक खोला गया, लेकिन एक अन्य कार्य के लिए दोपहर लगभग 12:30 बजे फाटक फिर से बंद किया गया। कार्य पूरा होने के बाद फाटक नहीं खुल सका। इसमें तकनीकि खामियां आ गई। एक बजे से दोपहर दो बजे तक जाम लगा रहा। जाम में कासगंज-अमांपुर मार्ग के दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गई। फाटक के दोनों ओर दो एम्बुलेंस फंसी हुई थी। रेलवे के इंजीनियर और कर्मचारी तकनीकि खामी दूर करने में जुटे रहे। उच्चधिकारियों को सूचना दी गई। दो बजे के बाद खामियां दूर हुई। तब लोगों ने राहत की सांस ली।



रेल फाटक बंद होने के कारण फंसे वाहन। ● अमृत विचार

### दूसरे मार्गों से निकाले वाहन

जब फाटक में खामी आई तो वाहन और एम्बुलेंस भी फंस गए। विकल्प के तौर पर भिटौना सैलई मार्ग होते हुए वाहनों को निकाला गया। यहां भी कई बार जाम लगा।



काफी देर से एम्बुलेंस जाम में फंसी रही। मरीज परेशान रहा। इस ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया। समस्याओं का सामना करना पड़ा। **-वीरेश,**एम्बुलेंस चालक।



अमांपुर रोड का फाटक खराब होने से डेढ घंटे तक जाम लगा रहा। एम्बुलेंस भी जाम में फंस गई। दूसरे रास्ते होकर मरीज को जिला अस्पताल पहुंचाया। **-अखिलेश कुमार,** एम्बुलेंस चालक।



फाटक खराब होने से जाम में घंटों लोग फंसे रहे। काफी परेशानियों के बाद दो बजे के लगभग तकनीकि खामी दूर हो सकी। ऐसी समस्या पर ध्यान देना चाहिए। **-अंखड प्रताप,** राहगीर।



पहले तो लग रहा था कि ट्रेन गुजर रही होगी। बाद में पता चला कि तकनीकि खामी के कारण यह फाटक बंद रहा है। काफर परेशानी हुई। **-दिनेश,** बाइक सवार

> दोपहर को पता चला कि किसी समस्या के चलते फाटक में तकनीकि खामी आ गई थी, लेकिन बाद में समस्या दूर कर दी गई। अब वहां व्यवस्थित रूप से यातायात संचालित है। **-राजेंद्र सिंह,** पीआरओ रेलवे।

# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर निकालीं शोभायात्रा, भजन-कीर्तन किए



सिढ़पुरा में दाही हांडी फोड़ते बच्चे। ● अमृत विचार

संवाददाता, सिढ़पुरा, गंजडुंडवारा

**अमृत विचार:** श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की धूम दूसरे दिन भी रही। मंगलवार को जगह-जगह कार्यक्रम हुए।

सिढ़पुरा में दही हांडी नंदोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर नगर में एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। मुख्य अतिथि प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम, नगर अध्यक्ष व्यापार मंडल शम्मीकपूर गुप्ता, और विशाल बाबू गुप्ता ने पूजन में भाग लिया। इस दौरान कार्यक्रम अध्यक्ष उत्कर्ष गुप्ता जानू मौजूद रहे। जगह-जगह दही हांडी की झांकियां सजाई गईं, जिन्हें फोड़ने के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह देखा गया। कस्बा गंजडुंडवारा की कोतवाली में क्षेत्राधिकारी पटियाली राजकुमार पाण्डेय द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। मंदिरों में सजाई गई झांकियां के दर्शन के लिए लोग उमड़ पड़े। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस व पीएसी तैनात रही।

# बुखार से महिला की मौत दो व्यक्तियों में निकला डेंगू

संवाददाता,एटा

**अमृत विचार :** बुधवार को बुखार से पीड़ित एक महिला की मौत हो गई। जबकि, दो व्यक्तियों में डेंगू की पुष्टि हुई है। पर्चा काउंटर से लेकर मेडिसिन विभाग तक मरीजों की भीड़ जमा रही। रिजोर के निवासी चरन सिंह की पत्नी सुमित्रा (20) को तीन दिन से बुखार आ रहा था।

बताया कि गांव में चिकित्सक के यहां से दवा ली थी लेकिन, कोई फायदा नहीं हुआ। बुधवार की सुबह हालत बिगड़ने पर परिजन मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी लाए। चिकित्सक ने मृत बता दिया। वहीं नगला भजुआ निवासी 18 वर्षीय प्रियांशू को जांच में डेंगू निकला। बताया कि 10 दिन से उसे बुखार आ रहा था। डेंगू पॉजिटिव आने पर उसे वार्ड में भर्ती किया गया। गांव बरनावली निवासी 25 वर्षीय रूपकिशोर को डेंगू की पुष्टि हुई।

बुधवार को पर्चा काउंटर पर महिलाओं सहित पुरुषों की लाइन गेट के बाहर तक थी। कुछ लोग साइड से पर्चा बनवाने का प्रयास कर रहे थे। ऐसे में वहां धक्का मुक्की हो गई। सीएमओ डॉ. उमेश त्रिपाठी ने बताया मौसम में बदलाव होने के कारण लोग वायरल बुखार के मामले ज्यादा आ रहे हैं। जांच में बुखार पीड़ितों को मलेरिया व डेंगू निकल रहा है। स्थित जिले में नियंत्रण में है। वायरल बुखार में व्यक्ति पैरासीटामॉल का सेवन करता रहे। अधिक मात्रा में तरल पदार्थ का सेवन करे।

# सेहत के लिए घातक है मौसम में बदलाव, फैल रहीं बीमारियां

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** बदलते मौसम में संक्रामक रोग फैलने लगे हैं। रोगियों की संख्या बढ़ने लगी है। सामान्य दिनों की अपेक्षा इन दिनों जिला अस्पताल में रोगियों की दो गुना भीड़ पहुंच रही है। पिछले सात दिनों से दो गुना अधिक रोगियों ने पंजीकरण कराए हैं। रोगियों की संख्या बढ़ जाने से जिला अस्पताल की व्यवस्थाएं चरमरा गई हैं। यहां अपेक्षित लाभ रोगियों को नहीं मिल पा रहा।

बुधवार को सुबह 11:00 बजे ओपीडी में बड़ी संख्या में रोगी पहुंचे। सबसे अधिक भीड़ कमरा नंबर 11 की ओपीडी में थी। यहां डा. आनंद स्वरूप मरीजों को परामर्श दे रहे थे। इसके अलावा अन्य ओपीडी में भी काफी भीड़ रही। रोगी राकेश बुखार से पीड़ित होने के साथ-साथ दर्द से कराह रहा था। परेशान होकर बेंच पर लेट गया। तीमारदार उसकी बारी का इंतजार कर रहे थे। अन्य लोग भी यहां परेशान दिखाई दे रहे थे। पंजीकरण केंद्र पर कतार लगी हुई थी।

पंजीकरण कर रहे कर्मचारी रोगियों से पूछ रहे थे किस बीमारी की दवा लेनी है। उसी के आधार पर कर्मचारी संबंधित चिकित्सक के पास भेज रहे थे। अल्ट्रासाउंड, एक्सरे, सीटी स्कैन कराने के लिए भी तमाम रोगी अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। अल्ट्रासाउंड के लिए सबसे अधिक मारामारी दिखाई दी।



जिला अस्पताल में लैब के बाहर लगी मरीजों की कतारें। ● अमृत विचार



ओपीडी के लिए पर्चा बनवाने को लाइन में लगे मरीज। ● अमृत विचार

- **एक सप्ताह में दोगुनी हो गई मरीजों की संख्या, जिला अस्पताल में उमड़ रहे मरीज**

### आंकड़ों की नजर में

- 600 से 700 रोगी सामान्य दिनों में कराते थे पंजीकरण
- इन दिनों 1500 से 1600 रोगी पहुंच रहे हैं
- सबसे अधिक भीड़ ओपीडी में थी

> मौसम परिवर्तन के कारण रोगियों की संख्या बढ़ी है। सभी रोगियों को संबंधित चिकित्सक परामर्श दे रहे हैं और निशुल्क दवाइयां भी दिलाई जा रही हैं। जरूरत के आधार पर जांच कराई जा रही है। **- डा.संजीव सक्सेना,** मुख्य चिकित्सा अधीक्षक

# ग्राम प्रधान ने 40 लोगों की हड़पी मनरेगा मजदूरी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार: भारतीय किसान** यूनियन स्वराज गुट के जिला महासचिव अनार सिंह वर्मा ने जिलाधिकारी मेधा रूपम को संबोधित शिकायती पत्र अतिरिक्त एसडीएम को दिया। कहा कि बैरी ग्राम प्रधान विक्रम सिंह ने 40 मनरेगा मजदूरों से काम करा लिया, लेकिन उनकी मजदूरी नहीं दी। मनरेगा मजदूरों का पैसा अपने रिश्तेदार और चहेतों के खाते में डालकर निकाल लिया। कृष्णकांत, जयशंकर, रामप्रकाश, यश वर्मा, बुद्धसेन, ओमकार, रामप्रकाश, रामअवतार, नेतराम सिंह मौजूद रहे।



शिकायती पत्र देते भाकियू स्वराज गुट के नेता।

- **ग्राम प्रधान ने कहा, किसी की मजदूरी नहीं रोकी गई**

ग्राम प्रधान विक्रम सिंह ने कहा कि यह मामला सिर्फ गांव की राजनीति से जुड़ा हुआ है। किसी भी मजदूर की मजदूरी बकाया नहीं है। ग्राम प्रधान द्वारा ही धनराशि नहीं देनी होती है, बल्कि इसकी निगरानी स्वयं विकास विभाग करता है। आरोप निराधार है।

# दिन में छाए रहे बादल, शाम को हुई बारिश

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** बुधवार शाम को झमाझम बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दी। मौसम भी सुहावना हो गया, लेकिन सड़कों पर जलभराव से लोगों को परेशानी का सामना भी करना पड़ा।

मंगलवार को लोग उमस भरी गर्मी से परेशान थे। जब रात को बादल छाए तो लगा रहा था कि बारिश होगी, लेकिन रात बिन बारिश के गुजर गई। बुधवार सुबह आसमान में काले बादल छा गए। पहले हल्की बूंदाबांदी हुई, दोपहर बाद शुरु हुई रिमझिम बारिश शाम तक होती रही। बारिश से मौसम का मिजाज बदल गया। तापमान कम हो गया। उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिल गई। लवकुशनगर, गली जाटवान, चंदननगर, पालनगर सहित अन्य बस्तियों में लोगों को जलभराव से होकर गुजरना पड़ा। काफी देर के बाद सड़कों पर भरा हुआ पानी बाहर निकला।

**बारिश से किसान भी हुए खुश:** बुधवार को हुई बारिश से किसानों को भी राहत मिली है। धान सहित अन्य फसलों में पानी की आवश्यकता थी। दतलाना के किसान हरिओम ने बताया कि धान की फसल पानी की जरूरत थी। इस बारिश से कुछ राहत मिलेगी। अभी और थोड़ी बारिश हो जाए तो कई दिनों तक फसलों में पानी की आवश्यकता नहीं होगी।



बारिश के चलते छाता लगाकर निकलते लोग। ● अमृत विचार

# भाजपा सदस्यता अभियान हेतु कार्यशाला का आयोजन

**जलेसर अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता का अभियान हेतु कार्यशाला में जिला कोषाध्यक्ष शैलेश गौतम ने कहा कि भाजपा का सदस्य बनने के लिए 8800002024 पर मिस कॉल करके आप भारतीय जनता पार्टी के प्राथमिक सदस्य बन सकते हैं उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि घर-घर जाकर सदस्य बनाएं एवं जात-पात छोड़कर हिंदू बनने के लिए प्रेरित करें। बैठक में शक्ति केंद्र सदस्यता प्रभारी चंद्रपाल वाल्मीकि, मंडल महामंत्री दिलीप, अजीत प्रताप सिंह, जितेंद्र प्रताप सिंह, बिक्रम सिंह कुशवाहा, रामगोपाल लोधी, राम प्रताप सिंह, हरिवन सिंह, रिंकू प्रताप सिंह, हीरालाल, विजय गौतम, धर्मेंद्र लोधी, रणवीर सिंह आदि मौजूद थे।

## सार-संक्षेप

### इंस्पायर अवार्ड योजना में कराएं बच्चों का नामांकन



**कासगंज,अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद के उच्च प्राथमिक विद्यालयों द्वारा इंस्पायर अवार्ड कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 6,7 8 में पढ़ने वाले मेधावी बच्चों का नामांकन कराए जाने के लिए कार्यशाला का आयोजन हुआ।जिला विज्ञान क्लब के जिला समन्वयक डॉ जयंत गुप्ता ने प्रधानाचार्यों को अधिक से अधिक बच्चों के नामांकन करने के लिए प्रेरित किया। सह समन्वयक अभिषेक पांडेय ने तकनीकी सहायता प्रदान की । कार्यशाला में ही सभी की समस्याओं का समाधान किया गया । गंजडुंडवारा के नोडल कोऑर्डिनेटर अश्विनी कुमार उपस्थित रहे । सयोजन खंड शिक्षा अधिकारी सुरेन्द्र सिंह अहिरवार के निर्देशन में किया गया । नोडल प्रभारी जितेन्द्र सिंह कविराज ने संचालन किया ।

### मुहम्मद अकरम सैफी राष्ट्रीय उर्दू अवार्ड से होंगे सम्मानित



**एटा, अमृत विचार :** ब्लॉक शीतलपुर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय जलालपुर रामनगर में कार्यरत उर्दू अध्यापक मुहम्मद अकरम सैफी का चयन राष्ट्रीय उर्दू अवार्ड वर्ष-2024 के लिए किया गया है। वे किदवई नगर एटा के निवासी हैं। शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने पर भारत के सभी राज्यों में से 50 उर्दू शिक्षकों को नेशनल उर्दू अवार्ड से गालिब अकादमी दिल्ली में शिक्षक दिवस के दिन 5 सितंबर को सम्मानित किया जाएगा।

### जिला सैनिक बन्धु की बैठक आज

**एटा, अमृत विचार :** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल महेन्द्र प्रसाद (अप्रा) ने बताया कि डीएम प्रेम रंजन सिंह की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धु की बैठक 29 अगस्त को अपरान्ह 12 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जायेगी।

### निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर 30 को

**जलेसर, अमृत विचार :** आचार्य श्री चैत्र सागर महाराज के सानिध्य में चल रहे वत्सल आरोग्यधाम कोसमा दिल्ली के वरिष्ठ शिक्षकों के द्वारा हृदय रोग जांच एवं फेफड़ों की क्षमता की जांच शिविर का आयोजन 30 अगस्त को प्रात: 10 .00 बजे से दोपहर 2 .00 बजे तक आयोजित होगा। वात्सल आरोग्यधाम के प्रमुख कार्यकर्ता अशोक कुमार जैन ने बताया कि शिविर में हृदय एवं फेफड़ों के साथ अन्य इकाइयों की भी जांच की जाएगी।

### बाइक चोर गिरफ्तार, मास्टर चाबी बरामद

**जलेसर, अमृत विचार :** जलेसर के एक नर्सिंग होम में राहुल कुमार निवासी नूहंखास अपने भाई को दिखाने गए थे। बाइक को बाहर खड़ा कर दिया। बाइक चोरी हो गयी थी। पुलिस ने चेकिंग के दौरान धर्मेन्द्र उर्फ ढिल्ला निवासा नारऊ वीरनगर को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर बाइक चोरी करने की बात बताई। तलाशी के दौरान मास्टर चाबी भी मिला है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेजा है।

# चित्रगुप्त पीठ के पीठाधीश्वर पर हमले का विरोध

कार्यालय संवाददाता

**कासगंज, अमृत विचार:** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के पदाधिकारियों ने श्री चित्रगुप्त पीठ के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी सच्चिदानंद पशुपति महाराज पर हमले का विरोध किया है। हमलावरों पर कार्रवाई की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम विनोद जोशी को सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि कायस्थ समाज के धर्मगुरु श्री चित्रगुप्त पीठ के पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी सच्चिदानंद पशुपति पर लगातार हमले हो रहे हैं। मांग की गई कि प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। सुरक्षा की भी व्यवस्था भी की जाए। ज्ञापन देने वालों में अलीगढ़ मण्डल प्रभारी नवल कुलश्रेष्ठ, जिलाध्यक्ष केके सक्सेना, महिला मोर्चा अध्यक्ष साधना जौहरी, संजीव रॉय सक्सेना, अचिंत सक्सेना, अजय सक्सेना, मुकेश सक्सेना, अरविंद सक्सेना, रश्मि सक्सेना,अंश सक्सेना समेत अन्य कायस्थ बंधु शामिल रहे।



एसडीएम को ज्ञापन देते अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के पदाधिकारी।

- **अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने सौंपा एसडीएम को ज्ञापन**

# दिव्यांग युवती से अभद्रता युवक को जमकर पीटा

**एटा, अमृत विचार:** युवती से अभद्रता करने पर लोगों ने युवक को चप्पलों से जमकर पीट दिया।

सोमवार की शाम युवती से अभद्र हरकत करना युवक को भारी पड़ा। गांव का ही एक युवक दोस्त के साथ युवती को बुलाकर ले गया था। युवक ने उससे अभद्रता की। आरोपियों से छूटकर युवती किसी तरह घर पहुंची। युवती बोल पाने में असमर्थ है इस कारण युवक की सही जानकारी नहीं दे पाई थी। बुधवार को गांव में युवक को घूमता देख युवती ने पहचान लिया और परिजन को इशारा करके बताया। इसके बाद परिजन और ग्रामीणों ने युवक की पकड़कर पिटाई कर दी। कोतवाली देहात पुलिस ने युवक को हिरासत में लिया।

# भाकियू का दूसरे दिन भी धरना जारी



मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन करते किसान नेता। ● अमृत विचार

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** सकरौली रजबहा में निरंतर पानी लाने एवं किसानों पर मुकदमों को खत्म करने की मांग कर भारतीय किसान यूनियन भानु द्वारा तहसील मुख्यालय पर दिया जा रहा है। धरना प्रदर्शन दूसरे दिन बुधवार को भी जारी रहा।

प्रथम दिन देर शाम भारतीय किसान यूनियन भानु के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह ने कहा कि धरना प्रदर्शन जब तक जारी रहेगा जब तक टेल तक पानी न पहुंच जाए वही जनपद एटा की पुलिस द्वारा किसान यूनियन के पदाधिकारी पर लिखवा गए झूठे मुकदमों को खत्म कराया जाए। दूसरे दिन धरना प्रदर्शन स्थल पर जिला अध्यक्ष पंकज ठाकुर, राजेंद्र सिंह, आकाश गुप्ता, कौशल सिंह सिसोदिया, कालीचरण दास, विकास गुप्ता, विष्णु गुप्ता, मनोज राघव, चंद्रपाल सिंह, ओम प्रकाश, दिनेश कुमार, पप्पू यादव आदि मौजूद थे।

## पूर्वोत्तर रेलवे

**ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना सं. 55/2024**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से ''खुली'' निविदा आमंत्रित करते हैः–

**क्रम सं.-1,** कार्य का विवरणः समइं काशीपुर अनुभाग के अन्तर्गत बिलासपुर रोड–चमरूआ स्टेशन के मध्य मानवित समपार संख्या 21/सी. पर किमी. 12/2-3, 23/सी. पर किमी. 14/2-3 एवं 25/सी. पर किमी. 15/2-3 के स्थान पर सबवे (एल.एच.एस.) का निर्माण कार्य। (बॉक्स पुशिंग विधि द्वारा), अनुमानित लागत रूपयों मेंः ₹ 15,22,32,526.26, बयाना राशि रूपयों मेंः ₹ 9,11,200/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह।

**(1)** ई-निविदा दिनांक 18-09-2024 को 15:00 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेंगे।
**(2)** ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाईट *www.ireps.gov.in* पर देखें।

**मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी.),**
मुजाधि / डब्लू-221 **इज्जतनगर**

**गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।**



## पब्लिक नोटिस

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल हिन्दुआ हाउसिंग फाइनेन्स लिमिटेड शाहजहांपुर से मोबीन व तौसीफ व दानिश पुत्रगण यासीन निवासीगण मीरानपुर कटरा तहसील तिलहर जिला शाहजहांपुर ने एक किता मकान तादादी 58.59 वर्गमीटर स्थित मोहल्ला नादिरशाह कस्बा मीरानपुर कटरा तहसील तिलहर व जिला शाहजहांपुर जिसकी चौहददी पूरब–काकोरी शहीद इन्टर कॉलेज, पश्चिम–रास्ता 6 फिट चौड़ा, उत्तर– मकान नबी अहमद, दक्षिण– मकान शाहजमां अन्सारी को दानदाता यासीन पुत्र नसरूल्ला निवासी मोहल्ला नादिरशाह कस्बा मीरानपुर कटरा तहसील तिलहर व जिला शाहजहांपुर से दान में प्राप्त की थी, उक्त लिखित सम्पत्ति पर मोबीन मेरे मुवक्किल से गृह ऋण ले रहे है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी भी व्यक्ति / संस्था / बैंक आदि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति है, तो वह इस प्रकाशन के 7 दिन के भीतर अपनी आपत्ति व्यक्तिगत रूप से समस्त दस्तावेजों साक्ष्यों सहित मेरे मुवक्किल हिन्दुजा हाउसिंग फाइनेन्स लिमिटेड शाहजहांपुर पर या मेरे कार्यालय में सामान्य कार्य दिवस की सामान्य कार्य अवधि में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर यह मानते हुए कि इस विषय में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, उपरोक्त ऋण जारी कर दिया जायेगा।

**मुनीश सक्सेना (एडवोकेट)**
**कार्यालयः– चैम्बर नं 27 सिविल कोर्ट बंगलिया सूचीबद्ध अधिवक्ता**
**हिन्दुजा हाउसिंग फाइनेन्स, लिमिटेड**


# मध्य प्रदेश के युवक ने लॉज में की खुदकुशी

कार्यालय संवाददाता कासगंज

**अमृत विचार:** भिंड मुरैना के 26 वर्षीय युवक ने लॉज के कमरे में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। परिजनों को सूचित कर दिया गया है।

मध्यप्रदेश के भिंड मुरैना निवासी अंकित सिंह पुत्र बिजेंद्र सिंह बुधवार की सुबह 7:30 बजे रेलवे रोड स्थित केके लॉज में पहुंचा। शाम तक रुकने के लिए कमरा बुक किया। शाम को लॉज संचालक ने रूम खुलवाने का प्रयास किया तो रूम नहीं खुला और न ही अंदर से कोई आवाज आई। जानकारी लॉज मालिक को दी गई। लॉज मालिक ने सूचना नदरई गेट पुलिस चौकी को दी। पुलिस दरवाजा तोड़ कर देखा तो अंकित का शव पंखे से लटका रहा था। पुलिस ने युवक के पास से मिले दस्तावेजों को खंगाला और जानकारी मृतक के परिजनों को दी। युवक कासगंज में किसलिए आया था इसकी जानकारी नहीं हो सकी।

सीओ सदर विजय सिंह राणा ने बताया कि रेलवे रोड स्थित केके लॉज में अंकित नाम के व्यक्ति का शव पंखे से लटकता हुआ मिला है। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। युवक मुरैना भिंड का रहने वाला है। यहां क्यों आया था। उसने क्यों सुसाइड किया है। इस बारे में जानकारी की जा रही है।

## कैसे मिला बिना एंट्री के लॉज में रूम

अंकित की लॉज के रजिस्टर में कोई एंट्री नहीं है। पुलिस ने इस मामले की जानकारी लॉज संचालक से की तो वह कोई जानकारी नहीं दे सका। पुलिस ने एंट्री रजिस्टर को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस मामले की जांच–पड़ताल कर रही है।


**न्यायालय श्रीमान ए.डी.जे.-3, जनपद, बरेली**
श्रीमती कामिनी गुप्ता बनाम उ.प्र. राज्य व अन्य 3. अतुल कुमार मिश्रा पुत्र रामेश्वर दयाल मिश्रा निवासी कालीचरन मार्ग म.सं. –668, सुभाषनगर, थाना सुभाषनगर, जनपद बरेली। 4. कृपाल सिंह पुत्र डोरी लाल निवासी ग्राम मकरन्दपुर धाराजीत, थाना भमोरा, जनपद बरेली। 5. मोहित मिरा पुत्र रामेश्वर दयाल मिश्रा निवासी कालीचरन मार्ग म.सं.–668, सुभाषनगर, थाना सुभाषनगर, जनपद बरेली। आप विपक्षीगणों के विरूद्ध मा. न्यायालय कक्ष सं.–3. बरेली में फौजदारी निगरानी सं.–139/2023 विचाराधीन है और उसमें दिनांक 30–08–2024 विधिक कार्यवाही हेतु नियत है यदि आप नियत तिथि पर न्यायालय के समक्ष हाजिर नहीं हुए तो इस पत्रावली में आगे कार्यवाही की जायेगी।
**मुंसरिम,न्यायालय एडीजे-3, बरेली**


## ताजगंज में बालिका से किया दुष्कर्म

**आगरा, अमृत विचार :**थाना ताजगंज क्षेत्र में कक्षा तीन में पढ़ने वाली आठ साल की बच्ची को पड़ोस का रहने वाला आजाद राठौर बहला–फुसलाकर ले गया और दुष्कर्म किया। उसने बालिका को धमकाया कि किसी को कुछ बताया तो परिजन उसे गला घोंटकर मार देंगे। इससे लड़की दहशत में आ गई। उसकी तबियत खराब हुई तो आजाद उसे खुद डॉक्टर के पास ले गया जहां बच्ची ने डॉक्टरों को पूरी बात बता दी। चिकित्सक ने परिजनों को पूरे मामले से अवगत कराया। परिजनों ने पुलिस से शिकायत की। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## किशोरी लापता

**आगरा, अमृत विचार :** परिवार के बच्चों के बीच आपस में हुए झगड़े के बाद एक किशोरी इतनी नाराज हो गई कि घर से चली गई। वापस नहीं लौटी तो बालिका के पिता ने पुलिस से आशंका जताई कि उसकी बेटी का अपहरण हो गया है। मामला थाना छत्ता की गोबर गली (पीपल मंडी) का है। बालिका के पिता ने पड़ोस में रहने वाले सोनू पर शक जताया है।


## प्राथमिक विद्यालय बरखन, विकास क्षेत्र भदपुरा, जनपद बरेली

**जर्जर भवन नीलामी सूचना (तृतीय चक्र)**

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बरेली के पत्र संख्या SSA/निर्माण/461823/2023–24 दिनांक 15 दिसम्बर 2023 के अनुसार विद्यालय के प्रांगण में स्थित जर्जर भवन (दो कक्ष) की नीलामी 30 अगस्त 2024 को प्रातः 10 बजे विद्यालय के प्रांगण में की जायेगी। बोली से पूर्व बोलीदाता को अपना आधार कार्ड (छायाप्रति) तथा 10000/– रूपये की धनराशि धरोहर के रूप में जमा करनी होगी। बोलीदाता का पंजीकरण नीलामी दिवस को प्रातः 9 बजे से 9:30 बजे तक होगा। नीलामी की शेष शर्तें विद्यालय पहुँचकर प्राप्त की जा सकती है।

**मो. असलम** (अध्यक्ष) **प्रगति अग्रवाल** (सचिव)

**विद्यालय प्रबन्ध समिति प्राथमिक विद्यालय बरखन, विकास क्षेत्र भदपुरा, जनपद बरेली।**



## कार्यालय नगर पालिका परिषद, बीसलपुर जिला पीलीभीत

पत्रांकः 828/न.पा.परि.बी./2024–25 दिनांक :– 28.08.2024

**कुटेशन आमंत्रण सूचना**

समस्त फर्म/सप्लायर्स/रजिस्टर्ड दुकानदार एवं ठेकेदारन को सूचित किया जाता है कि वाल विकास परियोजना अधिकारी बीसलपुर–पीलीभीत के कार्यालय पत्र संख्या 119–122 / वा.वि.परि./ मांग पत्र/ 2023–24 दिनांक 12 जनवरी 2024 का अवलोकन करने की कृपा करें, जिसमें शासनादेश संख्या 216 / नौ–9–2023–10 ज /23 दिनांक 16 दिसम्बर 2023 एवं जिलाधिकारी महोदय पीलीभीत के कार्यालय ज्ञाप संख्या सौ– 1054 दिनांक 10.11.2023 के द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पंजीकृत 03 से 06 वर्ष के बच्चों के गर्म पका भोजन हेतु बर्तन आदि क्रय कर आंगनबाड़ी कार्यकत्री को उपलब्ध कराने के निर्देश निर्गत किये गये हैं जिसके अनुपालन में नगर पालिका परिषद बीसलपुर द्वारा 47 आंगनबाड़ी केन्द्रों हेतु बर्तनां को क्रय किया जाना है। बर्तन आपूर्ति किये जाने हेतु इच्छुक फर्म / सप्लायर्स / रजिस्टर्ड दुकानदार एवं ठेकेदारान अपनी–अपनी दर कुटेशन दिनांक 04.09.2024 तक समय 3:00 तक कार्यालय नगर पालिका परिषद बीसलपुर में रखे टेण्डर बॉक्स में डाल सकते हैं। यदि उक्त तिथि को आकस्मिक अवकाश /सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो ऐसी स्थित में दर कुटेशन अगले कार्यशील दिवस में निर्धारित समय तक डाली जा सकती है, जो उसी दिन सायं 04:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के समक्ष कुटेशनदाताओं के सम्मुख खोली जायेगी। बर्तन आदि सामग्री का विवरण निम्नवत् हैः–

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | सामग्री की संख्या | सामग्री की दर |
|---|---|---|---|
| 1 | थाली | 1122 | |
| 2 | कटोरी | 1122 (250 ग्रा.) | |
| 3 | ग्लास | 1122 (250 मि.ली.) | |
| 4 | चम्मच | 1122 | |
| 5 | कुकर | 47 (05 ली.) | |
| 6 | भगौना मय ढक्कन | 47 (10 ली.) | |
| 7 | लोहे का तवा | 47 | |
| 8 | लोहे की कढ़ाई ढ़क्कन | 47 (10 ली.) | |
| 9 | चम्मच बड़ा | 94 | |
| 10 | कल्छी बड़ी | 47 | |
| 11 | चिमटा | 47 | |
| 12 | चाकू | 47 | |
| 13 | वेलन | 47 | |
| 14 | चकला मार्बल | 47 | |
| 15 | सिलिण्डर | 47 | |
| 16 | गैस स्टोव 2 वर्नर मय रेगूरेटर | 47 | |

नोटः– उक्त से सम्बन्धित शर्ते किसी भी कार्यशील दिवस में देखी जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी** **नगर पालिका परिषद, बीसलपुर** — **अध्यक्ष** **नगर पालिका परिषद, बीसलपुर**


## सड़क किनारे मिला शव, शिनाख्त नहीं

अवागढ़ अमृत विचार : ग्राम चुरथरा के पास बुधवार को अज्ञात वाहन ने एक अज्ञात व्यक्ति को टक्कर मार दी। आरोपी चालक मय गाड़ी के फरार हो गया। घायल की मौके पर ही मौत हो गई। एक व्यक्ति को मरा देखकर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। तत्पश्चात इलाका पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में कर शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को मोरचरी में रखवा दिया है। शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे है।


## कार्यालय मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, बरेली

**अल्पकालीन ई–निविदा आमन्त्रण सूचना**

पत्रांक : 843/मु.अभि./नि.वि./2024–25 दिनांक 28.8.24

ई–निविदा सूचना शासनादेश सं.–3890/नौ –5 –149सा/2019 नगर विकास अनुभाग–05 उ.प्र. शासन लखनऊ दिनांक 20 सितम्बर, 2019 के अनुपालन में ठेकेदारों से निर्माण कार्यो हेतु निविदायें टू बिड पद्धति (तकनीकी एवं वित्तीय) के माध्यम से निम्न प्रकार से आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा से सम्बनिधत प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई – प्रक्योरमेन्ट की वेबसाईट http://etender.up.nic.in व नगर निगम की बेवसाइट www.nagarnigambareilly.com पर देखी जा सकता है।

| पुनः ई–निविदा आमंत्रित हेतु (क्रमांक सं.–01) | |
|---|---|
| ई–निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 29.08.2024 - (03:00 PM) |
| ई–निविदा अपलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 29.08.2024 - (04:00 PM) |
| ई–निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 04.09.2024 - (03:00 PM) |
| ई–निविदा खोली जाने की तिथि/समय | 04.09.2024 - (04:00 PM) |
| फाईनेंशियल ई–निविदा खोली जाने हेतु | After Technical Evaluation |

कार्यो का विवरण, नियम व शर्ते नगर निगम बरेली के वेबसाइट www.nagarnigambareilly.com पर ई–निविदा लिंक एवं ई–पोर्टल http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

**मुख्य अभियन्ता**
**नगर निगम, बरेली**


## पत्नी और पुत्रियों से की मारपीट, तीन तलाक बोला

**आगरा, अमृत विचार :** थाना लोहामंडी के मोतीकुंज निवासी शाहीन ने बताया कि उसका विवाह आलमगंज सैयदपाड़ा निवासी कामिल से 2002 में हुआ था। विवाह में लगभग 30 लाख खर्च हुए थे। ससुरालीजन दहेज से संतुष्ट नहीं थे. उसका पति, जेठ बंटू व देवर मुन्ना, गुफरान व फैजान उसके साथ आए दिन मारपीट करने लगे। कुछ दिन बाद पता चला कि उसके पति के किसी अन्य महिला से भी संबंध हैं। विरोध करने पर पति ने मारापीटा तथा जेठ ने भी उससे अवैध संबंध बनाने के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया। इससे आजिज आकर उसके पिता ने उसे मोतीकुंज में मकान दिलाया किंतु कामिल ने धोखाधड़ी से वह मकान भी अपने नाम करा लिया और उसके व उसकी पुत्रियों के साथ मारपीट करने लगा। 21 अगस्त को रात 11 बजे पति के साथ अन्य आरोपी धारधार हथियार लेकर घर में आ गए और हमला कर दिया। तीन तलाक बोलकर उसे तलाक देने का आरोप लगाया। महिला ने पति, जेठ व ससुरालीजनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की।


## यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India

भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking
आन्ध्रा Andhra | कार्पोरेशन Corporation

**क्षेत्रीय कार्यालय- प्रथम तल, बी.डी.ए. कॉम्पलेक्स, प्रियदर्शनी नगर, बरेली (यू.पी.) 243122**

**ई–नीलामी बिक्री सूचना**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूत हित के प्रवर्तन अधिनियम, 2002 साथ में पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के अधीन अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई–नीलामी बिक्री सूचना। आम जनता और विशेष रूप से कर्जदार (रों) और गारंटीदाता (ओं) को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि प्रतिभूति लेनदार के पास बंधक पड़ी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका रचनात्मक/भौतिक/सांकेतिक कब्जा बैंक, प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, को सम्बन्धित कर्जदार (रों) और गारंटीदाता (ओं) से बैंक/प्रतिभूत लेनदार के पास उनके बकायों की वसूली हेतु, निम्नांकित सारणी में अंकितानुसार तिथि को ''जैसी है जहां है'', ''जैसी है जो है'' तथा ''जो भी है वही है'' आधार पर बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य तथा जमा धरोहर राशि, सम्बन्धित सम्पत्तियों के समक्ष निम्न सारणी में अंकितानुसार होगी।

**सुरक्षित परिसंपत्तियों की अनुसूची**

| क्र. सं.. | कर्जदार, सह–कर्जदार व गारंटीदाता का नाम | बेचे जाने वाली अचल संपत्ति का विवरण | मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि+ब्याज | आरक्षित मूल्य ईएमडी राशि | ई–नीलामी की तारीख व समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **ऋणीः–1.** मैसर्स हिमाचल कश्मीर एप्पल कंपनी प्रो.–इस्तेयाक खान मो.मुस्ताक खान पुत्र, गोविंदपुर, बरेली। **गारंटर :– 1.** श्री बुंदन खान पुत्र स्व. मो.मुन्ना खां, गोविंदापुर, बरेली **2.** श्री इंदास खान पुत्र मोहम्मद यार खान, गोविदापुर बरेली। **प्रियदर्शनी नगर** | खसरा नंबर 12, ग्राम–गोविंदपुर में स्थित भूमि एवं भवन का समस्त भाग एवं भाग, बरेली माप क्षेत्रफल 420.00 वर्ग. श्री बुंदन खान पुत्र मोहम्मद मुन्ना खान के नाम पर, विलेख के अनुसार सीमाः– **पूर्वः** बगिया हमीद खान, **पश्चिमः**– बगिया हमीद खान, **उत्तरः**– चक रोड, **दक्षिणः**– चक रोड। | **रु. 20,35,534/–** (बीस लाख पैंतिस हजार पांच सौ चौंतीस मात्र) + ब्याज व अन्य खर्चे | रु. 16.31 लाख / रु. 1.631 लाख | 13.09.2024 दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक |
| 2. | **ऋणी :**– श्री सिराज अहमद पुत्र श्री हसनैन निवासी 439, पीपलसाना चौधरी, भोजीपुरा, बरेली। **गारंटरः**– 1. श्री मोहम्मद उमर पुत्र श्री अली जान, निवासी 280, पीपलसाना चौधरी, भोजीपुरा, बरेली, उ.प्र. 2. श्री बिलाल इस्लाम पुत्र अली हुसैन, निवासी 307, पीपलसाना चौधरी, भोजीपुरा, बरेली, उ.प्र. **रोहिलखंड विश्वविद्यालय, बरेली** | आवासीय संपत्ति का प्लॉट, खसरा नंबर का हिस्सा। 586, पीपलसाना चौधरी, तहसील और जिला बरेली, यूपी में स्थित है, श्री सिराज अहमद पुत्र श्री हसनैन के स्वामित्व वाली संपत्ति का क्षेत्रफल 81.73 वर्गमीटर है, इसकी सीमा इस प्रकार हैः– **पूर्व** :– सड़क 13 फीट चौड़ी, **पश्चिमः**– विक्रेता लियाकत की भूमि, **उत्तरः**– विक्रेता लियाकत की भूमि, **दक्षिणः**– विक्रेता लियाकत की भूमि। | **रु. 6,77,666.60/–** (छः लाख सतहत्तर हजार छः सौ छियासठ व साठ पैसे मात्र) + ब्याज व अन्य खर्चे | रु. 5.76 लाख / रु. 0.576 लाख | 13.09.2024 दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक |
| 3. | **ऋणी :**– 1. श्री जीतेन्द्र कुमार सैनी, निवासी मकान नं. 1, धुनिया, वार्ड नं 31, जिला–फर्रुखाबाद। 2. श्री रामचरण सैनी, निवासी मकान नं. 1, धुनिया, वार्ड नं 31, जिला– फर्रुखाबाद। **फर्रुखाबाद शाखा** | वार्ड नं. में आवासीय मकान का ई.एम. 31, धुनिया, तहसील सदर, जिला. फर्रुखाबाद, यूपी की माप 32.04 वर्ग मीटर, बिक्री विलेख संख्या के माध्यम से श्री राम चरण सैनी पुत्र बंदी दीन के नाम पर। 7832 दिनांक 13.11.1990, सीमा इस प्रकार हैः– **पूर्वः**– राधे लाल की संपत्ति, **पश्चिमः**– गली, **उत्तरः**– राधे लाल का प्लॉट, **दक्षिणः**– सेवकराम का घर। | **रु. 6,56,478.90/–** (छः लाख छप्पन हजार चार सौ अठहत्तर व नब्बे पैसे मात्र) + ब्याज व अन्य खर्चे | रु. 8.65 लाख / रु. 0.865 लाख | 13.09.2024 दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक |
| 4. | **ऋणी :**– एम/एस न्यू बाबा गारमेंट्स, प्रोप श्री नीरज मिश्रा पुत्र शिवनाथ मिश्रा, निवासी। एच. नं. 1095, मोहल्ला भार्गव कॉलोनी, हेमपुरवा, तरीनपुर, सीतापुर, उत्तर प्रदेश–261001 **श्री नीरज मिश्रा पुत्र शिवनाथ मिश्रा,** नि. एच. नं. 1095, मोहल्ला भार्गव कॉलोनी, हेमपुरवा, तरीनपुर, सीतापुर, उत्तर प्रदेश–261001 **गारंटरः**– श्रीमती अंजना मिश्रा पत्नी श्री नीरज मिश्रा, मकान नं. 1095, मोहल्ला भार्गव कॉलोनी, हेमपुरवा, तरीनपुर, सीतापुर, उत्तर प्रदेश–261001 **सीतापुर नेत्र चिकित्सालय** | एच.नं. का ई.एम. 1095, मोहल्ला भार्गव कॉलोनी, हेमपुरवा, तरीनपुर, सीतापुर – 261001, 1080.00 वर्ग फीट, श्री नीरज मिश्रा पुत्र शिवनाथ मिश्रा के नाम पर, सीमाः– **पूर्वः**– प्यारेलाल श्रीवास्तव का घर, **पश्चिमः**– सड़क 12 फीट, **उत्तरः**– मन्ना लाल का प्लॉट, **दक्षिणः**– जगदीश नारायण भार्गव की चहारदीवारी। | **रु. 10,49,395.77/–** (दस लाख उनचास हजार तीन सौ पच्चानवे व सतहत्तर पैसे मात्र )+ ब्याज व अन्य खर्चे | रु. 13.10 लाख / रु. 1.31 लाख | 13.09.2024 दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक |
| 5. | **ऋणीः**– मेसर्स अमजद मिनी आटा और चावल मिल मालिकः– श्री अमजद पुत्र श्री अमजुही, संजय रानी मेवा कुँवर सी बी गंज, संजय रानी, बरेली 243001। श्री अमजद पुत्र श्री अमजुही, संजय रानी मेवा कुँवर सी.बी. गंज, संजय रानी, बरेली 243001। **बरेली मुख्य शाखा** | आवासीय भूमि एवं भवन सानिया रानी मेवा कुँवर परगना, तहसील जिला बरेली में गाटा संख्या. 547, 548 क्षेत्रफल 167.76 वर्ग मीटर श्री अमजद पुत्र श्री अमजुही के नाम पर, इसकी सीमा इस प्रकार हैः– **पूर्वः**– नासिर का घर, **पश्चिमः**– खेत अन्नी, **दक्षिणः**– अन्नी का प्लाट **उत्तरः**– रास्ता– 18 फीट चौड़ा। | **रु. 27,00,348.98/–** (सत्ताईस लाख तीन सौ अडतालिस व अठानवे पैसे मात्र )+ ब्याज व अन्य खर्चे | रु. 26.25 लाख / रु. 2.625 लाख | 13.09.2024 दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक |
| 6. | **ऋणीः– श्रीमती मरियम बेंजामिन पत्नी स्वर्गीय डडली बेंजामिन** पता नंबर 1 :– 5/123 बी, रोड नंबर 6, (आईवीआरआई से नाले के पास), रेलवे अस्पताल कॉलोनी, बरेली – 243001 पता नंबर 2:– 65–66, परतापुर चौधरी, सिद्धार्थ नगर, इज्जत नगर, बरेली –243001 **गारंटरः**– 1. श्रीमान एंथोनी एम बेंजामिन पुत्र स्वर्गीय डडली बेंजामिन, 5/123 बी, रोड नंबर 6, (आईवीआरआई से नाले के पास), रेलवे अस्पताल कॉलोनी, बरेली–243001 2. श्री अबीउद्दीन पुत्र नियाजुद्दीन, 49, रोड नंबर 8,फरीदपुर चौधरी, इज्जत नगर, बरेली–243001 3.श्रीमती राजरानी पत्नी श्री बाबू राम, रोड नंबर 6, हनुमान मंदिर के पास, 206, सिद्धार्थ नगर, बरेली–243001 **बरेली मुख्य शाखा** | खसरा/खेत नंबर 65 और 66 मिनट के एक हिस्से पर स्थित आवासीय संपत्ति का पूरा हिस्सा और पार्सल, परतापुर चौधरी, बरेली, यूपी, माप क्षेत्र 83.61 वर्ग मीटर श्रीमती मरियम बेंजामिन के नाम पर, **उत्तर की ओर** से घिरा **:** 12 फीट सड़क, **दक्षिण में** किसी अन्य व्यक्ति की भूमि, **पूर्व में**:–ब्रिजेश कुमार की भूमि, **पश्चिम में** द्वाराः– खान साहब की भूमि | **रु. 14,76,408.53/–** (चौदह लाख छिहत्तर हजार चार सौ आठ व तिरपन पैसे मात्र )+ ब्याज व अन्य खर्चे | रु. 12.00 लाख / रु. 1.20 लाख | 13.09.2024 दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक |
| 7. | **ऋणीः– 1. श्री प्रदीप कुमार श्रीवास्तव,** 337/2, राजेंद्र नगर, बांके बिहारी मंदिर के पास, बरेली उ.प्र.। 2. श्रीमती मिनी श्रीवास्तव, 337/2, राजेंद्र नगर, बांके बिहारी मंदिर के पास, बरेली। **वीएलएम शाखा** | वह हिस्सा और पार्सल आवासीय दो मंजिला मकान नंबर– 337/2, राजेंद्र नगर, बांके बिहारी मंदिर, बरेली में स्थित है, जिसका आकार लगभग 72.10 वर्ग मीटर है। टाइटल डीड क्रमांक 3834 दिनांक 15.03.2013 के माध्यम से मिनी श्रीवास्तव के नाम पर कायम है। **पूर्व** रोड और मकान ए–337/1, **पश्चिम**– मकान नंबर–ए 333/3, **उत्तर**– मकान नंबर–ए 337/3, **दक्षिण**– मकान नंबर–ए 335/1 | **रु. 26,49,968.33/–** (छब्बीस लाख उनचास हजार नौ सौ अड़सठ व तैंतीस पैसे मात्र )+ ब्याज व अन्य खर्चे | रु. 27.90 लाख / रु. 2.79 लाख | 13.09.2024 दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक |
| 8. | **ऋणीः**– मैसर्स गणेश आटा चक्की प्रो. चंद्र किशोर मिश्रा, निवासी एच 231 नवाब नियामत खान, फर्रुखाबाद– 209625 **गारंटरः**– श्रीमती सुधा रानी (सुधा मिश्रा) पत्नी श्री चंद्र किशोर मिश्रा निवासी एच 231 नवाब नियामत खान, फर्रुखाबाद–209625 **फर्रुखाबाद शाखा** | 4/60 मोहल्ला मेमरान, तहसील, सदर और जिला–फर्रुखाबाद में स्थित आवासीय भूमि और भवन का ईएम, जिसका विक्रय विलेख संख्या है। 737 दिनांक 10/02/1995। संपत्ति श्रीमती सुधा रानी (सुधा मिश्रा) पत्नी श्री चंद्र किशोर मिश्रा के नाम पर है, जिसका क्षेत्रफल 78.06 वर्ग मीटर हैः **पूर्वः**– प्लॉट विक्रेता (राम नरेश दीक्षित का घर), **पश्चिमः**– खरीदार सुधा रानी का घर, **उत्तरः**– घर अशोक कुमार शाक्य का, **दक्षिणः**– रास्ता 20 फीट | **रु. 10,48,663.76/–** (छः लाख अड़तालीस हजार छः सौ तीरसठ व छिहत्तर पैसे मात्र )+ ब्याज व अन्य खर्चे | रु. 9.58 लाख / रु. 0.958 लाख | 13.09.2024 दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक |

**नियम व शर्ते : बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों 2002 में वर्णित नियम व शर्तों तथा निम्नलिखित आगामी शर्तों के अधीन होगीः–**
**1.** सम्पत्तियों को ''जैसा है जहां है'' और ''जैसी है जो है'' और ''जो भी है वही है'' के आधार पर बेचा जा रहा है। **2.** उपरोक्त अनुसूची में निर्दिष्ट प्रतिभूत आस्तियों के विवरणों को प्राधिकृत अधिकारी की उचित जानकारी के अनुसार अंकित किया गया है, किन्तु प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी त्रुटि, गलत बयानी या भूल–चूक के लिए जवाबदेय नहीं होंगे। **3.** अधोहस्ताक्षरी द्वारा बिक्री के लिए दिनांक 13.09.2024 को दोपहर 12:00 से अप. 04:00 बजे तक वेबसाईट https://ebkray.in में प्रदान किए गए ई–नीलामी प्लेटफार्म के माध्यम से की जाएगी। **4.** बिक्री की विस्तृत नियम व शर्तो हेतु, कृपया https://ebkray.in या www.unionbankofindia.co.in देखें। **5.** अधिक जानकारी के लिए ऊपर दी गई शाखा से सम्पर्क कर सकते हैं। **6.** ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि, ई–नीलामी के दिन के प्रारम्भ होने पर या उससे पहले।

**दिनांक : 28.08.2024** स्थान-बरेली, सीतापुर, फर्रूखाबाद प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक



## उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| 1 | **कार्य का नाम एवं लोकेशन : 14/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2024 दूसरी कॉल:-** मुरादाबाद मंडल में विभिन्न स्थानों पर स्थापित यूटीएस और पीआरएस, बैटरी बैंक के साथ विभिन्न निर्माण और क्षमताओं के ऑन लाइन यूपीएस के तीन (3) वर्षों के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव के लिए अनुबंध। |
| 2 | **कार्य की अनुमानित लागत (रु.) :** 56,23,105.36 (जीएसटी सहित) |
| 3 | **कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है :** विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद। |
| 4 | **बिड सिक्यूरिटी राशि (रु.) :** 1,12,500/- |
| 5 | **कार्य के पूर्ण करने की समय अवधि :** 36 (छत्तीस) माह |
| 6 | **निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय :** निविदायें दिनांक 13.09.2024 को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 15.00 बजे खोली जायेगी। |
| 7 | **वेबसाइट एवम कार्यालय का पता :** वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय / उत्तर रेलवे, मुरादाबाद। |

**निविदा सूचना सं.: 20/2024 दिनांकः 22.08.2024** **2652/2024**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**



## कार्यालय ग्राम पंचायत महिमा नगला, वि.खं. फतेहगंज पश्चिमी, बरेली

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मो व विक्रेताओं को सूचित किया जाता है, वित्तीय वर्ष 2024–25 में ग्राम पंचायत महिमा नगला में मनरेगा योजना से निम्न निर्माण कार्य हेतु स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका सामग्री विवरण निम्नवत है– ईंट, बजरफुट, सरिया, सीमेंट, रेत व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 1. | हुलासी राम के घर से तोताराम के घर तक सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 256330/– |
| 2. | पप्पू श्रीवास्तव के घर से नौबत सिंह के घर तक सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 372655/– |

उक्त कार्य हेतु सीलबंद निविदायें दिनांक 29.08.2024 से 04.09.2024 दोपहर 3 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिनांक 04.09.2024 को सायं 4 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत सचिवालय पर खोली जायेगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान–अनीता देवी** **सचिव–अक्षय गुप्ता**



## कार्यालय ग्रा. पं. कल्याणपुर हिकमत अली, वि.खं. नवाबगंज (बरेली)

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2024–25 हेतु स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)फेज–2 योजनान्तर्गत ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंध (SLWM) के अन्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) 15वां वित्त आयोग, ग्राम निधि की धनराशि से ईट, रेत व बजरफुट, सरिया, रोड़ा, आयरन ऐंगल, टीन शैड, सीमेंट, ई–रिक्शा/पीवीसी पाइप इंटरलॉकिंग ईट आदि हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | सामग्री |
|---|---|---|---|
| 1. | ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन | 1. सामुदायिक एवं संस्थागत खाद गडडा/ कम्पोस्ट पिट 2. कचरा वाहन (ई रिक्शा) 3. एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन केन्द्र 4. सामुदायिक वर्मी कम्पोस्ट। | गुणवत्तायुक्त ईट, रोड़ी, सीमेंट, रेता, बजरी बजरफुट, आयरन ऐंगल, टीन शैड, ई–रिक्शा पाइप, हैंडपंप मरम्मत दीवार चित्रण आदि कार्यो से सबंधित है। |
| 2. | तरल अपशिष्ट प्रबन्धन (ग्रेनाइट मैनेजमेंट) | 1. सामुदायिक एवं संस्थाओं हेतु सोक पिट 2. फिल्टर चैम्बर (तालाब/जलाशयों पर) 3. वेस्ट स्टेबलाइजेशन पॉण्ड (WSP) | |
| 3. | मलीय अपशिष्ट प्रबन्धन | सैप्टिक टैंकों से निकलने वाले ब्लॉक वाटर हेतु सामुदायिक एवं संस्थागत लीच किट | |

उक्त कार्यो को कराने के लिए सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर करने हेतु अनुभवी संस्थाओं के चयन हेतु निविदायें आमंत्रित की जा रही है। निविदादाताओं की फर्म का GST फर्म में रजिस्ट्रेशन, श्रम कार्ड भी आवश्यक होगी। निविदा दिनांक 29.08.2024 से 02.09.2024 को 2 बजे तक आंमत्रित की जाती है जो उसी दिन सायं 4 बजे खोली जायेगी।

**कुसुमा देवी** **ग्राम प्रधान** — **नरेश राठौर** **सचिव**



## उ. प्र. प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड

**क्षेत्रीय कार्यालयः 1219/1, ई-ब्लाक राजेन्द्र नगर, बरेली-243 122**

**प्रेस विज्ञप्ति**

एततद्वारा जनसमान्य को सूचित किया जाता है कि क्षेत्रीय कार्यालय, बरेली के क्षेत्रान्तर्गत आच्छादित जनपद बरेली, पीलीभीत, बदायूं एवं शाहजहांपुर में स्थापित/संचालित उद्योगों/इकाईयों हेतु अपशिष्ट प्लास्टिक नियम, 2016 यथासंशोधित के नियम–09 एवं 13 के अन्तर्गत Extended Producer Responibility Plan बोर्ड में जमा किया जाना है।

अपशिष्ट प्लास्टिक नियम, 2016 यथासंशोधित के नियम–9 एवं 13 के अन्तर्गत प्रोड्यूसर्स, इम्पोर्टस एवं ब्राण्ड ऑनर्स द्वारा वातावरण में अपने उत्पाद से जनित प्लास्टिक को वापस लेते हुये रिसाइकिल/डिस्पोज कराये जाने की उत्तरदायिता प्राविधानित है। उक्त प्राविधानों के अनुपालन हेतु प्रत्येक प्रोड्यूसर्स, इम्पोर्टस एवं ब्राण्ड ऑनर्स द्वारा Extended Producer Responibility Plan उ.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में जमा किया जाना है।

अपशिष्ट प्लास्टिक नियम, 2016 यथासंशोधित के नियम–9 एवं 13 के अन्तर्गत प्रोड्यूसर्स, ब्राण्ड ऑनर्स मैन्युफैक्चरर्स एवं रिसाइकलर्स द्वारा पंजीकरण प्राप्त किया जाना प्राविधानित है।

उ.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा अपशिष्ट प्लास्टिक नियम, 2016 के यथासंशोधित के नियम–9 के अन्तर्गत Extended Producer Responibility Plan उ.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में जमा किया जाने हेतु Standard Operating Procedure तैयार किया गया है, जो कि बोर्ड की बेवसाइट www.uppcb.com एवं बोर्ड के समस्त 28 क्षेत्रीय कार्यालयों पर उपलब्ध है।

समस्त प्रोड्यूसर्स, इम्पोर्टस एवं ब्राण्ड ऑनर्स को निर्देशित किया जाता है कि बोर्ड द्वारा तैयार की गयी Standard Operating Procedure के अनुसार पूर्व में जमा किये गये Extended Producer Responibility Plan को अपडेट करते हुये तथा जिनके द्वारा अद्यतन तक Extended Producer Responibility Plan बोर्ड में जमा नहीं किये गये है, के द्वारा नवीन Extended Producer Responibility Plan उ.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में अविलम्ब जमा किया जाये तथा उ.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड/केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (जो भी लागू हो) से पंजीकरण प्राप्त किया जाना सुनिश्चित करें। उक्त कार्यवाही को पूर्ण न किये जाने की दशा में दोषी उद्योगों/इकाईयों के विरूद्ध केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार 18.03.2016 अथवा उद्योग के क्रियाशील होने की तिथि (जो भी पहले हो) से रू. 5000/– प्रति टन अपशिष्ट प्लास्टिक जनन की दर से अनुपालन किये जाने की तिथि तक पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित किये जाने एवं पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा–5 के प्राविधानों के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी, जिसका संपूर्ण उत्तरदायित्व स्वयं उद्योगों/ इकाईयों का होगा।

**क्षेत्रीय अधिकारी**



## जाहीर नोटीस

**मुंबई सिटी सिविल न्यायालय, दिंडोशी यहां पर बोरीवली विभाग, गोरेगांव, मुंबई**

**कमर्शिअल समरी सुट क्र. ६९३ /२०२३**

**मेसर्स प्रामा हिकविजन इंडया प्रायवेट लिमिटेड कंपनी जो की भारतीय कंपनी कानुन १९५६ के प्रावधानों तहत पंजीकृत की गई हैं उनके अधिकृत प्रतिनिधी के द्वारा श्री. ब्रम्हदेव शर्मा जिनका पंजीकृत कार्यालय -**सिध्दिविनायक आर्केड, २रा माला, आकुर्ली क्रॉस रोड नं.१, स्टेशन के पास, कांदिवली पूर्व, मुंबई, महाराष्ट्र- ४००१०१ ............**दावेदार**

**विरुध्द**

**मेसर्स सिंह इलेक्ट्रॉनिक्स, उनके एकमात्र मालिके द्वारा श्री. मन मोहन सिंह, जिनका कार्यालय**- सी-२७, विमला कुंज, संजय नगर, बायपास सैनिक कॉलनी, बरेली, उत्तर प्रदेश २४३००१ ..........**प्रतिवादी**

कृपया ध्यान दें कि यह माननीय न्यायालय माननीय न्यायाधिश श्रीमती एस. एम. टाकलीकर सी. आर. क. ३ में अध्यक्षता करते हुए दिनांक ६/९/२०२४ को सुबह ११.००/दोपहर २.४५ बजे या उसके तुरंत बाद पेश किया जायेगा ताकि निम्नलिखित राहत के लिये वादी की ओर से वकिल की सुनवाई की जा सके।

अ. प्रतिवादी को आदेश दिया जाए और डिक्री की जाए कि वह वादी को रू ६६,६४,३४८/- (छियासठ लाख चौसठ हजार तीन सौ अडतालीस रूपये पात्र) की राशि का भुगतान करे, जैसा कि विशेष रूप से इस दावे के साथ संलगन है, मूलधन और उसपर मुकदमा दायर करने की तिथि तक देय ब्याज और साथ ही मामले के विशिष्ट तथ्यों और परिस्थितीयों के आधार पर प्रतिवादी द्वारा वादी को इस मुकदमे के संस्थित होने की नियत तिथि से लेकर पूरी राशि की वास्तविक वसूली तक देय १२ प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से भविष्य का ब्याज भी वसूल कर दिया जाये।

ब. प्रतिवादी को आदेशित किया जाए और डिक्रि की जाए की वह इस दावे की किंमत वादी को देय करें।

क. मामले के तथ्यों और परिस्थितीयों के आधारपर न्यायोचित और उचित समझी जाने वाली कोई भी अन्य राहत वादी को प्रदान की जा सकती है।

आज दिनांक ०८ जुलै २०२४

**हस्ताक्षर/-**
**अतुल डब्ल्यु. मटकर, वादी के वकिल**
कार्या-२०१, प्रकाश विल्ला, कौशल्या हॉस्पिटल के पास, गणेश वाडी, ठाणे ४००६०१

कोर्टाचा शिक्का

हस्ताक्षर/-
**निबंधक के लिये**
**सिटी सिविल कोर्ट, दिंडोशी**

यत्र स्त्री यत्र कितवो बालो यत्रानुशासिता।
मज्जंति तेवशा राजन् नद्यामश्मप्लवा इव॥

जहां का शासन स्त्री, जुआरी और बालक के हाथ में होता है। वहां के लोग नदी में पत्थर की नाव में बैठने वालों की भांति विवश होकर विपत्ति के समुद्र में डूब जाते हैं।

## संपादकीय

# समुद्र का बढ़ता जलस्तर

समुद्री जलस्तर में चिंताजनक ढंग से हो रही वृद्धि को संयुक्त राष्ट्र ने वैश्विक आबादी के लिए विशाल खतरा करार दिया है। जलवायु परिवर्तन पर बनाए संयुक्त राष्ट्र के अंतर-सरकारी पैनल (आईपीसीसी) ने भी अंदेशा जताया है कि सदी के अंत तक उच्च उत्सर्जन परिदृश्य में वैश्विक स्तर पर समुद्र का जलस्तर 1.6 मीटर तक बढ़ सकता है। समुद्र का ऊंचा जलस्तर अधिक खतरनाक तूफानों का कारण बन रहा है जिससे जान-माल का नुकसान हो रहा है। अनुमान है कि दुनिया में 90 करोड़ लोग समुद्र के नजदीक रहते हैं। इंसान पहले से कहीं ज्यादा बाढ़ और गायब होती तटरेखा जैसे खतरों से जूझ रहा है। इसके साथ ही समुद्र का बढ़ता जलस्तर पेयजल को खारा बना रहा है। इसकी वजह से भारत, बांग्लादेश, पाकिस्तान, मालद्वीप, सहित अन्य देशों में तटों के आसपास रहने वाले समुदायों के लिए खतरा बहुत ज्यादा बढ़ जाएगा। बढ़ते समुद्री जलस्तर के दूरगामी नतीजे हो सकते हैं, जोकि केवल भौतिक पर्यावरण तक ही सीमित रहने के बजाय, विश्व भर में संवेदनशील हालात से जूझ रहे देशों में आर्थिक, सामाजिक व सांस्कृतिक ताने-बाने को भी प्रभावित कर सकते हैं।


भारत की 7,516 किलोमीटर लंबी तटरेखा में मुख्य भूमि पर 5,422 किलोमीटर, नौ राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों के द्वीपों पर 2,094 किलोमीटर की तटरेखा शामिल है। समुद्र तट व्यापार देश के कुल व्यापार का 90 प्रतिशत हिस्सा है और यह 3,331 तटीय गांवों और 1,382 द्वीपों तक फैला है। सेंटर फॉर स्टडी ऑफ साइंस, टेक्नोलॉजी एंड पॉलिसी (सीएसटीईपी) ने एक रिपोर्ट में खुलासा किया है कि समुद्र का बढ़ता जल स्तर 2040 तक मुंबई में 13 फीसदी से अधिक जमीन को निगल लेगा। इसी तरह अगले 16 वर्षों में चेन्नई का 7.3 फीसदी (86.8 वर्ग किलोमीटर) हिस्सा पानी में डूबा होगा, जो सदी के अंत तक बढ़कर 18 फीसदी (215.77 वर्ग किलोमीटर) पर पहुंच जाएगा। समुद्र का बढ़ता जलस्तर पूरी तरह से मानव निर्मित संकट है। दुनिया को हरकत में आना होगा और इससे पहले बहुत देर हो जाए लोगों के जीवन की रक्षा करनी होगी। इसके लिए सबसे कारगर और जरूरी उपाय ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कटौती के जरिये जलवायु परिवर्तन की रफ्तार में कमी लाना है। हालांकि समुद्र में जलस्तर वृद्धि की प्रक्रिया को पूरी तरह से उलटना संभव नहीं है। बढ़ते जल स्तर के कुछ प्रभाव अपरिहार्य हैं। इसलिए प्रक्रिया को उलटने पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय आगे की वृद्धि को रोकने के उद्देश्य से इसे कम करने के लिए व्यावहारिक उपाय करने होंगे।

# जम्मू-कश्मीर : प्रयोग और परिवर्तन के प्रयासों की परीक्षा



प्रदीप मिश्र
वरिष्ठ पत्रकार

1996 के बाद यहां किसी भी दल को बहुमत नहीं मिला है। उस समय नेशनल कांफ्रेंस ने 87 में से 57 सीटें पाई थीं, जो 2002 और 2008 में 28 पर आ गईं। 2008 में 11 सीटें पाने वाली भाजपा 2014 में दोगुने से अधिक यानी 25 सीटों तक पहुंच गई।



दूसरी तरफ राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस के साथ 'इंडिया' गठबंधन में प्रमुखता और प्रखरता से शामिल नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी में चुनाव पूर्व तालमेल नहीं हुआ है। फिर भी लोकसभा चुनाव में मतदाताओं के मिजाज के आधार पर हुए गठबंधन में नेशनल कांफ्रेंस ने 51 सीटें अपने लिए ले लीं। कश्मीर के लोगों को अनुच्छेद 370 की याद दिलाई जा रही है। घोषणापत्र में इस अनुच्छेद के साथ-साथ राज्य के दर्जे की बहाली और 2000 से पूर्व विधानसभा द्वारा पारित वृहत्तर स्वायत्तता का प्रस्ताव भी है। पीडीपी का घोषणापत्र भी कश्मीर केंद्रित है। वह भारत-पाकिस्तान के बीच बातचीत और विश्वास बहाली की पैरोकार है। अपनी बेटी इल्तिजा मुफ्ती की चुनावी रण में उतारने वाली पार्टी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती की गठबंधन न होने पर सधी प्रतिक्रिया से जाहिर है कि नतीजों के बाद बनने वह गठबंधन सरकार का समर्थन करेंगी।

पांच अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 को समाप्त कर केंद्र शासित प्रदेश बनाए गए जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अब मतदाताओं का मन बताएगा कि 2014 के बाद हुए बदलावों को उन्होंने किस भाव-भावना से महसूस किया है। 2019 के बाद तो वादों-इरादों, दावों-प्रतिदावों की बाढ़ सी आती रही है। कई प्रयोग भी किए गए। परिणामों में इनका परीक्षण होगा। अनुच्छेद 370, पूर्ण राज्य के दर्जे की बहाली के साथ-साथ रोजी-रोजगार और जमीन के बुनियादी अधिकारों पर जम्मू की जनता की जद्दोजहद, कश्मीरियों की कश्मकश और पंडितों के पुनर्वास पर पशोपेश का भी जनादेश में अहम पहलू बनना तय है।

1996 के बाद यहां किसी भी दल को बहुमत नहीं मिला है। उस समय नेशनल कांफ्रेंस ने 87 में से 57 सीटें पाई थीं, जो 2002 और 2008 में 28 पर आ गईं। 2008 में 11 सीटें पाने वाली भाजपा 2014 में दोगुने से अधिक यानी 25 सीटों तक पहुंच गई। 2014 में अलग-अलग लड़ी पीडीपी ने 28, नेशनल कांफ्रेंस ने 15 और कांग्रेस ने 12 सीटें जीती थीं। अब जम्मू-कश्मीर में 'एक विधान-एक निशान' के तहत भारत सरकार के नियम-कानून लागू हो रहे हैं। आपातकाल के दौर में शुरू हुई छह साल की राज्य सरकार की परंपरा भी खत्म होने वाली है। 36 सदस्यीय विधान परिषद का अस्तित्व खत्म हो गया है। राज्यसभा की खाली चार सीटें विधानसभा चुनाव के बाद ही भरी जाएंगी। चुनाव बाद केंद्र शासित प्रदेश के पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल होने की संभावना है। अनुच्छेद 370 खत्म करते समय संसद में गृहमंत्री अमित शाह और बाद में श्रीनगर में सार्वजनिक तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसकी घोषणा कर चुके हैं। 2023 में सुप्रीम कोर्ट अनुच्छेद 370 के खात्मे को संविधान सम्मत ठहराने के साथ ही राज्य का दर्जा खत्म करने पर सवाल उठा चुकी है। आजादी के बाद जम्मू-कश्मीर पहला राज्य है, जिसे विभाजित कर केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया। वैसे, शेख अब्दुल्ला द्वारा नाराजगी में रियासी जिले को खत्म कर तहसील बनाने का उदाहरण भी यहीं का है। गुलाम नबी आजाद के मुख्यमंत्रित्व काल में पुराना जिला बहाल हो पाया।

दस साल बाद अवाम जो नई सरकार चुनेगा, उसके स्वरूप और ताकत के बारे में वह आश्वस्त नहीं है। राज्य के दर्जे की जल्द वापसी पर उसे संशय है। दिल्ली या पुडुचेरी मॉडल उसे समझना होगा। हालांकि छह साल से राज्यपाल और उपराज्यपाल शासन के अधीन होने के कारण अधिकारियों की मनमर्जी को मतदाता समझ गए हैं। इससे पहले इतने लंबे अर्से तक उसे कभी भी अपने नुमाइंदों से दूर नहीं रहना पड़ा है। इस दौरान जनप्रतिनिधियों का विवशता से वास्ता साफ दिखा। फिर भी पुराने और स्थापित दलों और उनके नेताओं को चुनौती देने और अपनी पहचान बनाने के लिए जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी और डेमोक्रेटिक प्रोगेसिव आजाद पार्टी जैसे नए दल बने। नए दलों के अलावा सज्जाद लोन की पीपुल्स कांफ्रेंस, बारामुला से लोकसभा सदस्य इंजीनियर रशीद की अगुवाई वाली अवामी इत्तेहाद पार्टी ही नहीं, 1987 के बाद पहली बार जमात-ए-इस्लामी से जुड़े नेता भी निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं।

बीते पांच साल में पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर (पीओके), वेस्ट पाकिस्तानी शरणार्थियों को जमीन जायदाद का मालिकाना हक दिया गया है। पंचायतों, शहरी स्थानीय निकाय में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण और महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें सुरक्षित की गई हैं। औद्योगीकरण के लिए 90 हजार करोड़ से अधिक के प्रस्तावों में से 14 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश हुआ है। 34 हजार से अधिक सरकारी नौकरी दी गईं। श्रीनगर में विजय दशमी के आयोजन, साढ़े तीन दशक बाद शिया समुदाय का जुलूस, खीर भवानी मंदिर में कश्मीरी पंडितों की पूजा-अर्चना और इसी साल जुलाई तक 12.5 लाख से अधिक पर्यटकों को घाटी आना भी उपलब्धि है।

चुनाव की घोषणा से ठीक पहले 78 वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में पाकिस्तान के सीमावर्ती जिले बारामुला में कशूर रिवाज में 10 हजार छात्राओं ने एक साथ कश्मीरी लोक नृत्य प्रस्तुत कर विश्व रिकॉर्ड बना दिया। यही नहीं, दो दशक के दौरान 2024 में चौथी बार अमरनाथ यात्रियों की संख्या पांच लाख से अधिक रही। रक्षाबंधन पर श्रीनगर के शंकराचार्य मंदिर में 50 हजार से अधिक श्रद्धालु पहुंचे और हरि पर्वत घंटे-घड़ियाल से गूंज गया। एक बार पीडीपी के साथ गठबंधन सरकार बना और गिरा चुकी भाजपा को ऐसे आयोजनों के अलावा राष्ट्रवाद, अनुसूचित जनजातियों के लिए पहली बार आरक्षित की गईं नौ सीटों, अनुसूचित जाति की सात सीटों और आठ लाख से अधिक नए मतदाताओं का सहारा है। वह जम्मू संभाग की 43 सीटों पर चुनाव केंद्रित कर कश्मीर घाटी में 8-10 सीटों पर निर्दलियों को समर्थन देगी, लेकिन पहले चरण की 24 सीटों पर उसने जम्मू संभाग की चिनाब घाटी (डोडा, किश्तवाड़ और रामबन) पीर पंजाल (राजोरी-पुंछ) में भी मुस्लिम उम्मीदवार उतार कर इरादे जता दिए हैं। बाद के दो चरणों की सूची में दोनों पूर्व उपमुख्यमंत्रियों डॉ. निर्मल सिंह और कविंद्र गुप्ता का नाम नहीं होना बताता है कि पुराने और लोकप्रिय चेहरों को किनारे कर आयातित नेताओं के सहारे पार्टी दंभ दिखा रही है। यह हाल तब है, जब लोकसभा चुनाव में उसके साथ रही पूर्व मंत्री अल्ताफ अंसारी की अपनी पार्टी और गुलाम नवी आजाद की डीपीएपी बाद में राजनीतिक सौदेबाजी के लिए छिटक गई हैं।

दूसरी तरफ राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस के साथ 'इंडिया' गठबंधन में प्रमुखता और प्रखरता से शामिल नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी में चुनाव पूर्व तालमेल नहीं हुआ है। फिर भी लोकसभा चुनाव में मतदाताओं के मिजाज के आधार पर हुए गठबंधन में नेशनल कांफ्रेंस ने 51 सीटें अपने लिए ले लीं। कश्मीर के लोगों को अनुच्छेद 370 की याद दिलाई जा रही है। घोषणापत्र में इस अनुच्छेद के साथ-साथ राज्य के दर्जे की बहाली और 2000 से पूर्व विधानसभा द्वारा पारित वृहत्तर स्वायत्तता का प्रस्ताव भी है। पीडीपी का घोषणापत्र भी कश्मीर केंद्रित है। वह भारत-पाकिस्तान के बीच बातचीत और विश्वास बहाली की पैरोकार है। अपनी बेटी इल्तिजा मुफ्ती की चुनावी रण में उतारने वाली पार्टी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती की गठबंधन न होने पर सधी प्रतिक्रिया से जाहिर है कि नतीजों के बाद बनने वह गठबंधन सरकार का समर्थन करेंगी।

## प्रसंगवश

# फ़िराक़ के लिए अश्लीलता का मुद्दा



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

उर्दू के मशहूर शायर फ़िराक़ गोरखपुरी का जन्म 1896 ई. में गोरखपुर में हुआ था। फ़िराक़ का पूरा नाम रघुपति सहाय फ़िराक़ था। पेशे से वकील पिता मुंशी गोरख प्रसाद भी शायर थे। इस प्रकार कह सकते हैं कि शायरी फ़िराक़ को विरासत में मिली थी। फ़िराक़ गोरखपुरी ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय में शिक्षा प्राप्त की और उनकी नियुक्ति डिप्टी कलेक्टर के पद पर हो गई।

इसी बीच गांधी जी ने असहयोग आंदोलन छेड़ा तो फ़िराक़ उसमें सम्मिलित हो गए। नौकरी गई और जेल की सजा मिली। कुछ दिनों तक वे आनंद भवन, इलाहाबाद में पंडित नेहरू के सहायक के रूप में कांग्रेस का काम भी देखते रहे। बाद में उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय में अंग्रेजी के शिक्षक के रूप में काम किया। फ़िराक़ साहब ने अपने लेखन के जरिए कला के जो मानक बनाए हैं उन पर खुलकर बहस करने की जरूरत है। उनके लिए अश्लीलता और नग्नता कभी मुद्दा नहीं रहा। वे हर चीज को कला के नजरिए से देखते थे, इसलिए इतना सुंदर और बेबाक लिख पाए- यह वस्लका है करिश्मा कि हुस्न जाग उठा।/तेरे बदनकी कोई अब खुद आग ही देखे।। हिंदी-उर्दू में प्रगतिशील लेखकों ने बड़े पैमाने पर सन् 1940-60 के बीच में स्त्री के सौंदर्य, प्रेम और शरीर पर बहुत ही बेहतरीन साहित्य रचा है। आमतौर पर उस साहित्य का ठीक से मूल्यांकन नहीं हुआ है। यह स्त्री के सौंदर्य, रूप और देह को लेकर नई अनुभूति का साहित्य है। इस तरह के साहित्य सृजन में फ़िराक़ साहब की रचनाओं की बड़ी भूमिका है। फ़िराक़ ने नियाज़ साहब को एक पत्र में लिखा- "जिस तरह रोने से कुछ फ़ायदा नहीं होता, फिर भी आंसू निकल ही आते हैं, उसी तरह गजल कहने से होता क्या है? मगर मजबूरियां और मायूसियां झख मारने को मजबूर कर देती हैं।" हिंदी-उर्दू में प्रगतिशील लेखकों ने बड़े पैमाने पर सन् 1940-60 के बीच में स्त्री के सौंदर्य, प्रेम और शरीर पर बहुत ही बेहतरीन साहित्य रचा है। आमतौर पर उस साहित्य का ठीक से मूल्यांकन नहीं हुआ है। यह स्त्री के सौंदर्य, रूप और देह को लेकर नई अनुभूति का साहित्य है। इस तरह के साहित्य सृजन में फिराक साहब की रचनाओं की बड़ी भूमिका है।

# रहवास समाप्त होने से बढ़ीं मनुष्य-पशु मुठभेड़



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

मनुष्य जनित वनों के विनाश से ये आबादियों के निकट आकर भेड़ों और दूसरे मवेशी शावकों पर झपट्टा मारने लगे।

लीजिए सचमुच भेड़िया आ ही गया। उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में नर-भक्षी हो चुके भेड़ियों के एक झुंड ने आतंक मचा दिया। शासन प्रशासन के लिए यह एक बड़ी चुनौती है, क्योंकि भेड़ियों के घात लगाकर किए आक्रमण में कई लोग जिनमें ज्यादातर बच्चे हैं, जान गंवा चुके हैं। वन विभाग के आला अधिकारी भी डेरा जमाए हुए हैं और निरंतर कांबिंग कर रहे हैं। ड्रोन से लिए गए चित्र में भेड़ियों का एक झुंड भागता हुआ दिख रहा है। प्रधान वन्य जीव संरक्षक ने अपने ताजा बयान में कहा है कि तीन भेड़िये पकड़ लिए गए हैं, जिनमें एक की मृत्यु हो गई है और दो कानपुर चिड़ियाघर में स्थानांतरित किए जा चुके हैं।

दरअसल कई वन्य पशुओं के प्राकृतिक रहवास का विनाश हो जाने से मनुष्य-पशु मुठभेड़ें विगत एक दशक में तेजी से बढ़ीं हैं। भेड़िया भी उनमें है। सच तो यह है कि कुत्ते (कैनिस डोमेस्टिकस) का बेहद करीबी भेड़िया (कैनिस ल्युपस) खुद संकटापन्न है। वन्य जीव अधिनियम के भाग एक शिड्यूल एक में आ जाने के कारण अबध्य है और कानूनी संरक्षण के दायरे में है। यह रेगिस्तानों और पहाड़ों में तो मांद में रहता है, मगर उत्तर प्रदेश के मैदानी क्षेत्रों की घनी झाड़ियों में छुपकर अपनी वंश रक्षा कर रहा है। बहराइच में अभी भी गहन वन क्षेत्र है, जहां इसे छिपने में सहजता है। प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में झाड़ियों झुरमुटों के सफाए के चलते अब इनका भी सफाया हो चुका है। अब पूर्वांचल में भेड़िया आया, भेड़िया आया जुमला अतीत की याद दिलाता है। ये अब दिखते नहीं। हां इसकी एक निकटवर्ती दूसरी छोटे कद काठी की प्रजाति- सियार/गीदड़ (कैनिस औरियेस) अभी भी रातों में हुंआ-हुंआ का रुदन करती हुई अपने बचे रहने का अहसास दिलाती है। भेड़िया को पूर्वांचल में हुड़ार भी कहा जाता था। कहते हैं कि विदेशी आक्रांता हूड़ों के नृशंस हमलों ने यह नामकरण इस हिंस्र पशु के लिए दिया, मगर भेड़िये कभी मनुष्य के लिए इतने हिंस्र नहीं थे। जब वनों और वन्य जीवों की भरपूर संपदा थी तो ये कुदरती तौर पर खरगोशों, मृगछौनों, पक्षियों का शिकार कर अपना पेट भरते थे।

मनुष्य जनित वनों के विनाश से ये आबादियों के निकट आकर भेड़ों और दूसरे मवेशी शावकों पर झपट्टा मारने लगे। मुर्गियों और अन्य पालतू पशु-पक्षियों को भी दबोच लेते। तभी इन्हें मनुष्य के छोटे-बड़े बच्चों पर आक्रमण करना आरंभ किया। यही कोई दो दशक पहले पूर्वांचल में भेड़ियों का ऐसा खौफ था कि बीबीसी की एक पूरी टीम यहां फिल्म बनाने आई थी। सच तो यह है कि पर्यावरण का विनाश करके मनुष्य ने यह आफत खुद बुलाई है। क्योंकि शिकारी होने के बाद भी इनमें मूलतः मनुष्य पर आक्रमण करने की प्रवृति नहीं होती। प्रसिद्ध व्यवहारशास्त्री डिज्मांड मोरिस ने, 'एडाप्टेड बाई वोल्फ' शीर्षक लेख में बताया है कि इन्हें पालतू भी बनाया जा सकता है। हमारा चिर परिचित कुत्ता तो इन्हीं का घनिष्ठ करीबी है। बहराइच में वन विभाग को भेड़ियों के देशी-विदेशी विशेषज्ञों से कुछ टिप्स लेकर इनके आतंक पर अंकुश लगाना चाहिए। इन्हें पकड़ना बहुत मुश्किल है। तीन भेड़ियों को पकड़ लेना (हालांकि एक की मृत्यु हो गई) सचमुच शाबाशी की बात है। ग्रामीणों को यह बताना जरूरी है कि घात लगाकर आक्रमण करने में भेड़ियों को महारत हासिल है। ये बिल्कुल निश्चल होकर, दुबके हुए अपने लक्ष्य को पाने में घंटों बिता सकते हैं। ऐसे कि अगल-बगल इनकी भनक तक न लगे।

बहराइच में सहसा घर के भीतर कई आक्रमण भेड़ियों ने किए हैं। इनके व्यवहार का दूसरा पहलू यह भी है कि ये रातों-रात घटनास्थल से तीस-चालीस किलोमीटर सहजता से दूर भाग सकते हैं। इसलिए घटनास्थल के आसपास जब तक इन्हें खोजा जाएगा ये बहुत दूर निकल चुके होंगे। कांबिग का दायरा इसलिए बहुत विस्तारित करना होगा जो व्यावहारिक रुप से मुश्किल रहता है। खैर अब कई ड्रोन के जरिये इनको ट्रैक करना आसान हो गया है। बहराइच के चालीस से अधिक गावों तक भेड़ियों ने अपना दायरा बढ़ा लिया है। जरूरी बात यह है कि ग्रामीणों को ही दिन-रात दोनों समय बच्चों को लेकर बहुत सजग रहना होगा। भूखे भेड़िये दिन में भी अटैक कर सकते हैं।

वैसे तो भेड़ियों की संख्या बहुत घट गई है। राजस्थान में भेड़िये कुत्तों के क्रास भी मिलने लगे हैं। जिन पर शोध चल रहा है कि वे नर भेड़िया और मादा कुत्ते के हैं या फिर नर कुत्ते या मादा भेड़िये के। आनुवंशिक दृष्टि से ये कितना एक-दूसरे के करीब हैं इनके कुदरती क्रास से ही स्पष्ट है। इन दोनों तरह के क्रास (संकरण) को वैज्ञानिक शब्दावली में रेसीप्रोकल क्रास कहते हैं। हमारे वन्य जीव अधिनियम में केवल प्रदेश के मुख्य वन संरक्षक को ही नर-भक्षी हो चुके वन्य पशुओं को मारने की इजाजत का अधिकार है। मगर मनुष्य पशु मुठभेड़ों में उभयपक्ष जान गंवा रहे हैं यह दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है।

## सोशल फोरम

# स्पष्ट नहीं था जिन्ना का दृष्टिकोण



वीरेंद्र ओझा
आयकर आयुक्त

जिन्ना के कई भाषण है, जो कहते हैं, जिन्ना के पास पाकिस्तान बनने के बाद के एक स्पष्ट दृष्टिकोण का अभाव था। जिन्ना को खुद ही नहीं पता था या वह समझ नहीं पा रहे थे कैसा पाकिस्तान बनाया जाए, जबकि इसके विपरीत भारत का दृष्टिकोण बहुत ही स्पष्ट था और उसके लिए आजादी के संघर्ष के समय से ही दस्तावेज बनने लगे थे, जिनकी परिणति आजादी के बाद हमें दिखाई देती है।

जिन्ना पाकिस्तान के मुस्लिम समाज के साथ चाहे जो सकारात्मक किए हों, हालांकि एक वाजिब बहस उस पर भी है, खासकर पूर्वी पाकिस्तान को लेकर जो बाद में बंगलादेश बना, पर उनका भारत में पीछे छूट गए मुस्लिम समाज से कोई सरोकार न था। वह मालाबार हिल का अपना बंगला सुरक्षित रखना चाहते थे और नेहरू जी से कहा भी था कि इसे किराये पर उठाने में मदद करें 3000 रुपया प्रतिमाह की दर से, वह भी मात्र यूरोपियन को किराये पर दिया जाए न कि किसी और को। जिन्ना कितने मुस्लिम थे इस पर मुझे गालिब का वह वाक़या याद आता है, जो उन्होंने 1857 की क्रांति के पश्चात अंग्रेज हुक्मरान से कहा था, मैं आधा मुस्लिम हूं, क्योंकि शराब पीता हूं पर जिन्ना तो आधा भी मुस्लिम नहीं थे, क्योंकि वह शराब के साथ और भी चीजें शरीयत में वर्जित उपयोग करते थे।

जिन्ना की 14 अगस्त 1947 की स्पीच कहीं नहीं मिलती, जिसमें उदारवाद एवं धर्म निरपेक्ष दृष्टिकोण परिलक्षित होता है। क्या उस स्पीच को जिन्ना की सहमति के बगैर इतिहास से हटाया गया होगा, वह भी वह जिन्ना जो जब तक जीवित रहे पाकिस्तान के मामलों में एक मात्र निर्णय करने वाले थे। ऐसा कोई तथ्य, भाषाण और लेख आज तक मुझे नहीं मिला, जबकि मैंने बहुत प्रयास किया कि जिन्ना ने अपने पीछे छूट गए भारत के मुसलमानों के हित बारे में किसी भी तरह की बात की हो। जिन्ना ने दो प्रतिशत से कम बोली जाने वाली भाषा उर्दू को पूरे पाकिस्तान पर थोप दिया, जिसका परिणाम बांग्लादेश के विभाजन के रूप में प्राप्त हुआ। द्विराष्ट्र सिद्धांत की धज्जी वैसे ही उड़ी थी, क्योंकि यह बगैर तर्क के था एवं अप्राकृतिक था। इतिहास को घटनाओं और व्यक्तियों के व्यक्तित्व के आलोक में समझने की आवश्यकता है।

-फेसबुक वॉल से

# गुड गवर्नेंस : एक विश्लेषण



प्रमोद कुमार गुप्ता
ग्रुप कैप्टन, भारतीय वायु सेना (वेटरन)

एक विचारणीय सत्य यह भी है कि मध्यम व जमीनी स्तर के सरकारी कर्मचारियों पर अत्यधिक कार्य बोझ रहता है, जो उनकी क्षमताओं व प्रशिक्षण के अनुरूप नहीं होता, अत: यह वर्ग अपनी जिम्मेदारियां समय व गुणवत्ता से संपादित नहीं कर पाता।

प्रशासनिक व सामाजिक व्यवस्थाओं पर राजनीति का साया कोई नई बात नहीं है। आए दिन हम हर छोटे-बड़े मसले में राजनीतिक दखलंदाजी व पक्षपातपूर्ण तौर-तरीकों की बातें करते रहते हैं और समस्याओं के लिए प्रशासन को जिम्मेदार ठहराते हैं, परंतु इन सामाजिक व्यवस्थाओं में गुड गवर्नेंस से जुड़े दो अन्य पहलू भी हैं जिनको समझना आवश्यक है। पहला, प्रशासनिक अमला, जो कार्यपालिका की धुरी है, स्वयं में जनकल्याण के प्रति कितना प्रतिबद्ध है व अच्छी व्यवस्था प्रणाली को धरातल पर उतारने के लिए किस प्रकार कि सकारात्मक सोच व रोड मैप रखता है। दूसरा महत्वपूर्ण पहलू स्वयं जनता ही है, दुर्भाग्यवश गुड गर्वनेन्स में जनता का सरोकार दिन-प्रतिदिन कम होता जा रहा है और वह अपने सामाजिक दायित्व व सहभागिता से दूर भाग रही है।

यह विचार घर कर रह गया है कि अच्छा समाज या देश बनाना केवल सरकार या प्रशासन का ही काम है और इसमें आम नागरिक की कोई जिम्मेदारी नहीं है। हम असफलताओं का ठीकरा सरकारी तंत्र पर तो फोड़ते हैं, परंतु जहां जनसहयोग, सहभागिता या जिम्मेदारी उठाने का प्रश्न आता है, वहां हम चुप हो जाते हैं। यह सोच उत्थानवादी नहीं है। व्यक्तिगत कारणों, राजनीतिक गुटबंदी व लाभ-हानि से परे हटकर यदि कोई कार्यक्रम, योजना या नीति प्रभावी रूप से लागू नहीं होती है तो एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में हमारा सामूहिक दायित्व है कि हम कारणों की तह तक जाएं और व्यवस्थापकों के साथ मिलकर कमियों को दूर करने का प्रयास करें। विदित रहे कि कोई भी योजना बुरी नहीं होती, अच्छा-बुरा सिर्फ उसका क्रियान्वयन होता है और सही क्रियान्वयन के लिए जनता का सहयोग दखलअंदाजी भी नहीं कहा जा सकता। आरंभ में यह सब अव्यावहारिक लग सकता है, परंतु अच्छे परिणाम आने पर इस प्रकार के प्रयासों को स्वीकार्यता मिलेगी। यह भी एक दुर्भाग्यपूर्ण तथ्य है कि सरकारों की सकारात्मक सोच के बावजूद जमीनी स्तर के सरकारी कर्मचारियों की अज्ञानता, उदासीनता, अक्षम कार्यशैली या व्यक्तिगत भ्रष्टाचार के चलते आम जनता को वांछित परिणाम नहीं मिलते, जिसका दुष्प्रभाव न सर्फ आम नागरिकों, बल्कि पूरे व्यवस्था तंत्र को झेलना पड़ता है। ब्लॉक, तहसील या जिला स्तरीय कार्य वर्षों तक लंवित रह जाते हैं, निचले स्तर के कर्मचारियों की कोई जबाबदेही नहीं होती, अतः निराश होकर जनता को उच्च जिला /मंडल या प्रदेश स्तरीय कार्यालयों की शरण लेनी पड़ती है। यही घोर अव्यवस्था के लक्षण हैं इसी को बैड गवर्नेंस कहते है।

एक विचारणीय सत्य यह भी है कि मध्यम व जमीनी स्तर के सरकारी कर्मचारियों पर अत्यधिक कार्य बोझ रहता है, जो उनकी क्षमताओं व प्रशिक्षण के अनुरूप नहीं होता, अतः यह वर्ग अपनी जिम्मेदारियां समय व गुणवत्ता से संपादित नहीं कर पाता। दूसरा, यह कि इस वर्ग पर अनुशासन या अंकुश जैसे शब्द लागू नहीं होते और अराजकता की स्थिति में उच्च अधिकारी वर्ग असहाय सा लगता है। स्टाफ की कमी, काम रोको, धरनाप्रदर्शन, हड़ताल, अन्य विभागीय कार्यों का दबाव भी एक कारण है कि यह कर्मचारी आपने कार्य दक्षतापूर्ण तरीके से नहीं कर पाते। ऐसे प्रशासनिक वातावरण में यह स्वाभविक है कि सिस्टम से त्रस्त जनता अनैतिक रास्ते ढूढ़ लेती है। वह नैतिक-अनैतिक का भेद खत्म कर, नियमों का उल्लंघन कर शॉर्टकट अपनाने को मजबूर हो जाती है।

हम अमूमन ऐसे वाक्य सुनते रहते हैं कि "मैं सालों से दौड़ रहा हूं", "जूते घिस गए हैं", "सुविधा शुल्क देने के बावजूद भी कोई सुनवाई नहीं होती है"। अंततः सिस्टम के शरणागत होना व भ्रष्टाचार का साथ देना आम आदमी की विवशता हो जाती है। अब प्रश्न यह आता है कि इन कुरीतियों का समाधान कैसे हो, प्रश्न कठिन है और उत्तर उससे भी अधिक कठिन। परंतु देश हित में प्रयास तो होना ही चाहिए अन्यथा "जनता की सरकार", "पारदर्शी सरकार", "ईमानदार संवेदनशील सरकार" मात्र नारे ही रहे जाएंगे। हमे त्रिसूत्रीय दृष्टिकोण अपनाते हुए हर स्तर पर विश्वासनीयता, इच्छाशक्ति, जिम्मेदारी व जबावदेही के सिद्धांत को अपनाना होगा। प्रशासनिक कार्यों में राजनीतिक दखलंदाजी बंद होना आवश्यक है। कार्यक्रमों व योजनाओं कि प्रगति पर जन प्रतिनिधि सवाल उठाने का अधिकार अवश्य रखते है, परंतु नियमानुसार क्रियान्वयन कार्य पालिका का ही अधिकार है, जिसमें भाई-भतीजा वाद व अनावश्यक हस्तक्षेप नहीं चाहिए। इसके लिए कार्य पालिका को हर स्तर पर अपनी क्षमताओं में वृद्धि करनी होगी, सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को उनके पद के अनरूप ट्रेनिंग के साथ साथ जिम्मेदारियों का आवंटन भी करना होगा।

समयबद्ध व पारदर्शी रूप से कार्यों का संपादन कार्यपालिका की नैतिक जिम्मेदारी है, जिसका पालन निष्पक्ष रूप से होना चाहिए, जिससे जनता में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़े। स्मरण रहे कि सरकारी संसाधन आम जनता की कमाई है, जिसके सदुपयोग की नैतिक जिम्मेदारी कार्यपालिका की है, अतः वह पब्लिक फंड्स की कस्टोडियन है। इसमें कोई दो मत नहीं कि गुड गर्वनेन्स के लिए एक तरफ राजनीतिक दखलंदाजी का खात्मा हो तो दूसरी तरफ प्रशासनिक अधिकारी वर्ग अपनी कार्य शैली में सुधार लाए और आम जनता को विकास कार्यों में सहयोगी बनने के लिए प्रोत्साहित करे।

## बढ़ने लगे हवाई किराए



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

देश के एक बड़े आर्थिक जगत के अखबार की रिपोर्ट के अनुसार विमान उद्योग में स्पर्धा कम होने से विमानन कंपनियों को काफी राहत मिली है। वे किरायों को कम करने के बजाय किरायों को बढ़ाने की ओर ध्यान दे रहे हैं, जेट एयरवेज और गो फर्स्ट के बंद होने से और स्पाइजेट के विमानों की संख्या कम होने के बाद अब केवल एयर इंडिया और इंडिगो के बीच टक्कर रह गई है। इसका नमूना हाल में 15 अगस्त और 19 अगस्त के बीच देखने को मिला।

2019 में 55.2 प्रतिशत हवाई मार्ग ऐसे थे, जहां स्पर्धा ही नहीं थी और एक ही कंपनी के विमान आते-जाते थे। अप्रैल 2024 में ऐसे मार्ग बढ़कर 69.2प्रतिशत हो गए। देश के सबसे व्यस्त मार्ग दिल्ली मुंबई की बात करें तो इस मार्ग पर अप्रैल 2019 से अप्रैल 2023 तक औसत हवाई किराया 20.5 प्रतिशत तक गिरा, मगर पिछले एक साल में 34.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इसी तरह दिल्ली से बैंगलौर के लिए इकोनॉमी क्लास का किराया एक साल में 53.1 प्रतिशत बढ़ गया।

पिछले कुछ सालों में निस्संदेह विमान क्षेत्र में मांग बढ़ी है, मगर आपसी प्रतिस्पर्धा कम होने से विमान किराए में वृद्धियां हो रही हैं। अब इंडिगो और एयर इंडिया का दबदबा बढ़ रहा है। अगर इसी तरह प्रतिस्पर्धा कम होती जाएगी तो वो समय दूर नहीं जब यह दोनों विमानन कंपनियां अपना किराया और भी बढ़ा सकती हैं, जरूरत है सरकार की ओर से भी बढ़ते किराए पर नियंत्रण रखने की।

# 13 वर्षीया बच्ची प्रेगनेंसी जारी रखने, टर्मिनेशन के बीच उचित विकल्प नहीं चुन सकती: हाईकोर्ट

## न्यायाधीश ने याची की जांच के लिए मेडिकल बोर्ड के गठन का निर्देश दिया

विधि संवाददाता, प्रयागराज



**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी के एक मामले में अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि एक 13 वर्षीय बच्ची टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी और प्रेगनेंसी पूरी अवधि तक जारी रखने के बीच सही विकल्प चुनने में सक्षम नहीं हो सकती है। पीड़िता के जीवन के लिए प्रेगनेंसी जारी रखने की तुलना में गर्भपात से अधिक खतरा हो सकता है।

कोर्ट ने याची की जांच के लिए मेडिकल बोर्ड के गठन का निर्देश दिया, जिसके अनुपालन में मेडिकल बोर्ड ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि प्रेगनेंसी को पूर्ण अवधि तक ले जाना गर्भावस्था को समाप्त करने की तुलना में कम जोखिम भरा है। अतः कोर्ट ने मेडिकल बोर्ड की राय पर भरोसा करते हुए घर के वृद्ध रिश्तेदार द्वारा यौन उत्पीड़न का शिकार हुई बच्ची की 32 सप्ताह की गर्भावस्था को समाप्त करने की अनुमति नहीं दी। उक्त आदेश न्यायमूर्ति शेखर बी.सराफ और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने राज्य को बच्चे के जन्म से संबंधित सभी खर्च वहन करने का निर्देश देने के साथ ही केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (कारा) के निदेशक को बच्चे को गोद लेने के लिए कानून के अनुसार उचित कदम उठाने का आदेश दिया।

### प्रोबेशन अवधि समाप्त होने से पहले स्थानांतरण संभव नहीं

विधि संवाददाता,प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रोबेशन पीरियड समाप्त होने से पहले स्थानांतरण के मामले में कहा कि प्रोबेशन अवधि समाप्त होने से पहले याची का स्थानांतरण नहीं किया जा सकता है। इसके अलावा याची द्वारा पहले ही इस संबंध में विकल्प का प्रयोग कर लिया गया है। अत : एक बार किसी संस्थान में प्रधानाचार्य के रूप में नियुक्त होने के बाद प्रोबेशन अवधि समाप्त होने से पहले उम्मीदवार का स्थानांतरण नहीं किया जा सकता है। इसके अलावा कोर्ट ने इस संबंध में राज्य सरकार से जवाब भी मांगा है। याचिका की अगली सुनवाई के लिए आगामी 9 सितंबर को सूचीबद्ध कर दिया है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकलपीठ ने ज्ञानेश कुमार पाठक की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। याची के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि याची सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एनटीपीसी, दादरी में प्रधानाचार्य के पद पर नियुक्त किया गया था। उनका प्रोबेशन पीरियड समाप्त नहीं हुआ, लेकिन उनका स्थानांतरण कर दिया गया जो नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है।

### बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर में भीड़ प्रबंधन मामले की सुनवाई 4 सितंबर को

विधि संवाददाता,प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर में भीड़ प्रबंधन से संबंधित जनहित याचिका की सुनवाई आगामी 4 सितंबर तक के लिए स्थगित कर दी है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा और न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा की खंडपीठ ने विशेष उत्सवों तथा जन्माष्टमी के दौरान बड़ी भीड़ को संभालने के मामले में दाखिल याचिका पर सुनवाई के दौरान पारित किया। मालूम हो कि मंदिर के सेवादारों ने याचिका की स्वीकार्यता को चुनौती देते हुए इसे निराधार बताया था। उन्होंने तर्क दिया कि वर्तमान प्रबंधन प्रथाएं पर्याप्त हैं और याचिका अनावश्यक रूप से मंदिर के मामलों में हस्तक्षेप कर रही है। बता दें कि तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर की पीठ ने इस मामले पर लंबी सुनवाई के बाद अनुच्छेद 25 और 26 का हवाला देते हुए वृंदावन बांके बिहारी मंदिर में कॉरिडोर बनाने के राज्य सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी। मंदिर परिसर के आसपास अतिक्रमण हटाने का आदेश भी पारित किया गया था, साथ ही कॉरिडोर निर्माण के लिए देवता के बैंक खाते से 262.50 करोड़ रुपए के इस्तेमाल पर भी रोक लगा दी गई थी, लेकिन कोर्ट ने अपने निर्देशों में यह स्पष्ट किया था कि कॉरिडोर के लिए प्रस्तावित अधिग्रहण पर आपत्तियों के कारण मानव सुरक्षा से समझौता नहीं होना चाहिए। महत्वपूर्ण त्योहार पर तीर्थयात्रियों की बढ़ती संख्या के साथ भीड़ का प्रबंधन एक महत्वपूर्ण मुद्दा बन गया है।

## संजय सिंह ने कोर्ट में किया सरेंडर

- 50 हजार रुपये के निजी मुचलके पर मिली जमानत



**सुलतानपुर।** बसपा सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन और रोड जाम के 23 साल पुराने मामले में दोषी आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह हाईकोर्ट से जमानत के बाद बुधवार को एमपी-एमएलए विशेष कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में अपने वकील अरविंद सिंह राजा व रुद्र प्रताप सिंह मदन के साथ हाजिर हुए। कोर्ट ने उन्हें 50 हजार रुपये के निजी मुचलके पर रिहा कर कर दिया। एमपी/एमएलए न्यायाधीश एकता वर्मा के यहां 19 जून 2001 की घटना में पुलिस ने सांसद संजय सिंह, पूर्व विधायक अनूप संडा, पूर्व सभासद कमल श्रीवास्तव आदि के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। प्रेम प्रकाश की मौत हो चुकी थी, शेष छह लोगों के खिलाफ ट्रायल पूरा हुआ था, जिसमें सभी को तीन माह व डेढ़ हजार रुपए अर्थदंड की सजा तत्कालीन एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट योगेश यादव ने सजा सुनाई थी। मामले में अगली सुनवाई 7 सितंबर को होगी।

## बिजली कंपनियां बना रहीं बिजली दरें बढ़ाने का दबाव

**लखनऊ, अमृत विचार:** प्रदेश की नई बिजली दरें निर्धारित करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में हैं। अगले माह दरें घोषित होने की संभावना जताई जा रही है, इस बीच, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने बिजली कंपनियों पर दरें बढ़ाने के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाया है। नियामक आयोग स्तर पर बिजली कंपनियों व उपभोक्ता प्रतिनिधियों के पक्ष सुने जा चुके हैं। पिछले दिनों आयोग की राज्य सलाहकार समिति की बैठक का कार्यवृत्त जारी हो चुका है। इस बैठक में बिजली कंपनियों व उपभोक्ता प्रतिनिधियों ने अपने-अपने तर्क दिए थे। बिजली कंपनियों ने जहां घाटे का उल्लेख कर आयोग ने खुद उचित निर्णय लेने का अनुरोध किया था, वहीं उपभोक्ता प्रतिनिधियों ने दरें बढ़ाने के बजाय घटाए जाने का तर्क रखा था।

परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बिजली कंपनियां पर उपभोक्ताओं का 33,122 करोड़ रुपए निकल रहे हैं। ऐसे में बिजली दरें बढ़ाने के बजाय घटाने की जरूरत है, पर बिजली कंपनियां राजस्व घाटे को पूरा करने के लिए आयोग पर दबाव बना रही हैं।

## सार-संक्षेप

### एक साथ तीन गैंगस्टर की संपत्तियां हुई कुर्क

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश पुलिस ने माफियाओं पर नकेल कसते हुए बुधवार को बड़ी कार्रवाई की। पुलिस एवं प्रशासन ने बाराबंकी, मऊ एवं आजमगढ़ में गैंगस्टर के अभियुक्तों पर कार्रवाई करते हुए उनकी अवैध संपत्तियां कुर्क की हैं। पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार गैंगस्टर एक्ट में अभियुक्त त्रिभुवन नारायण पांडेय द्वारा अपराध से स्वयं एवं परिजनों के नाम पर अर्जित चल, अचल सम्पत्तियों को जिलाधिकारी के आदेश के से जब्तीकरण की कार्रवाई की गई। उधर, आलोक कुमार चौबे निवासी दुबावल टहर थाना कप्तानपुर आजमगढ़, के खिलाफ भी कुर्की की कार्रवाई की गई है। दोनो की कुर्क की गई चल-अचल संपत्ति की कीमत एक करोड़ 75 लाख आंकी गई है। उधर, मऊ जिले के थाना सरायलखंसी में अभियुक्त सुधीर सिंह द्वारा अवैध रूप से अर्जित की गई चल-चल संपत्ति की कीमत करीब 70 लाख सात हजार रुपए आकी गई है। सुधीर सिंह की संपत्ति भी बुधवार को प्रशासन ने कुर्क कर दी है।

### पूर्व विधायक सफदर रजा के केस में सफाई साक्ष्य दर्ज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र धम्मौर के भांईं पैमाइश करने गए लेखपाल के सरकारी कामकाज में बाधा, धमकी व गाली गलौज के 10 साल पुराने मामले में बुधवार को सफाई साक्ष्य में लखनऊ के डॉक्टर रत्नाकर त्रिपाठी की गवाही दर्ज की गई। बचाव पक्ष के वकील हसन अली व राम अवध यादव ने बताया शेष सफाई साक्ष्य की सुनवाई के लिए कोर्ट ने 7 सितंबर की अगली तारीख नियत की है । एडीएम के आदेश पर पैमाइश करने गए तत्कालीन भांई लेखपाल विजय कुमार सिंह ने पूर्व विधायक सफदर रजा के खिलाफ 18 सितंबर 2014 मे धम्मौर थाने मे सरकारी कामकाज मे बाधा ,धमकी, व गाली-गलौज का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था ।

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने किया सरेंडर, रिहा

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** कांग्रेस के पूर्व एमएलसी दीपक सिंह के केस में जमानती वारंट पर अमेठी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने बुधवार को एमपी-एमएलए की कोर्ट में आत्मसमर्पण किया। कोर्ट ने उनकी जमानत मंजूर कर उन्हें रिहा कर दिया। मामला 29 जुलाई 2022 का है, जब कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी का पुतला फूंका था। इस मामले में एमपी-एमएलए विशेष अदालत ने कांग्रेस के पूर्व एमएलसी दीपक सिंह और अन्य 28 आरोपियों को 31 अगस्त को जमानतीय वारंट जारी कर तलब किया है।

### निर्माणाधीन इकाइयों के विलंब पर अध्यक्ष नाराज

**लखनऊ,अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन व उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल ने जवाहरपुर परियोजना में दूसरी इकाई के चालू किए जाने में देरी पर सख्त नाराजगी जाहिर की। अध्यक्ष बुधवार को उत्पादन निगम की परियोजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। अध्यक्ष ने कहा कि निर्माणाधीन 660 मेगावाट की दूसरी इकाई लगाए जाने का कार्य शीघ्र पूरा किया जाए। अध्यक्ष ने घाटमपुर व पनकी परियोजनाओं के शुरू होने में हो रहे विलम्ब पर भी असंतोष व्यक्त किया।

### कृषि क्षेत्र में नवाचार अपनाने को किये जायेंगे प्रयास

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में कृषि क्षेत्र में रोजगार के अवसर और किसानों की आमदनी की संभावनाओं को बढ़ाने के उद्देश्य से कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी और के.वी. राजू ने बुधवार को हैदराबाद (तेलंगाना) में सीड पार्क, भारतीय चावल अनुसंधान संस्थान व भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के अन्न अनुसंधान संस्थान का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ उप्र. कृषि विभाग के उच्चाधिकारी भी उपस्थित रहे। इस दौरान वहां के वैज्ञानिकों के साथ धान की उत्पादकता बढ़ाने के लिए मौसम प्रतिरोधी, वेराइटी को विकसित किये जाने पर चर्चा की।

## 31 पीसीएस अधिकारियों की हुई जिलों में तैनाती

- प्रदेश की अकादमी में प्रशिक्षण ले रहे थे सभी अधिकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** शासन ने प्रशासन एवं प्रबंध अकादमी लखनऊ में प्रशिक्षण ले रहे 31 प्रशिक्षु पीसीएस अधिकारियों को जिलों में तैनाती का आदेश जारी किया है। प्रशिक्षण 30 अगस्त को पूरा हो रहा है।

शासन के नियुक्ति विभाग की ओर से बुधवार को किए गए तैनाती आदेश के अनुसार पीसीएस अधिकारी अंकित कुमार वर्मा को मऊ, शुभेंद्र गोपाल व सल्तनत प्रवीन को फतेहपुर, नागेंद्र पांडेय व श्वेता मिश्रा को बाराबंकी, प्रिंस वर्मा व ज्योति चौरसिया को बहराइच, दिव्या सिकरवार को एटा, प्रतीक्षा पांडेय को अमेठी, कुमार गौरव को श्रावस्ती, मोहसिना बानो को ललितपुर, प्रजाक्ता त्रिपाठी को जौनपुर, संदीप कुमार तिवारी को बलरामपुर, शांतनु कमार सिनसिनवार को हमीरपुर, आशीष भारद्वाज को फर्रूखाबाद, निधि पटेल को बांदा और विकास मित्तल को अमरोहा भेजा गया है। इसी तरह योगिता सिंह को कासगंज, प्रतीक्षा त्रिपाठी को लखीमपुर खीरी, रामकृष्ण चौधरी को बस्ती, विनय कुमार मौर्य को कौशांबी, अनामिका मौर्या को सिद्धार्थनगर, सविता देवी को महोबा, रश्मि यादव को प्रयागराज, अंकित वर्मा को गोंडा, आरती साहू को जालौन, आशुतोष रामप्यारे जैसवाल को गाजीपुर, पंकज कुमार को महराजगंज, चंद्र प्रकाश गौतम व शरद चौधरी को मिर्जापुर और मंजुल मयंक को संतकबीरनगर में तैनाती दी गई है। सभी अधिकारी अपने जिलों के जिलाधिकारी को पहली सितंबर को रिपोर्ट करेंगे।

## देश के हवाई अड्डों पर भी होगा पर्यटन स्थलों का प्रचार

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों का प्रचार अब देशभर के प्रमुख हवाई अड्डा पर भी किया जाएगा। इसके लिए पर्यटन विभाग ने पहले चरण में दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, कोयंबटूर व इंदौर के हवाई अड्डा को चिह्नित किया है।

सरकार की कोशिश है कि प्रदेश में पर्यटन को और बढ़ावा दिया जाए, जिससे ज्यादा से देश-विदेश से ज्यादा से ज्यादा पर्यटक उत्तर प्रदेश के पर्यटन स्थलों का भ्रमण करने आएं। पिछले दो वर्षों से उत्तर प्रदेश घरेलू पर्यटकों की संख्या के मामले में देश में पहले स्थान पर है। पिछले वर्ष प्रदेश में 48 करोड़ पर्यटक आए थे। इस वर्ष इनकी संख्या और बढ़ने की संभावना है। इसके लिए पर्यटन विभाग की तरफ से विभिन्न योजनाओं पर काम किया जा रहा है।

## सेवानिवृत्त मेजर जनरल से ठगे 2 करोड़

- आरोपियों के पास एन के धीर की पूरी वित्तीय जानकारी थी

नोएडा, एजेंसी



साइबर अपराधियों ने सीबीआई और मुंबई पुलिस अधिकारी बनकर सोशल मीडिया के माध्यम से सेना के एक सेवानिवृत्त मेजर जनरल से कथित रूप से दो करोड़ रुपये की ठगी को अंजाम दिया। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, सेना के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी को उनके नाम से मादक पदार्थ समेत अन्य अवैध वस्तुएं विदेश भेजे जाने का उल्लेख कर जेल का डर दिखा ठगी की गई। इस मामले में पुलिस ने मंगलवार को संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है।

साइबर अपराध थाने के प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार गौतम ने बताया कि सेक्टर 31 में रहने वाले मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) एन के धीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 10 अगस्त को उन्हें एक फोन आया और फोन करने वाले ने खुद को डीएचएल कोरियर सेवा का कर्मी बताया। शिकायत के मुताबिक, उसने धीर से कहा कि उनके नाम से मुंबई से ताइवान एक पार्सल बुक हुआ है जिसे सीमा शुल्क विभाग, मुंबई ने खोला तो उसमें पांच पासपोर्ट, पांच बैंक के क्रेडिट कार्ड, कपड़े, 200 ग्राम एमडीएमए (मादक पदार्थ) और एक लैपटॉप है और यह अवैध सामान है। पुलिस ने शिकायत के हवाले से बताया कि आरोपी ने उनकी (धीर की) कथित मुंबई अपराध शाखा के पुलिस के अधिकारी से बात करवाई जिसने अपना पहचान पत्र और फोटो भी व्हाट्सएप पर भेजा। निरीक्षक ने बताया कि ठगों ने सेवानिवृत्त मेजर जनरल से उनके पास मौजूद सारी रकम एक बैंक खाते में स्थानांतरित करने को कहा, जिस पर उन्होंने 14 अगस्त को संबंधित खाते में रकम स्थानांतरित कर दी। पीड़ित के अनुसार आरोपियों के पास उनकी वित्तीय स्थिति से जुड़ी पूरी जानकारी थी।

## सुलतानपुर: दिनदहाड़े ज्वैलरी शॉप में डकैती

### हथियारों से लैस बदमाश करोड़ों की ज्वैलरी-कैश लेकर हुए फरार

जिला संवाददाता, सुलतानपुर



**अमृत विचारः** शहर के चौक इलाके में ठठेरी बाजार स्थित आभूषण की एक दुकान में बुधवार को दिनदहाड़े डाका पड़ गया। नकाबपोश पांच डकैत अचानक दुकान में आ धमके और असलहे के दम पर आभूषण कारोबारी के करोड़ों के जेवरात व करीब 3 लाख कैश लूटकर निकल गए।

घटना से आक्रोशित व्यापारियों ने दुकानें बंद कर दीं। सूचना पर आईजी अयोध्या मंडल प्रवीण कुमार, एसपी सोमेन बर्मा मौके पर पहुंचे। आईजी ने तत्काल जिले की सीमाओं को सील कराते हुए छह टीमें डकैतों की छानबीन में लगा दी। आइजी खुद देर रात तक घटना स्थल पर मौजूद रहे। ठठेरी बाजार में भरत सोनी की भरत सर्राफ नाम से आभूषण की दुकान है। बुधवार की दोपहर 12 बजकर 45 मिनट पर वह बेटे सुमित सेठ, सैदखानपुर के फुटकर व्यापारी अशोक सोनी व एक अन्य ग्राहक के साथ बैठे थे। इसी बीच दुकान में पांच डकैत आ धमके और उन पर असलहे तान दिए। तीन लोग मुंह पर गमछा बांधे थे और दो डकैत हेलमेट पहने हुए थे। भरत सोनी ने बताया कि दो डकैतों ने बैठे लोगों पर पिस्टल तान दी और तीन डकैत अपने हाथ में पहले से लिए बैग में सोने व चांदी के आभूषण भरने लगे। इस दौरान साथ में बैठे व्यापारी अशोक सोनी का आभूषण से भरा बैग भी छीन लिया। तीन लाख रुपये भी छीन लिए। इसके बाद दुकान के सामने खड़ी दो बाइकों पर बैठकर फरार हो गए।

### अखिलेश का तंज- प्रदेश में चल रहा डकैतों का अमृतकाल

सुलतानपुर में डकैती की घटना पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने प्रदेश सरकार को घेरा है। एक्स पर लिखा कि भाजपा राज भ्रष्टाचार-अपराध की जुगलबंदी बनकर रह गया है। हथियारों के बल पर 5 करोड़ की लूट दर्शाती है कि भाजपा राज में किसका अमृतकाल चल रहा है।

## दो लड़कियों की फांसी से मौत के मामले में आत्महत्या की पुष्टि

फर्रुखाबाद,एजेंसी

यहां एक गांव के बाहर एक पेड़ से दो लड़कियों के शव लटके हुए पाये जाने की घटना के एक दिन बाद डॉक्टरों के पैनल ने बुधवार को कहा कि पोस्टमार्टम के बाद यह निष्कर्ष निकला है कि दोनों लड़कियों की मृत्यु दम घुटने से हुई है और इससे दोनों के आत्महत्या करने का संकेत मिलता है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अवनेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने वीडियोग्राफी के साथ, डॉक्टर के पैनल से शवों का पोस्टमार्टम कराया। उन्होंने कहा कि इन लड़कियों की मौत फांसी लगाने से हुई है और उनके शरीर पर कोई भी चोट का निशान नहीं पाया गया। उन्होंने कहा कि दुष्कर्म की आशंका को देखते हुए, स्लाइड बनाई गई है जिसे जांच के लिए भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि पुलिस की जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट मेल खाती है। उन्होंने कहा कि इन लड़कियों ने खुदकुशी की है और उनके शरीर पर कोई भी चोट के निशान नहीं पाए गए हैं।

पुलिस अब उन कारणों का पता लगा रही है जिनके चलते ये लड़कियां यह कड़ा कदम उठाने को बाध्य हुईं। पुलिस के मुताबिक, ये लड़कियां पक्की सहेली थीं और पड़ोस में रहती थीं। इस बीच, एक मृतक लड़की के पिता ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से सामने आए तथ्य झूठे है।

## वर्ग पहेली-175

**बाएं से दाएं**

3. वर्षाऋतु में हिमालय पर स्थित मानसरोवर झील की ओर प्रवास करने वाली हंस की एक प्रजाति।
6. एक-दूसरे का सिर फोड़ना, मारपीट, लडाई-झगड़ा।
8. कपड़े पर कढ़ाई करना की क्रिया, सुई धागे से बेल-बूटे बनाना या काढ़ना।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. चौथाई भाग, चतुर्थांश 2. एक सेर का एक चौथाई भाग 3. एक किलो का चौथाई भाग (250 ग्राम)।
2. 1. सुबह, भोर 2. ग्रीष्म ऋतु 3. एक प्रकार की झाड़ी जिसमें से गोंद निकलती है, लोबान।
4. बत्तख, हंस की प्रजाति का लंबी गरदन और टांगों वाला एक पक्षी।
5. कार्बन का, कार्बन संबंधी।
7. कान या नाक में पहना जाने वाला सुराहीदार मोती।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | ■ | ■ | ■ | 2 |
| | ■ | 3 | | 4 | |
| ■ | 5 | ■ | ■ | | ■ |
| 6 | | | | | |
| ■ | | ■ | ■ | | ■ |
| ■ | | ■ | 7 | ■ | ■ |
| ■ | 8 | | | | |

### वर्ग पहेली -174 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | 1 पु | ■ | 2 प | ■ |
| ■ | 3 खु | र | ह | रा | ■ |
| ■ | ■ | नि | ■ | ■ | 4 इ |
| 5 भे | ड़ि | या | धँ | सा | न |
| द | ■ | ■ | ■ | ■ | क |
| नी | ■ | 6 ख | र | सै | ला |
| ति | ■ | शी | ■ | ■ | बी |

## सुडोकू-88

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 4 | | 9 | | | 8 | |
| 3 | | 8 | | | 2 | 9 | | |
| 1 | 9 | | | 6 | | | 7 | |
| | | 7 | | 3 | | | | 1 |
| | | 9 | | | | 2 | | |
| 6 | | | | 5 | | 4 | | |
| | 8 | | | 1 | | | 9 | 6 |
| | | 6 | 7 | | | 5 | | 3 |
| | 5 | | | 2 | | 1 | 4 | |

### सुडोकू -87 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 3 | 4 | 9 | 8 | 1 | 5 | 2 |
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 2 | 8 | 7 | 6 |
| 1 | 2 | 8 | 5 | 6 | 7 | 9 | 3 | 4 |
| 8 | 3 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 6 | 5 |
| 4 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 9 | 8 |
| 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 8 | 1 | 5 | 2 | 7 |
| 5 | 1 | 2 | 7 | 3 | 4 | 6 | 8 | 9 |
| 7 | 8 | 9 | 2 | 5 | 6 | 4 | 1 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 अगस्त गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-भाद्रपद, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-एकादशी 30 अगस्त 01.37 तक तत्पश्चात द्वादशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-दक्षिण। **ऋतु**-शरद।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-आर्द्रा 16.39 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

**मेष** — आज अपने प्रेमी जन को विवाह के लिए प्रपोज करने हेतु दिन अच्छा है। लोगों के साथ विविध विषयों पर चर्चा करने में आप काफी रुचि लेंगे। आपके मनोबल में वृद्धि होगी। धन से जुड़े मामलों में आप भाग्यशाली रहेंगे।

**वृष** — आज आपको पुरानी गलतियों को दोहराने से बचना होगा। कुछ रिश्तेदार आपसे ईर्ष्या कर सकते हैं। कुछ महत्वपूर्ण पेपर्स के गुम होने की आशंका है। आप दिखावे के चक्कर में धन खर्च कर सकते हैं। व्यवसाय में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहेगी।

**मिथुन** — आज आप अपने ही निर्णयों को प्राथमिकता दें। सभी काम योजनाबद्ध तरीके से करेंगे,जिसके कारण सभी काम तय समय पर पूर्ण हो जाएंगे। नए काम की शुरुआत कर सकते हैं। व्यापार में उच्च आर्थिक लाभ मिलेगा। राजनीतिक प्रतिस्पर्धा में विजय मिल सकती है।

**कर्क** — आज कार्यक्षेत्र में सहयोगियों के साथ संबंध प्रभावित हो सकते हैं। अपने व्यवहार में लचीलापन रखें। ज्यादा सोच-विचार के कारण आपके काम प्रभावित हो सकते हैं। जीवनसाथी को आपके ऊपर भरोसा कुछ कम हो सकता है। परिवार में कुछ परेशानी का माहौल रहेगा।

**सिंह** — आज जीवनसाथी के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं। संतान के प्रति मन में वात्सल्य भाव बढ़ेगा। विवादित मामलों में प्रतिक्रिया न दें। अपने काम में पारदर्शिता बनाकर रखें। सामाजिक कार्यों से जुड़े लोगों को बड़ा जनसमर्थन मिल सकता है।

**कन्या** — आज आर्थिक स्थिति में धीरे-धीरे सुधार होगा। लेन-देन से जुड़े मामले आसानी से सुलझ जाएंगे। जोखिम भरे कार्यों से आपको बचना चाहिए। आप अपने मनपसंद भोजन का आनंद उठा सकते हैं। कार्यक्षेत्र में सहयोगी आपकी मदद करेंगे।

**तुला** — आज व्यापारिक यात्रा लाभकारी सिद्ध होगी। वैवाहिक जीवन में प्रेमभाव और समर्पण का भाव बढ़ेगा। कई दिनों से रुके हुए काम दोबारा शुरू होंगे। सहकर्मियों के भरोसे अपने काम न छोड़ें। कानूनी विवादों में आपको सफलता मिल सकती है।

**वृश्चिक** — आज रियल एस्टेट में सावधानी पूर्वक निवेश करें। खानपान में थोड़ी भी लापरवाही नुकसानदेह सिद्ध हो सकती है। घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है। लोग आपके ऊपर मिथ्या आरोप लगा सकते हैं। सहकर्मियों के भरोसे अपने काम न छोड़ें।

**धनु** — आज मन को शांत रखने के लिए मधुर संगीत की मदद ले सकते हैं। संतान के व्यवहार से आपका मन प्रसन्न होगा। अपनी बातों को दृढ़तापूर्वक रखने से आपका काम आसानी से पूर्ण हो जाएगा। प्रेम विवाह में आ रही बाधा दूर होगी।

**मकर** — आज आप नया वाहन खरीदने की योजना बना सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको सहकर्मियों का उत्तम व्यवहार देखने को मिलेगा। गैरकानूनी मामलों में आपको उलझने से बचना चाहिए। उच्च अधिकारी के साथ आपके संबंध बहुत ही अच्छे रहेंगे।

**कुंभ** — आज बच्चों के साथ काफी समय बिताएंगे। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। राजनीतिक समारोह में हिस्सा ले सकते हैं। कार्यक्षेत्र में विस्तार कर सकते हैं। नई स्किल्स सीखने को लेकर प्रयत्नशील रहेंगे। माता-पिता के साथ अपने संबंध मधुर रखें।

**मीन** — आज घरेलू मामलों में आपको ध्यान रखने की आवश्यकता है। व्यापारियों के लिए दिन बहुत अच्छा नहीं है। अनुचित कार्यों को लेकर आप रुचि ले सकते हैं। संतान की गलतियों को ढंकने से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सावधान रहें। आपके खर्चों में कमी आएगी।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
कातिलों का कातिल — सुबह : 10.41
फौलादी — रात : 08.34

&pictures
ग्रेट ग्रैंड मस्ती — सुबह : 10.53
लॉस्ट — रात : 08.00

SONY PIX
घोस्टबस्टर्स — सुबह : 11.28
जिओस्ट्राम — रात : 09.00

ZEE CINEMA
मेरा बदला — सुबह : 10.50
अक्षरा — रात : 08.00

colors CINEPLEX
डैशिंग सीएम भारत — सुबह : 10.40
द गार्जियन — रात : 07.59

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक महिला रिक्शे वाले से- मैं तुम्हारे रिक्शे से उतरकर जा रही थी, फिर भी तुम ने भाड़ा क्यों नहीं मांगा?
रिक्शा वाला- जी, मैं शरीफ औरतों से पैसे नहीं मांगता।
महिला-अगर मैं बिना भाड़ा दिए चली जाती तो?
रिक्शा वाला- मैं समझ जाता कि आप शरीफ नहीं हैं और फिर मैं भाड़ा मांग लेता।

हॉस्टल में रहने वाले पिंटू ने अपने दोस्तों से कहा- यार धोखा हो गया धोखा
दोस्त- क्या हो गया?
पिंटू- यार घर से बुक्स के लिए पैसे मंगवाए थे, लेकिन घर वालों ने बुक्स ही भेज दीं।

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 2135, राज श्री 1440, फ़ॉर्चून कि. 1760, रविन्द्रा 2010, फॉर्चुन ली. 1610, जय जवान 1540, सचिन 1585, सूरज 1565, अवसर 1670, राग गोल्ड 1685, गृहणी ली 1595, क्लासिक (किलो) 1700, मोर 1685, चक्र टिन 1950, ब्लू 1715, आशीर्वाद मस्टर्ड 1950, स्वास्तिक 2105 । किराना- (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 31000, लाल मिर्च 17000-20000, धनिया 8000-10000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800-900, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 800, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-900 । चावल -( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9600, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो ) 10500, हरी पत्ति नेचुरल नया 10400, जेनिथ 10600, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 । दाल दलहन___मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10800, राजमा चित्रा 13700-14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050-7500 मलका दाल 7275-7900, मलका छाँटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9800-10400, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900,चना काला 8850, दाल चना 9450, लाल हिंदुस्तान 9550, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 10000, चना अकोला 8900, डबरा 10200-11200, सच्चा हीरा 13400, मोटा हीरा 15300, अरहर गोला मोटा 14600, अरहर पटका मोटा 14800, अरहर कोरा मोटा 15300, अरहर पटका छोटा 15300-15700, अरहर कोरी छोटी 16100 । चीनी-डालमियां 4110, पीलीभीत 4100, नवाबगंज 4090, बहेड़ी 4100 ।

## सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 74100 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 73100 |
| सिल्वर (पक्की) | 870 (अनुमानित) |

# दो नई रेलवे लाइन, मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना मंजूर

## मंत्रिमंडल की बैठक : 6,456 करोड़ रुपये में तैयार होंगी रेलवे की तीन परियोजनाएं

नई दिल्ली, एजेंसी



- रेलवे के मौजूदा नेटवर्क को 300 किमी तक बढ़ा देगी यह योजना

प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने 6,456 करोड़ रुपये की कुल अनुमानित लागत वाली तीन रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी है। रेल मंत्रालय के अनुसार, इन परियोजनाओं से दूर-दराज के इलाकों को आपस में जोड़कर ढुलाई संबंधी दक्षता में सुधार लाने, मौजूदा लाइन क्षमता बढ़ाने और परिवहन नेटवर्क का विस्तार करने के साथ-साथ आपूर्ति श्रृंखला को सुव्यवस्थित किया जा सकेगा जिससे तेजी से आर्थिक विकास होगा।

मंत्रालय ने कहा कि नई लाइन के प्रस्तावों से सीधा संपर्क बनेगा तथा भारतीय रेलवे की दक्षता और सेवा संबंधी विश्वसनीयता बढ़ेगी। मल्टी-ट्रैकिंग प्रस्ताव परिचालन को आसान बनाएगा और भीड़भाड़ को कम करेगा। ये परियोजनाएं मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के लिए पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान का परिणाम हैं, जो एकीकृत योजना तैयार किए जाने से संभव हुआ है और यह लोगों, वस्तुओं एवं सेवाओं की आवाजाही के लिए निर्बाध संपर्कता प्रदान करेगा। मंत्रालय ने कहा, ओडिशा, झारखंड, बंगाल और छत्तीसगढ़ के लिए तीन परियोजनाएं रेलवे के मौजूदा नेटवर्क को 300 किलोमीटर तक बढ़ा देंगी।

### पीएम ने की समीक्षा

प्रधानमंत्री मोदी ने 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से संबंधित सात परियोजनाओं की समीक्षा के लिए बुधवार को प्रगति के 44वें बैठक की अध्यक्षता की। इन परियोजनाओं की 76,500 करोड़ है। प्रधानमंत्री कार्यालय से जारी बयान के अनुसार सड़क की दो, रेल दो और कोयला, बिजली एवं जल संसाधन क्षेत्र की एक-एक परियोजनाएं की समीक्षा की गई। यह उप्र, उत्तराखंड, झारखंड, महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात, ओडिशा, गोवा, कर्नाटक, छत्तीसगढ़ और दिल्ली से संबंधित हैं।

### पूर्वोत्तर में पनबिजली के लिए 4,136 करोड़ देगा केंद्र

मंत्रिमंडल ने पूर्वोत्तर राज्यों को आठ साल में 15,000 मेगावाट (15 गीगावाट) क्षमता की पनबिजली परियोजनाएं विकसित करने के लिए 4,136 करोड़ रुपये की इक्विटी सहायता को मंजूरी दे दी। बैठक में बिजली मंत्रालय के पूर्वोत्तर राज्य की सरकारों को केंद्रीय वित्तीय सहायता (सीएफए) देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि योजना का परिव्यय 4,136 करोड़ है और इसे 2024-25 से 2031-32 तक क्रियान्वित किया जाएगा। योजना को बिजली मंत्रालय के कुल परिव्यय से पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए 10 प्रतिशत सकल बजटीय सहायता (जीबीएस) से वित्तपोषित किया जाएगा।

### कृषि अवसंरचना कोष योजना का दायरा बढ़ाएगी सरकार

सरकार ने एक लाख करोड़ रुपये की कृषि अवसंरचना कोष (एआईएफ) योजना का दायरा बढ़ाकर इसे और अधिक आकर्षक बना दिया। यह कदम देश में कृषि संबंधी बुनियादी ढांचा सुविधाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से उठाया गया है। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि एआईएफ के तहत वित्तपोषण सुविधा की केंद्रीय क्षेत्र योजना के प्रगतिशील विस्तार को मंजूरी दी गई है। इसका मकसद इसे और अधिक आकर्षक, प्रभावी और समावेशी बनाना है। देश में कृषि बुनियादी ढांचे को आगे बढ़ाने और मजबूत करने तथा कृषक समुदाय को समर्थन देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में सरकार ने एआईएफ योजना के दायरे का विस्तार करने को कई उपायों की घोषणा की है।

# वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाने में जन धन योजना की अहम भूमिका : मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रधानमंत्री ने की योजना की सफलता के लिए काम करने वालों की सराहना

प्रधानमंत्री मोदी ने प्रधानमंत्री जन धन योजना के 10 वर्ष पूरे होने पर बुधवार को कहा कि यह योजना सम्मान, सशक्तीकरण और राष्ट्र के आर्थिक जीवन में भागीदारी का प्रतीक है। मोदी ने योजना की सफलता के लिए काम करने वालों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि यह योजना वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण रही है।

प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा, आज एक ऐतिहासिक दिन है... जन धन योजना के 10 वर्ष पूरे हो गए हैं। सभी लाभार्थियों को शुभकामनाएं और योजना को सफल बनाने के लिए दिन-रात एक करने वालों को भी बधाई। उन्होंने कहा कि जन धन योजना वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और करोड़ों लोगों खासकर महिलाओं, युवाओं तथा वंचित समुदायों को सम्मान देने में सबसे आगे रही है। प्रधानमंत्री ने पेशेवर मंच लिंक्डइन पर बाद में लिखा योजना को शुरू हुए एक दशक हो गया है और यह पहल महज नीति नहीं है। यह एक ऐसे भारत के निर्माण का प्रयास है, जहां हर नागरिक, चाहे उसकी आर्थिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो, उसकी बैंकिंग प्रणाली तक पहुंच हो।

### पीएमजेडीवाई गरीबों मुख्यधारा में शामिल करती है : वित्त मंत्री

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) सबसे बड़ी वित्तीय समावेश पहल है जो गरीबों को मुख्यधारा में लाती है और हाशिए पर मौजूद समुदायों के विकास में भूमिका निभाती है। वित्तीय समावेश के लिए राष्ट्रीय पहल पीएमजेडीवाई के सफल क्रियान्वयन को एक दशक पूरा हो गया है। सीतारमण ने कहा कि बैंक खाते, लघु बचत योजनाएं, बीमा तथा पहले बैंकिंग सुविधा से वंचित रहे लोगों को ऋण सहित सार्वभौमिक, सस्ती व औपचारिक वित्तीय सेवाएं प्रदान कर जन धन योजना ने देश के बैंकिंग तथा वित्तीय परिदृश्य को बदल दिया है। जन धन खातों के जरिये 53 करोड़ लोग औपचारिक बैंकिंग प्रणाली में शामिल हुए हैं।

# पेटीएम को पीपीएसएल में निवेश के लिए सरकार की मंजूरी मिली

नई दिल्ली, एजेंसी

- कंपनी बोली- भुगतान एग्रीगेटर लाइसेंस के लिए नए सिरे से करेगी आवेदन

पेटीएम ब्रांड का स्वामित्व रखने वाली वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी वन97 कम्युनिकेशन को पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी पेटीएम पेमेंट्स सर्विसेज लिमिटेड (पीपीएसएल) में डाउनस्ट्रीम निवेश के लिए सरकार की मंजूरी मिल गई है।

कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि वह भुगतान एग्रीगेटर (पीए) लाइसेंस के लिए नए सिरे से आवेदन करेगी। पेटीएम ने कहा कि पीपीएसएल को वित्त मंत्रालय के तहत आने वाले वित्तीय सेवा विभाग से 27 अगस्त, 2024 के पत्र से मूल कंपनी से निवेश के लिए मंजूरी मिल गई है। पीपीएसएल मौजूदा भागीदारों को ऑनलाइन भुगतान एग्रीगेटर सेवाएं देना जारी रखेगी। आरबीआई ने 2022 में पेटीएम के लाइसेंस आवेदन को रद कर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के तहत प्रेस नोट-3 अनुपालन के साथ फिर से आवेदन का निर्देश दिया था।

# सेबी ने राणा शुगर्स, प्रवर्तकों तथा अन्य को प्रतिभूति बाजार से दो वर्ष के लिए किया प्रतिबंधित

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने राणा शुगर्स, उसके प्रवर्तकों तथा अन्य संबंधित संस्थाओं सहित 14 इकाइयों को प्रतिभूति बाजार से दो वर्ष के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। धन के हेर-फेर के आरोप में उन पर 63 करोड़ का जुर्माना भी लगाया है।

पूंजी बाजार नियामक ने इंदर प्रताप सिंह राणा (प्रवर्तक), रणजीत सिंह राणा (चेयरमैन), वीर प्रताप राणा (प्रबंध निदेशक), गुरजीत सिंह राणा, करण प्रताप सिंह राणा, राजबंस कौर, प्रीत इंदर सिंह राणा और सुखजिंदर कौर (प्रवर्तक) पर किसी भी सूचीबद्ध कंपनी में निदेशक स्तर या कोई अन्य प्रबंधन स्तर का पद लेने से भी दो साल की रोक लगाई है। सेबी ने राणा शुगर्स, उसके प्रवर्तकों, अधिकारियों और अन्य संबंधित पक्षों पर तीन करोड़ रुपये से लेकर सात करोड़ रुपये तक का जुर्माना लगाया है।

# यूपीआई, रुपे को वैश्विक बनाने के प्रयास : दास

मुंबई, एजेंसी



- ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में आरबीआई के गवर्नर ने कहा- वित्तीय ढांचे को मजबूत करना केंद्रीय बैंक का लक्ष्य

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने बुधवार को कहा कि यूपीआई और रुपे को वैश्विक बनाने के प्रयास हो रहे हैं। दास ने ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2024 में कहा कि आरबीआई का ध्यान वित्तीय समावेशन, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई), उपभोक्ता संरक्षण एवं साइबर सुरक्षा, टिकाऊ वित्त और वित्तीय सेवाओं के वैश्विक एकीकरण को सशक्त बनाने पर है।

उन्होंने कहा कि भारत कई देशों के साथ आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मंचों और द्विपक्षीय समझौतों का सक्रिय हिस्सा है और सीमापार भुगतान प्रणालियों सहित वित्तीय बुनियादी ढांचे को मजबूत करना रिजर्व बैंक का प्रमुख लक्षित क्षेत्र होगा। दास ने कहा कि इस दिशा में भूटान, नेपाल, श्रीलंका, सिंगापुर, संयुक्त अरब अमीरात, मॉरीशस, नामीबिया, पेरू, फ्रांस और कुछ अन्य देशों के साथ यूपीआई नेटवर्क से रुपे कार्ड और भुगतान की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। ये दुनिया में भारत की पहल को अपनाने के लिए प्रयासों को रेखांकित करते हैं।

### सीमापार भुगतान से धनशोधन पर लगाम मुश्किलः फेडरल

**मुंबई।** आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास की सीमापार लेनदेन में अधिक दक्षता लाने की मांग के बीच अमेरिकी केंद्रीय बैंक के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि बाधा-रहित सीमापार भुगतान से धनशोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण पर रोक लगा पाना मुश्किल होगा। अमेरिकी बैंक फेडरल रिजर्व के निदेशक मंडल के सदस्य क्रिस्टोफर जे वालर ने कहा कि भुगतान की रफ्तार धीमी करने वाले सभी गतिरोध खराब ही नहीं होते हैं। भुगतान की धीमी रफ्तार एवं सुस्त निपटान से बैंकों को धनशोधन रोकने और आतंकवाद के वित्तपोषण का मुकाबला करने, धोखाधड़ी से किए सीमापार भुगतान को रोकने में मदद मिलती है।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### एमसीडी कराएगा 4 सितंबर को वार्ड समिति के चुनाव

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) 12 जोन में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुनने के लिए चार सितंबर को वार्ड समिति के चुनाव कराएगा। आदेश अनुसार दिल्ली नगर निगम विनियम 1958 के अनुसार वार्ड समिति के चुनाव गुप्त मतदान के जरिये कराए जाएंगे। पार्षद 30 अगस्त तक निगम सचिव के पास अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं।

### सैर के दौरान कुत्तों के हमले में बुजुर्ग महिला की मौत

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में सुबह सैर के दौरान 76 वर्षीय बुजुर्ग महिला की बुधवार को आवारा कुत्तों के हमले में मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक राजदुलारी सिन्हा पर सुबह 6.30 बजे जलाहल्ली स्थित एयरफोर्स ईस्ट 7वें आवासीय शिविर के मैदान में 10-12 कुत्तों ने हमला कर दिया। गंगम्मा गुडी थाने में इस सिलसिले में मामला दर्ज किया गया है। सिन्हा वायुसेना के एक कर्मी की सास हैं और कुत्तों के हमले के बाद अस्पताल ले जाने के दौरान उनकी मौत हो गई।

### कश्मीरी पंडितों ने की पुनर्वास की मांग

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के पास आते ही विस्थापित कश्मीरी पंडित कश्मीर घाटी में गृह निर्वाचन क्षेत्रों से मीलों दूर होने के बावजूद मतदान के लिए उत्सुक हैं और वे चाहते हैं कि वापसी तथा पुनर्वास की उनकी प्राथमिक पूरी की जाए। 1990 में पलायन के बाद से देश में फैला यह समुदाय विधानसभा चुनावों में घाटी में स्थायी बसावट की वकालत कर रहा है।

### 12 साल बच्ची से किया दुष्कर्म 52 वर्षीय व्यक्ति गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के रोहिणी स्थित कब्रिस्तान में 52 वर्षीय व्यक्ति ने नाबालिग बच्ची से कथित तौर पर दुष्कर्म किया। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि आरोपी ने लड़की के बीमार पिता के इलाज के लिए तंत्र-मंत्र की आड़ में अपराध को अंजाम दिया।

### भट्टी सीआईएसएफ के महानिदेशक नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी राजविंदर सिंह भट्टी को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) का प्रमुख नियुक्त किया गया है। भट्टी को पदभार ग्रहण करने की तिथि से 30 सितंबर 2025 को उनकी सेवानिवृत्ति की तिथि तक के कार्यकाल के लिए सीआईएसएफ के महानिदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।

# डॉक्टरों ने ममता की अपील ठुकराई

## 20 दिनों से काम बंद कर हड़ताल कर रहे हैं चिकित्सक, मांगों को लेकर रैली भी निकाली

कोलकाता, एजेंसी

**कोलकात्ता दुष्कर्म-हत्याकांड**

- डॉक्टर्स फोरम ने कहा- महिला डॉक्टर को न्याय समेत मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रखेंगे
- पूर्व प्राचार्य को निलंबित तथा कोलकाता पुलिस आयुक्त पर कार्रवाई की मांग

प. बंगाल में आंदोलनरत जूनियर डॉक्टरों ने काम पर लौटने की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की अपील को बुधवार को ठुकरा दिया। राज्य के महिला जूनियर डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या की घटना के विरोध में 20 दिनों से काम बंद कर हड़ताल कर रहे हैं।

प. बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फोरम के सदस्य ने कहा कि महिला डॉक्टर को न्याय समेत मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रखेंगे। जूनियर डॉक्टरों ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पूर्व प्राचार्य डॉ. संदीप घोष को स्वास्थ्य सेवाओं से निलंबित करने तथा कोलकाता पुलिस आयुक्त पर कार्रवाई की मांग की। डॉक्टरों ने मांगों को लेकर कोलकाता के उत्तरी भाग में श्यामबाजार इलाके में रैली भी निकाली। प. बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फोरम के सदस्य ने कहा कि हमें यह जानकर खुशी हुई कि मुख्यमंत्री हमारे मुद्दे का समर्थन कर रही हैं। हम काम पर लौटना चाहते हैं लेकिन अभी यह संभव नहीं है क्योंकि हमारी मांगें तक पूरी नहीं हुई हैं।

तृणमूल कांग्रेस छात्र परिषद की रैली में ममता बनर्जी ने कहा कि मैं शुरू से ही डॉक्टरों के प्रति सहानुभूति रखती आ रही हूं, क्योंकि वे अपने सहयोगी के लिए न्याय की मांग कर रहे हैं। हमने उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की, जबकि घटना को इतने दिन बीत चुके हैं। हम आपका दर्द समझते हैं। लेकिन, कृपया अब काम पर लौट आइए, क्योंकि मरीज बेहद परेशान हैं।

### बंगाल में केंद्र की योजनाएं नहीं लागू

**नई दिल्ली।** बंगाल कांड पर हो रहे विरोध प्रदर्शन के बीच केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा है कि राज्य में एक महिला मुख्यमंत्री होने के बावजूद महिलाओं की स्थिति बिगड़ती जा रही है। उन्होंने महिलाओं के खिलाफ अपराधों से निपटने के लिए त्वरित अदालतों के गठन और आपातकालीन हेल्पलाइन जैसी केंद्र सरकार की योजनाओं को लागू करने में विफल रहने के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पश्चिम बंगाल सरकार की आलोचना की।

### बंद के खिलाफ याचिका रद

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने भाजपा द्वारा आहूत 12 घंटे के बंगाल बंद के खिलाफ याचिका बुधवार को खारिज कर दी, क्योंकि संबंधित याचिकाकर्ता को पूर्ववर्ती आदेश के माध्यम से अदालत के समक्ष जनहित याचिका (पीआईएल) दायर करने से हमेशा के लिए रोक दिया गया था। उच्च न्यायालय में वकालत का दावा करने वाले याचिकाकर्ता संजय दास ने अपनी याचिका में अनुरोध किया था कि बंद को अवैध घोषित किया जाए। मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवज्ञानम की अध्यक्षता वाली एक खंडपीठ ने जनहित याचिका खारिज कर दी।

# जनता से लूटे 43,500 करोड़ रुपये : खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री जनधन योजना के 10 साल पूरे होने पर बुधवार को दावा किया कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के समय की वित्तीय समावेशन योजना का नाम बदलकर जनधन कर दिया गया और आज उसी की वर्षगांठ है।

उन्होंने सवाल भी किया कि क्या यह सच नहीं कि 10 करोड़ से ज्यादा जनधन बैंक खाते बंद हो चुके हैं, जिनमें 50% बैंक खाते महिलाओं के थे? प्रधानमंत्री मोदी ने अपने पहले कार्यकाल की शुरुआत के कुछ महीनों बाद 28 अगस्त, 2014 को जनधन योजना की शुरुआत की थी। खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया कि क्या यह सच नहीं कि 10 करोड़ से ज्यादा जनधन बैंक खाते बंद हो चुके हैं, जिनमें 50% बैंक खाते महिलाओं के थे?

# असम को धमकी देने की हिम्मत कैसे हुई : हिमंत

गुवाहाटी, एजेंसी



- बंगाल की मुख्यमंत्री ममता के भड़काऊ भाषण पर साधा निशाना

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा ने उनके राज्य में अशांति की कथित धमकी देने पर बुधवार को प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि ममता बनर्जी अपनी असफलताओं को छिपाने के लिए जनता को भड़काने की कोशिश कर रही हैं।

सरमा ने एक्स पर ममता बनर्जी के भाषण की 46 सेकंड की वीडियो साझा की और लिखा, दीदी, आपकी हिम्मत कैसे हुई असम को धमकाने की? हमें आंखें मत दिखाइए। अपनी असफलता की राजनीति से भारत को जलाने की कोशिश मत कीजिए। आपको विभाजनकारी भाषा बोलना शोभा नहीं देता।

### विपक्ष ने सरमा के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत

**गुवाहाटी।** असम के विपक्षी दलों ने बुधवार को मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, जिसमें उन पर धर्म और जाति के आधार पर शत्रुता को बढ़ावा देने का आरोप लगाया गया है। संयुक्त विपक्षी मंच असम (यूओएफए) के महासचिव लुरिनज्योति गोगोई द्वारा दिसपुर थाने में शिकायत दी गई। गोगोई के साथ मंच के अन्य दलों के नेता भी मौजूद थे। यूओएफए असम में 18 दलों का गठबंधन है।

# केंद्र ने चिकित्सकों की सुरक्षा के लिए राज्यों से कहा- बढ़ाएं रात की गश्त

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों को लिखा पत्र

केंद्र ने कार्यस्थलों पर चिकित्सकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राज्यों को विभिन्न कदम उठाने को कहा है, जिनमें अस्पताल में रात में गश्त और महत्वपूर्ण स्थानों तक लोगों की पहुंच को विनियमित करना शामिल है। कोलकाता में जूनियर डॉक्टर से दुष्मर्क- हत्या मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बाद केंद्र ने यह कदम उठाया है।

केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा ने 23 अगस्त को राज्यों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों को लिखे पत्र में अस्पतालों में हिंसा और कोलकाता की घटना के परिणामस्वरू विरोध प्रदर्शनों पर उनका ध्यान आकृष्ट किया। उन्होंने कहा कि घटना का स्वतः संज्ञान लेते हुए सुप्रीम कोर्ट ने 20 और 22 अगस्त को आदेश दिए। कोर्ट ने 22 अगस्त के आदेश में, अन्य बातों के साथ यह निर्देश दिया कि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव राज्य के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों के साथ मिलकर काम करेंगे, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि राज्य सरकारें/केंद्र शासित प्रदेश राष्ट्रीय कार्य बल (एनटीएफ) की रिपोर्ट प्राप्त होने तक बुनियादी जरूरतों को लागू करें।

# आरोप पर गिरफ्तारी नहीं, पुलिस पहले जांच करें : बॉम्बे हाईकोर्ट

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने वसूली के मामले में ठाणे के पत्रकार की गिरफ्तारी को अवैध करार देते हुए कहा है कि महज आरोप पर गिरफ्तारी नहीं होनी चाहिए और पुलिस को पहले वास्तविकता की जांच करनी चाहिए।

न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और श्याम चांडक की खंडपीठ ने महाराष्ट्र सरकार को पत्रकार अभिजीत पडाले को 25,000 रुपये का मुआवजा देने का निर्देश देते हुए कहा कि तीन दिनों तक जेल में रखने से उनके स्वतंत्रता के अधिकार का हनन हुआ। अदालत ने मुंबई पुलिस आयुक्त को पत्रकार को गिरफ्तार करने वाले शहर के वकोला थाने के पुलिसकर्मियों के आचरण की जांच को भी कहा। इसके लिए उपायुक्त स्तर के अधिकारी को नियुक्त करने का भी निर्देश दिया गया। पडाले ने याचिका में कोर्ट से अनुरोध किया था कि उनकी गिरफ्तारी और हिरासत को अवैध घोषित किया जाए, क्योंकि पुलिस ने पहले उन्हें नोटिस जारी नहीं किया था।

# कुकर्म के अपराधों के प्रावधानों को बीएनएस से हटाने के विरुद्ध अभ्यावेदन पर निर्णय करे केंद्र

नई दिल्ली, एजेंसी

**दिल्ली हाईकोर्ट का निर्देश**

- खंडपीठ ने केंद्र से कहा- अभ्यावेदन पर छह महीने में फैसला करें
- भारतीय दंड संहिता की धारा 377 बीएनएस के लागू होने से हो गई है निरस्त

दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि वह अप्राकृतिक यौन संबंध और कुकर्म के अपराधों के लिए दंडात्मक प्रावधानों को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) से बाहर करने के खिलाफ दायर जनहित याचिका को अभ्यावेदन के तौर पर विचार करे। बीएनएस ने भारतीय दंड संहिता का स्थान लिया है।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेलेला की खंडपीठ ने केंद्र सरकार से कहा कि वह इस अभ्यावेदन पर शीघ्रता से निर्णय ले और यदि हो सके तो छह महीने में फैसला किया जाए। अदालत ने याचिका का निपटारा कर दिया तथा याचिकाकर्ता को अनुमति दी कि यदि सरकार उसके अभ्यावेदन पर निर्णय लेने में देरी करती है तो वह अपनी याचिका लेकर फिर से अदालत आ सकता है। अदालत ने वकील गंतव्य गुलाटी की जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान यह फैसला सुनाया। गुलाटी ने अपना पक्ष व्यक्तिगत रूप से अदालत के समक्ष रखा। उन्होंने बीएनएस लागू होने से उत्पन्न आवश्यक कानूनी विसंगती को दूर किए जाने का अनुरोध किया था। बीएनएस के लागू होने से भारतीय दंड संहिता की धारा 377 निरस्त हो गई। केंद्र के वकील अनुराग अहलूवालिया ने दलील दी कि यह मामला विचाराधीन है और इस पर समग्र दृष्टिकोण अपनाया जाएगा।

# जम्मू कश्मीर विस चुनाव नहीं लड़ेंगी महबूबा

**श्रीनगर।** पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने बुधवार को कहा कि वह जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगी। अगर वह मुख्यमंत्री बन भी गईं तो भी वह केंद्र शासित प्रदेश में अपनी पार्टी का एजेंडा पूरा नहीं कर पाएंगी। मैं भाजपा के साथ मुख्यमंत्री रही हूं जिसने (2016 में) 12,000 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी वापस ले ली थी। उन्होंने कहा कि उमर ने कहा कि चपरासी के तबादले के लिए उन्हें गवर्नर के दरवाजे पर जाना पड़ेगा। मुझे इसकी चिंता नहीं है, लेकिन क्या हम अपना एजेंडा लागू कर सकते हैं?

# डब्ल्यूएफआई की याचिकाः केंद्र को जवाब के लिए दिया समय

**दिल्ली हाईकोर्ट में निलंबन को चुनौती**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निलंबन को चुनौती देने वाली याचिका पर जवाब देने के लिए केंद्र को बुधवार को चार सप्ताह का समय और दिया। केंद्र ने निर्णय लेने में स्वयं के संविधान के प्रावधानों का कथित तौर पर पालन नहीं करने को लेकर नए पदाधिकारी चुनने के तीन दिन बाद 24 दिसंबर, 2023 को डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया था और आईओए से प्रबंधन के लिए तदर्थ समिति गठित करने का अनुरोध किया था। केंद्र ने उस याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय और मांगा, जो पहली बार अप्रैल में सुनवाई के लिए आई थी।

# मुआवजे में देरी के लिए महाराष्ट्र सरकार की खिंचाई

नई दिल्ली, एजेंसी



- सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारी को कारण बताओ नोटिस भेजा
- याचिकाकर्ता की जमीन पर छह दशक से है सरकार का कब्जा

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को महाराष्ट्र सरकार से ऐसे व्यक्ति को दिए जाने वाले मुआवजे की गणना में विलंब और गैर-गंभीर दृष्टिकोण पर नाखुशी जताई, जिसकी जमीन पर छह दशक से सरकार ने अवैध कब्जा कर लिया था।

न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति प्रशांत मिश्रा और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने वन एवं राजस्व विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजेश कुमार को कारण बताओ नोटिस जारी किया और उनसे पूछा कि विभाग द्वारा दायर हलफनामे में की गई अवमाननापूर्ण टिप्पणियों के लिए उनके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई क्यों न शुरू की जाए। पीठ ने वरिष्ठ आईएएस अधिकारी को नौ सितंबर को व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश होने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि जब राज्य ने मुआवजे की पुनर्गणना के विशेष उद्देश्य के लिए समय मांगा है, तो ऐसा किया जाना चाहिए था। ऐसा प्रतीत होता है कि राज्य टालमटोल कर रहा है। कोर्ट ने कहा कि हलफनामे से ऐसा प्रतीत होता है कि राज्य सरकार मुआवजा देने के प्रति गंभीर नहीं है।

### धनशोधन मामलों में भी जमानत नियम, जेल अपवादः कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने ईडी द्वारा दर्ज अवैध खनन से संबंधित मामले में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सहयोगी को राहत देते हुए बुधवार को कहा कि धन शोधन के मामलों में भी जमानत नियम है और जेल में रखना अपवाद है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि अदालत का मानना है कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज मामलों में भी जमानत नियम है और जेल अपवाद है। पीठ ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को उसकी स्वतंत्रता से वंचित नहीं किया जाना चाहिए और धन शोधन मामले में आरोपी की जमानत के लिए दोहरी शर्तें रखने वाली पीएमएलए की धारा 45 में भी सिद्धांत को इस तरह से नहीं लिखा गया कि स्वतंत्रता से वंचित करना नियम है।

## जय ने बोर्ड को बनाया अग्रणी : सचिन

मुंबई, एजेंसी



● तेंदुलकर ने बीसीसीआई सचिव के रूप में शाह के कामकाज की प्रशंसा की व दी बधाई

दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के नवनियुक्त अध्यक्ष जय शाह की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव के रूप में पुरुष और महिला क्रिकेट को समान प्राथमिकता देने के उनके प्रयासों के कारण भारतीय बोर्ड अन्य संचालन संस्थाओं से काफी आगे निकल गया। शाह ने अक्टूबर 2019 में बीसीसीआई का पद संभाला था। वह पांच साल तक इस पद पर रहे जिसे अब उन्हें छोड़ना पड़ेगा। वह एक दिसंबर को आईसीसी में अपना पद संभालेंगे। तेंदुलकर उन कई क्रिकेटरों में शामिल हैं जिन्होंने शाह को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। जय शाह ने बीसीसीआई सचिव के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान इन गुणों का अच्छी तरह से उपयोग किया। शाह आईसीसी के प्रमुख बनने वाले पांचवें भारतीय होंगे और तेंदुलकर को उम्मीद है कि वह इस विरासत को आगे ले जाने में सफल रहेंगे। भारत के कई खेल प्रशासकों ने इससे पहले भी आईसीसी का नेतृत्व किया है। इनमें जगमोहन डालमिया, शरद पवार, एन श्रीनिवासन और शशांक मनोहर शामिल हैं। बीसीसीआई अध्यक्ष रहे पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने कहा आईसीसी अध्यक्ष के रूप में नयी भूमिका के लिए, जय शाह को बधाई और अगली पारी के लिए शुभकामनाएं। विराट कोहली ने कहा आईसीसी अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई और भविष्य में सफल बनने के लिए, शुभकामनाएं। भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने लिखा, बधाई जय शाह।

## 40 साल बाद कश्मीर में खेलेंगे दिग्गज क्रिकेटर

नई दिल्ली। शिखर धवन और दिनेश कार्तिक समेत कई दिग्गज 20 सितंबर से शुरू हो रहे लीजेंड्स लीग क्रिकेट के तीसरे सत्र में नजर आएंगे और करीब 40 साल बाद दिग्गज क्रिकेटर श्रीनगर में खेलेंगे। लीग 20 सितंबर को जोधपुर के बरकतुल्लाह खान स्टेडियम में शुरू होगी। इसमें छह टीमें 25 मैच खेलेंगी और शीर्ष दो टीमों के बीच फाइनल 16 अक्टूबर को होगा। फ्रेंचाइजी आधारित टूर्नामेंट में 200 खिलाड़ियों का पूल बनाया गया है। इसका फाइनल श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम पर होगा। एलएलसी के सह संस्थापक रमन रहेजा ने कहा लीजेंड्स लीग क्रिकेट का अगला सत्र शुरू होने वाला है। हमें खुशी है कि इस बार कश्मीर में भी मैच होंगे। कश्मीर के लोगों के लिये स्टेडियम में लाइव क्रिकेट देखने का यह 40 साल बाद मिला मौका होगा। लीग के लिए नीलामी गुरुवार को होगी।

## चैंपियंस ट्रॉफी में गोलकीपर होंगे पाठक

नई दिल्ली, एजेंसी

पी आर श्रीजेश के संन्यास के बाद आगामी एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिये कृष्ण बहादुर पाठक को हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली 18 सदस्यीय भारतीय हॉकी टीम का मुख्य गोलकीपर बनाया गया है।

भारत के अलावा टूर्नामेंट में कोरिया, मलेशिया, पाकिस्तान, जापान और मेजबान चीन भाग लेंगे। यह टूर्नामेंट आठ से 17 सितंबर तक खेला जाएगा। पेरिस ओलंपिक में भारत के स्टैंडबाय गोलकीपर रहे पाठक अब मुख्य गोलकीपर होंगे जबकि सूरज करकेरा रिजर्व गोलकीपर रहेंगे। अनुभवी मिडफील्डर विवेक सागर प्रसाद को उपकप्तान बनाया गया है।



● एशियाई चैंपियंस के लिए भारतीय हॉकी टीम का ऐलान, हरमनप्रीत होंगे कप्तान

नियमित उपकप्तान हार्दिक सिंह, मनदीप सिंह, ललित उपाध्याय, शमशेर सिंह और गुरजंत सिंह को आराम दिया गया है। भारत के उदीयमान ड्रैग फ्लिकर जुगराज सिंह जूनियर के लिए भी यह सुनहरा मौका होगा। अराइजीत सिंह हुंडल टीम में तीसरे ड्रैग फ्लिकर होंगे। डिफेंस का जिम्मा जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, संजय और सुमित पर होगा। वहीं मिडफील्ड में राजकुमार पाल, नीलाकांता शर्मा, मनप्रीत सिंह और मोहम्मद राहील होंगे। फॉरवर्ड पंक्ति में अभिषेक, सुखजीत सिंह, हुंडल, जूनियर टीम के कप्तान उत्तम सिंह और गुरजोत सिंह रहेंगे।

एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी से नया ओलंपिक चक्र शुरू हो रहा है और हम चुनौती के लिये तैयार हैं। भारतीय टीम 8 सितंबर को चीन के खिलाफ पहला मैच खेलेगी। इसके बाद जापान (9 सितंबर), मलेशिया (11 सितंबर), कोरिया (12 सितंबर) और पाकिस्तान (14 सितंबर) से खेलना है। सेमीफाइनल 16 सितंबर को और फाइनल 17 सितंबर को खेला जाएगा।

## खेल डायरी

### डेविड मलान ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा



लंदन। इंग्लैंड के लिए सभी प्रारूपों में शतक जमाने वाले पूर्व शीर्ष टी-20 बल्लेबाज डेविड मलान ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। 36 वर्ष के मलान ने ब्रिटिश अखबार द टाइम्स आफ लंदन से कहा कि सफेद गेंद के प्रारूप में अपनी सफलता से वह खुश है लेकिन टेस्ट क्रिकेट में वह अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर सके। मलान ने 22 टेस्ट, 30 वनडे और 62 टी-20 मैच खेले हैं। वह टी-20 प्रारूप में 2020 में दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज बने। उन्होंने पिछले साल वनडे विश्व कप के बाद से इस प्रारूप में नहीं खेला है। मलान ने कहा मैने तीनों प्रारूपों को काफी संजीदगी से लिया लेकिन टेस्ट क्रिकेट में काफी मेहनत चाहिए। पांच दिन और तैयारी के दिन अलग। यह मानसिक रूप से काफी थकाऊ है।

### साथियान चमके, दिल्ली ने गोवा चैलेंजर्स को हराया



चेन्नई। दबंग दिल्ली टीटीसी के कप्तान साथियान ज्ञानसेकरन ने एथलीड गोवा चैलेंजर्स के मिहाई बोबोसिका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया, जिससे उनकी टीम इंडियनऑयल यूटीटी 2024 में पहली जीत की नींव रखने में सफल रही। जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में ओलंपियनों की लड़ाई में, बोबोसिका ने पहला गेम 11-8 से जीता। साथियान ने शानदार वापसी करते हुए गेम दो और तीन जीतकर मैच अपने नाम कर लिया। इस मुकाबले के पहले महिला एकल में, दबंग दिल्ली टीटीसी की ओरावन परनांग ने यांग्जी लियू को हराने वाली पहली पैडलर बनकर इतिहास रच दिया। इसके बाद मिश्रित युगल मुकाबले में, परनांग ने अपने साथी साथियान के साथ मिलकर लियू को फिर से हराया। दूसरे पुरुष एकल मुकाबले में, एथलीड गोवा चैलेंजर्स के कप्तान हरमीत ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए एंड्रियास लेवेंको को 2-1 से हराया।

### वेस्टइंडीज ने द. अफ्रीका को आठ विकेट से हराया

टारुबा। शे होप (40) और निकोलस पूरन (35) रनों की शानदार पारियों के दम पर वेस्टइंडीज ने वर्षा बाधित तीसरे टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को आठ विकेट से हराकर सीरीज 3-0 से जीत ली है। 109 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और उसने पहले ही ओवर में एलेक एथनेज (1) का विकेट गवां दिया। इसके बाद शे होप और निकोलस पूरन ने पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। शे होप 24 गेंदों में नाबाद 42 रनों की पारी खेली। निकोलस पूरन ने 13 गेंदों में 35 रन बनाए। शिमॉन हेटमार 17 गेंदों में नाबाद 31 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने 9 .2 ओवरों में दो विकेट खोकर 116 रन बनाकर मैच जीत लिया। इससे पहले बारिश के कारण खेल एक घंटे की देरी से शुरु हुआ और ओवरों की संख्या घटकर 13 ओवर कर दी गई। वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। दक्षिण अफ्रीका ने निर्धारित 13 ओवरों में चार विकेट पर 108 रन बनाए।

### कोरिया ओपन बैडमिंटन में भारतीय चुनौती समाप्त

सियोल। अश्मिता चालिहा, मालविका बंसोड़ और आकर्षी कश्यप की बुधवार को कोरिया ओपन के पहले दौर में हार के साथ इस सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय अभियान समाप्त हो गया। दुनिया के 53वें नंबर की खिलाड़ी अश्मिता को महिला एकल के एकतरफा मुकाबले में दुनिया की 17वें नंबर की खिलाड़ी पोर्नपावी चोचुवोंग के खिलाफ 8-21 13-21 से हार झेलनी पड़ी जबकि आकर्षी को पहले दौर के एक अन्य मुकाबले में डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफरसन के खिलाफ 15-21 15-21 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। दुनिया की 41वें नंबर की खिलाड़ी मालविका को कड़े मुकाबले में दुनिया की 18वें नंबर की खिलाड़ी डेनमार्क की लाइन होजमार्क जेयर्सफेल्ट के खिलाफ 21-18 15-21 17-21 से हार मिली। मिश्रित युगल में आयुष राज गुप्ता और श्रुति स्वेन की भारतीय जोड़ी को को सुंग ह्युन और इयोम ह्ये वोन की कोरियाई जोड़ी के खिलाफ 7-21 12-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

# लखनऊ सुपर जायंट्स के मेंटर बने जहीर

## पूर्व तेज गेंदबाज बोले- नई शुरुआत बहुत खास, सफलता के लिए जरूरी है अच्छी प्रक्रिया

कोलकाता, एजेंसी

भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान ने बुधवार को लखनऊ सुपर जायंट्स टीम के मेंटर (मार्गदर्शक) का पद संभालने के बाद इसे उस फ्रेंचाइजी के लिए बेहद खास शुरुआत बताया जो दो बार प्लेऑफ में पहुंचने के बावजूद आईपीएल जीतने में नाकाम रही।

लखनऊ की टीम ने 2022 में पदार्पण करने के बाद गौतम गंभीर के मेंटर रहते हुए दो बार प्लेऑफ में जगह बनाई लेकिन पिछले सत्र में उसका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा और टीम सातवें स्थान पर रही। जहीर ने मेंटर नियुक्त किए जाने के बाद कहा लखनऊ आईपीएल में नई फ्रेंचाइजी है लेकिन इसे इस रूप में नहीं देखा जाना चाहिए क्योंकि टीम हर तरह से तैयार है। इस फ्रेंचाइजी ने काफी प्रगति की है। लगातार प्लेऑफ में पहुंचकर उसने अपनी निरंतरता दिखाई है जो इस तरह के कड़े टूर्नामेंट में मुश्किल होता है। जब मैं फ्रेंचाइजी की सफलता में अपना योगदान देने के बारे में सोचता हूं तो इससे मुझे काफी आत्मविश्वास मिलता है। जहीर ने कहा प्रक्रिया बेहद जरूरी होती है और यह मेरी जिम्मेदारी होगी। मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि वह प्रक्रिया अच्छी तरह से लागू हो जो टीम की सफलता के लिए आवश्यक होती है। उम्मीद है कि अगला सत्र हमारे लिए खास होगा जो इस फ्रेंचाइजी के लिए बहुत-बहुत खास शुरुआत होगी।

45 वर्ष के जहीर दो साल बाद आईपीएल में लौटे हैं। वह 2018 से 2022 के बीच पांच बार की चैंपियन मुंबई से जुड़े थे। गंभीर के जाने के बाद से लखनऊ टीम में यह पद रिक्त पड़ा है। गंभीर कोलकाता नाइट राइडर्स से जुड़ गए थे जिसने 2024 आईपीएल जीता। अब गंभीर भारतीय टीम के मुख्य कोच हैं। जहीर मुंबई इंडियंस में क्रिकेट निदेशक थे और बाद में वैश्विक विकास प्रमुख बने।

लखनऊ टीम के पास फिलहाल गेंदबाजी कोच नहीं है। दक्षिण अफ्रीका के मोर्नी मोर्कल टीम के गेंदबाजी कोच थे जो अब गंभीर के साथ भारतीय टीम के सहयोगी स्टाफ में शामिल है। जहीर मुंबई इंडियंस, आरसीबी और दिल्ली डेयरडेविल्स के लिए खेल चुके हैं। उन्होंने इन टीमों के लिए 100 मैचों में 102 विकेट लिये। आखिरी बार 2017 में आईपीएल खेला था जब वह दिल्ली टीम के कप्तान थे।

लखनऊ के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर हैं लांस क्लूसनर और एडम सहायक कोच हैं।



### इंपैक्ट खिलाड़ी नियम से रणनीति का बढ़ा महत्व : अश्विन




नई दिल्ली। भारत के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि आईपीएल में इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम ने खेल को निष्पक्ष बनाया है और इससे रणनीति का महत्व बढ़ा है। विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे सीनियर खिलाड़ियों ने इस नियम की आलोचना की है क्योंकि उनका मानना है कि इससे हरफनमौलाओं का विकास रूकेगा तथा गेंद और बल्ले के बीच संतुलन भी नहीं रहेगा। यह नियम आईपीएल 2023 से लागू किया गया जिसमें सभी टीमें अपनी पारी के दौरान एक खिलाड़ी को सब्स्टीट्यूट कर सकती हैं। अश्विन ने भारत के पूर्व कप्तान कृष्णामाचारी श्रीकांत के तमिल यूट्यूब शो में कहा मुझे लगता है कि यह नियम उतना बुरा नहीं है क्योंकि इससे रणनीति का महत्व बढ़ता है। ईएसपीएन क्रिकइन्फो ने शो के हवाले से कहा दूसरा पक्ष यह है कि इससे हरफनमौलाओं को प्रोत्साहन नहीं मिलता, लेकिन उन्हें कौन रोक रहा है। इस पीढ़ी में वे ऐसा नहीं करते हैं (बल्लेबाज गेंदबाजी करें या गेंदबाज बल्लेबाजी)। इंपैक्ट खिलाड़ी का नियम उन्हें हतोत्साहित नहीं करता।

### जहीर ने की इंपैक्ट प्लेयर की सिफारिश

कोलकाता। लखनऊ सुपर जायंट्स के नवनियुक्त मेंटर जहीर खान ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में इंपैक्ट प्लेयर के नियम को बरकरार रखने की सिफारिश की क्योंकि उनका मानना है कि इससे भारतीय क्रिकेट में काफी सुधार होगा। जहीर ने कहा इंपैक्ट प्लेयर नियम को लेकर काफी चर्चा हुई है। मेरा मानना है कि इस नियम को बरकरार रखा जाना चाहिए। आईपीएल 2023 में इंपैक्ट प्लेयर का नियम लागू किया गया था जिसको लेकर मिश्रित प्रतिक्रिया मिली। उन्होंने कहा इससे निश्चित तौर पर भारत के युवा खिलाड़ियों को मौके मिलेंगे। आपको मेगा नीलामी में इसका असर देखने को मिलेगा जब फ्रेंचाइजी टीमों की निगाहें इस तरह के खिलाड़ियों पर होगी।

## कोहली और जायसवाल की टेस्ट रैंकिंग में सुधार





दुबई। सीनियर भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली बुधवार को जारी नवीनतम आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में दो स्थान के फायदे से आठवें स्थान पर पहुंच गए जबकि उनके कप्तान रोहित शर्मा एक स्थान के नुकसान से छठे पायदान पर हैं। रोहित और कोहली के अलावा युवा यशस्वी जासयवाल भी बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष 10 में शामिल हैं। वह एक स्थान के फायदे से सातवें स्थान पर हैं।

इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट श्रीलंका के खिलाफ मैनचेस्टर में अच्छे प्रदर्शन के बाद टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। ओल्ड ट्रैफर्ड में 56 और 32 रन की पारी खेलने वाले इंग्लैंड के हैरी ब्रूक तीन स्थान के फायदे से चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने पाकिस्तान के बाबर आजम, ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ और रोहित को पीछे छोड़ा। बाबर को छह स्थान का नुकसान हुआ है और वह संयुक्त तीसरे से नौवें स्थान पर खिसक गए हैं। बांग्लादेश के खिलाफ रावलपिंडी में पहले टेस्ट में वह नाकाम रहे थे। पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान पहले टेस्ट में शतक की बदौलत सात स्थान के फायदे से संयुक्त रूप से 10वें स्थान पर पहुंच गए हैं जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। बांग्लादेश के मुशफिकुर रहीम भी सात स्थान के फायदे से करियर की सर्वश्रेष्ठ 17वीं रैंकिंग पर हैं। भारत के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर हैं।

## एथलेटिक्स में भारत 10 पदक जीत सकता है : सत्यनारायण

नई दिल्ली, एजेंसी

● 84 खिलाड़ियों का सबसे बड़ा दल ले रहा है हिस्सा, 52 पुरुष और 32 महिलाएं शामिल

पैरा एथलेटिक्स के मुख्य कोच सत्यनारायण का मानना है कि भारत बुधवार से शुरू हो रहे पैरालंपिक में एथलेटिक्स में पांच स्वर्ण सहित 10 पदक जीत सकता है और उनका लक्ष्य पिछले पैरालंपिक के अपने प्रदर्शन को बेहतर करना होगा।

सत्यनारायण ने कहा कि भारतीय एथलीटों ने पेरिस पैरा खेलों के लिए गहन प्रशिक्षण लिया है। इस प्रतियोगिताओं में भारत का 84 खिलाड़ियों का अब तक का सबसे बड़ा दल हिस्सा ले रहा है जिसमें 52 पुरुष और 32 महिलाएं शामिल हैं। सत्यनारायण ने कहा तोक्यो में हमारे कई एथलीटों ने रजत और कांस्य पदक हासिल किए। इस बार हमारा ध्यान उन्हें स्वर्ण पदक में बदलने पर है। प्रशिक्षण गहन रहा है और हमारे एथलीटों ने अविश्वसनीय समर्पण दिखाया है। उनमें से अधिकांश पहले ही परिस्थितियों के अनुकूल होने और अपनी कड़ी ट्रेनिंग जारी रखने के लिए पेरिस पहुंच चुके हैं।

## ओसाका ने येलेना को हराया, अल्काराज भी जीते

अमेरिकी ओपन

न्यूयॉर्क, एजेंसी



● इगा स्वियातेक ने कैमिला राखिमोवा को हराया
● सिनेर ने मैकी मैकडोनाल्ड को दी शिकस्त

<< मैच के दौरान शॉट लगातीं नाओमी ओसाका।

एक साल पहले मातृत्व अवकाश के दौरान नाओमी ओसाका अमेरिकी ओपन के दौरान यहां नजर आई थीं जब उन्होंने महान तैराक माइकल फेल्प्स के साथ मानसिक स्वास्थ्य के विषय पर चर्चा में भाग लिया था और उस समय उन्हें पता नहीं था कि फिर कोर्ट पर कब उतरेंगी।

एक साल बाद ओसाका ने लुईस आर्मस्ट्रांग स्टेडियम पर 10वीं रैंकिंग वाली येलेना ओस्टापेंको को 6-3, 6-2 से हराकर अमेरिकी ओपन के अगले दौर में प्रवेश कर लिया। अब उनका सामना 2023 फ्रेंच ओपन उपविजेता कैरोलिना मुचोवा से होगा जिसने अमेरिका की कैटी वोलिनेट्स को हराया। महिला वर्ग में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने कैमिला राखिमोवा को हराया। वहीं अमेरिका की 11वीं वरीयता प्राप्त डेनियेले कोलिंस को हमवतन कैरोलिन डोलेहाइड ने मात दी। वहीं सोफिया केनिन ने 2021 अमेरिकी ओपन विजेता एम्मा राडूकानू को हराया। पुरूष वर्ग में चार बार के ग्रैंडस्लैम विजेता स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने आर्थर एशे स्टेडियम पर क्वालीफायर लि तू को मात दी। वहीं यानिक सिनेर ने मैकी मैकडोनाल्ड को मात दी। डैन इवांस ने कारेन खाचानोव को हराया।

### इवांस ने यूएस ओपन इतिहास का सबसे लंबा मैच जीता

न्यूयॉर्क। ब्रिटेन के डैन इवांस ने यूएस ओपन टेनिस प्रतियोगिता के अब तक के सबसे अधिक समय तक चले मुकाबले में रुस के करेन खाचानोव को हरा दिया है। इंवास ने यूएस ओपन के इतिहास के सबसे लंबे मैच में अंतिम सेट में 0-4 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए मैच जीत। इंवास ने पांच घंटे और 35 मिनट तक चले मुकाबले में करेन खाचानोव पर 6-7(6), 7-6(2), 7-6(4), 4-6, 6-4 से जीत दर्ज की।

## बॉलीवुड हलचल



### पुष्पा 2 द रूल का नया पोस्टर रिलीज

मुंबई। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी आने वाली फिल्म पुष्पा 2 : द रूल का एक नया पोस्टर रिलीज किया है। पोस्टर में अल्लू अर्जुन के किरदार पुष्पा राज को लाल पृष्ठभूमि पर खड़ा दिखाया गया है। पोस्टर पर लिखा था। 100 दिनों में फिल्म होगी रिलीज। पोस्टर को माइथ्री मूवी मेकर्स के सोशल मीडिया हैंडल पर भी अपलोड किया गया। कैप्शन में लिखा है, #पुष्पा 2 : द रूल के लिए 100 दिन बाकी हैं, एक प्रतिष्ठित बॉक्स ऑफिस अनुभव के लिए तैयार हो जाइए। 6 दिसंबर 2024 को सिनेमाघरों में आ रही है पुष्पा 2। माइथ्री मूवी मेकर्स और मुत्तमसेट्टी मीडिया द्वारा निर्मित, फिल्म पुष्पा 2 : द रूल में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहद फासिल पुष्पा राज, श्रीवल्ली और भंवर सिंह शेखावत के रूप में अपनी भूमिकाओं को दोहराते हुए दिखाई देंगे। गौरतलब है कि फिल्म के मुख्य कलाकार अल्लू अर्जुन को पुष्प : द राइज यानी फिल्म के पहले भाग में उनके प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला था।

### सिनेमाघरों में फिर से रिलीज होगी रहना है तेरे दिल में



मुंबई। सैफ अली खान, आर माधवन और दीया मिर्जा जैसे सितारों से सजी लोकप्रिय रोमांटिक फिल्म रहना है तेरे दिल में 30 अगस्त को सिनेमाघरों में फिर से रिलीज होगी। वाशु भगनानी के बैनर पूजा एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित वर्ष 2001 में प्रदर्शित फिल्म रहना है तेरे दिल में सैफ अली खान, आर माधवन और दीया मिर्जा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

गौतम वासुदेव मेनन द्वारा निर्देशित यह फिल्म उसी वर्ष रिलीज़ हुई उनकी तमिल फिल्म मिन्नाले की रीमेक थी। इस फिल्म से दीया मिर्जा ने बॉलीवुड में अपने करियर की शुरूआत की थी। फिल्म रहना है तेरे दिल में की दोबारा रिलीज को लेकर उत्साहित निर्माता जैकी भगनानी ने अपनी टीम द्वारा साझा किए गए एक नोट में कहा, यह फिल्म मेरे दिल में एक बहुत खास जगह रखती है, क्योंकि सहायक निर्देशक के रूप में यह मेरा पहला प्रोजेक्ट था। उस वक्त मैं काफी छोटा था। इस फिल्म का हिस्सा होने से मुझे सेट पर सैफ और दीया के साथ मिलकर काम करने का अविश्वसनीय अवसर मिला। ऐसे प्रतिभाशाली कलाकारों को एक्शन में देखना और फिल्म का हिस्सा बनना वास्तव में प्रेरणादायक था। आज भी, यह फिल्म युवाओं के बीच बेहद लोकप्रिय है, इसकी खूबसूरत धुनें ताजा और मनमोहक लगती हैं, और हम वास्तव में इसे अपने दर्शकों के लिए वापस लाकर खुश हैं, जिससे वे इसका दोबारा आनंद ले सकें।

### रामायण में मां सीता का किरदार निभाकर बहुत कुछ सीखा : प्राची



मुंबई। सोनी सब के सीरियल श्रीमद् रामायण में मां सीता का किरदार निभाने वाली प्राची बसंल ने कहा कि मां सीता का किरदार निभकार उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिला है। प्राची बंसल ने कहा, मैं सीता के शांत और संयमित स्वभाव से जुड़ती हूं, जिसे मैं खुद में भी देखती हूं।

उनके किरदार को निभाने से मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला है। मुझे लगता था कि मेरे जीवन में बहुत-सी समस्याएं हैं, लेकिन हमारी समस्याएं और चुनौतियां सीता के सामने कुछ भी नहीं हैं। अब मैंने हर चुनौती और खुशी के पीछे छिपे गहरे अर्थ को समझना सीख लिया है। इसने मुझे जीवन के अलग-अलग चरणों को और भी स्पष्ट रूप से देखने में मदद की है।मां सीता का बलिदान रामायण का एक महत्वपूर्ण अध्याय है, जिसने सदियों से महिलाओं को प्रेरित और प्रभावित किया है। उनका बलिदान सिर्फ़ एक पौराणिक कहानी नहीं है बल्कि समाज और रिश्तों के कई पहलुओं पर प्रकाश डालता है। सीता ने अपने परिवार और प्यार के लिए बहुत कुछ त्याग दिया। आज भी महिलाएं अपने परिवार के लिए कई त्याग करती हैं। उन्हें अपना करियर, सपने और यहां तक कि अपनी पहचान भी छोड़नी पड़ सकती है।

प्राची बंसल ने कहा,सीता की यात्रा के इस नए चरण की तैयारी के लिए मैंने उनके चरित्र की जटिलताओं और आगे बढ़ रही कहानी को समझने में खुद को डुबो दिया है। मैं विशेष रूप से उसके भावनात्मक आर्क से रोमांचित हूं क्योंकि वह इस चुनौतीपूर्ण अवधि से गुज़रती हैं। मैंने गहरी अंतर्दृष्टि प्राप्त करने, उसकी पिछली कहानी की बारीकियों और उसके कार्यों को प्रेरित करने वाली अंतर्निहित प्रेरणाओं की खोज करने के लिए रचनात्मक टीम के साथ चर्चा की है। सीता के मेरे चित्रण को आकार देने में यह सहयोगी प्रक्रिया का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### स्पेसएक्स ने पोलारिस डॉन मिशन फिर टाला

**वाशिंगटन।** स्पेसएक्स ने कहा है कि स्प्लैशडाउन क्षेत्र में प्रतिकूल मौसम के पूर्वानुमान के कारण पोलारिस डॉन मिशन के साथ ड्रैगन अंतरिक्ष यान का प्रक्षेपण फिर से स्थगित कर दिया गया है। स्पेसएक्स ने मंगलवार को कहा कि लॉन्चर के सतही खंड में हीलियम का रिसाव होने के कारण पोलारिस डॉन मिशन का प्रक्षेपण बुधवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।

### पहली यूक्रेनी बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन निर्मित पहली बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षण में सफल रही है। ज़ेलेंस्की ने मंगलवार को कहा कि पहली यूक्रेनी बैलिस्टिक मिसाइल का सकारात्मक परीक्षण हुआ। इसके लिए रक्षा उद्योग को बधाई देता हूं। हालांकि, उन्होंने मिसाइल की विशेषताओं सहित कोई विवरण नहीं दिया।

### पाकिस्तान में सांप्रदायिक हिंसा में दो शिया मारे गए

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक घातक सांप्रदायिक हिंसा में दो शिया लोगों की मौत हो गई और 30 से अधिक अन्य घायल हो गए, जिसके कारण अधिकारियों को क्षेत्र में अर्धसैनिक बलों को तैनात करना पड़ा। शिया और सुन्नी के बीच संघर्ष मियांवाली जिले के कालाबाग टाउन में सोमवार शाम से शुरू हो मंगलवार शाम तक जारी रहा।

### टेलीग्राम एप के सीईओ पावेल डुरोव रिहा

**पेरिस, एजेंसी।** फ्रांसीसी अभियोजकों ने बुधवार को टेलीग्राम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पावेल डुरोव को चार दिनों की पूछताछ के बाद पुलिस हिरासत से रिहा कर दिया। उन पर आरोप था कि इस मैसेजिंग एप का इस्तेमाल अवैध गतिविधियों के लिए किया जा रहा है। डुरोव को शनिवार शाम को अजरबैजान से फ्रांस उतरने के बाद पेरिस के 'ले बोर्गेट' हवाई अड्डे पर हिरासत में लिया गया था।

### तूफान से जापान में बारिश, एक की मौत

**तोक्यो।** जापान में तूफान से कुछ हिस्सों में भारी बारिश हुई जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गये। मौसम विभाग के अधिकारियों ने देश के दक्षिणी हिस्से में उच्चतम स्तर की चेतावनी जारी की है, जहां सबसे अधिक नुकसान होने की आशंका है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने कहा है कि शानशान दक्षिणी क्यूशू पहुंचने वाला है।

### रूस से लड़ाई में यूक्रेन के 690 सैनिक मारे गए

**मॉस्को।** रूस के युग (दक्षिण) समूह के बलों ने पिछले 24 घंटों में 690 यूक्रेनी सैनिकों को मार गिराया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि दक्षिणी समूह के साथ लड़ाई में यूक्रेनी सशस्त्र बलों ने 690 सैनिकों, 21 वाहनों (अन्य सैन्य क्षति के अलावा) को खो दिया है।

### इजराइल के हमले में नौ फिलिस्तीनियों की मौत

**वेस्ट बैंक, एजेंसी।** इजराइल ने बुधवार को वेस्ट बैंक में बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान शुरू किया जिसमें कम से कम नौ फिलिस्तीनियों की मौत हो गई और सेना ने संवदेनशील जेनिन शहर को घेर लिया है। फिलिस्तीनी अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

### गुरु ग्रंथ साहिब की छवि कतर से भारत लाएं

**अमृतसर।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने विदेश मंत्रालय द्वारा दोहा कतर में पुलिस से श्री गुरु ग्रंथ साहिब की दो पवित्र छवियों को वापस लेने का स्वागत किया है और इन पवित्र छवियों को भारत लाने की मांग की है।

## खाने के ऑर्डर में देरी पर विवाद, युवक की हत्या

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- भोजनालय के दो मालिकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पश्चिमी दिल्ली के राजौरी गार्डन इलाके में स्थित एक भोजनालय में खाने को लेकर दिए गए ऑर्डर में देरी के कारण हुए विवाद में बुधवार की सुबह एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। खबरों के अनुसार, पीड़ित को लाठी और धारदार हथियार से पीटा गया। पश्चिमी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि हरनीत सिंह सचदेवा (29) सुबह के समय एक ढाबे पर गया था जहां उसने भोजन के लिए ऑर्डर दिया। उन्होंने कहा कि खाने के ऑर्डर में देरी के कारण सचदेवा और भोजनालय के कर्मचारियों के बीच बहस हो गई।

पुलिस उपायुक्त ने बताया कि इसके बाद कर्मचारियों ने काफिला भोजनालय के मालिक केतन नरूला और अजय नरूला को जानकारी दी जिसके बाद वे कुछ अन्य लोगों को लेकर पहुंचे। इसके बाद उनका सचदेवा और उसके दोस्तों से झगड़ा शुरू हो गया। सचदेवा के दोस्त उसे अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि दो आरोपियों को पकड़ लिया गया है और मामले की जांच जारी है। अधिकारियों के अनुसार, सचदेवा सफेदी करने का काम करता था। सचदेवा की मां ने बताया कि वह कुछ खाने का ऑर्डर देने गया था। उन्होंने कहा कि वहां क्या हुआ हमें कुछ नहीं पता।



## सिग 716 : सटीक और शक्तिशाली है मारक क्षमता

सिग 716 राइफल एक आधुनिक, सेमी-ऑटोमैटिक राइफल है जो अमेरिकी कंपनी सिग सॉयर द्वारा डिजाइन और निर्मित की गई है। अपनी विश्वसनीयता, सटीकता, और शक्तिशाली मारक क्षमता के लिए जानी जाती है। सिग 716 को अपनी मजबूत निर्माण गुणवत्ता, सुविधाजनक डिजाइन और उन्नत सुविधाओं के लिए प्रशंसा मिली है, जैसे कि एडजस्टेबल स्टॉक और रेल सिस्टम। यह राइफल विभिन्न सैन्य और कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा उपयोग की जाती है और अपनी क्षमताओं के लिए बेहतरीन हथियार मानी जाती है। इसीलिए भारतीय सेना इसे खूब पसंद कर रही है।

### पहले यह राइफलें थीं सेना के पास

- **ली एनफील्ड राइफल** : स्वतंत्रता के बाद 1947-1960 के दशक में ली एनफील्ड राइफल का उपयोग किया, जो एक ब्रिटिश-निर्मित बोल्ट-एक्शन राइफल थी।
- **सेल्फ लोडिंग राइफल** : भारतीय सेना ने 1960 से 1990 के दशक में 7.62एमएम 1ए नाटो कार्टिज वाली सेल्फ लोडिंग राइफल (एसएलआर) को अपनाया, जो एक सेमी-ऑटोमैटिक राइफल थी।
- **वन ए वन राइफल** : भारतीय सेना ने 1980 के दशक में 1ए1 नामक राइफल का भी उपयोग किया जो एसएलआर को उन्नत करके बनाया गया था। इन राइफलों का उपयोग भारतीय सेना ने कई दशकों तक किया, लेकिन वे धीरे-धीरे पुरानी हो गईं।
- **इंसास राइफल** : भारतीय सेना में इंसास राइफल को 1990 में शामिल किया गया था। इंसास का 1997 में बड़े पैमाने पर उत्पादन किया गया था। इस राइफल ने पहली बार 1999 में कारगिल युद्ध के दौरान अपनी शक्ति को प्रदर्शित किया था।

### भारत खरीदेगा 73 हजार और सिग 716 राइफल

**नई दिल्ली।** भारत ने अमेरिका की कंपनी सिग सॉयर को और 73 हजार सिग 716 राइफल का ऑर्डर दिया है। पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच सीमा विवाद जारी रहने के बीच यह कदम उठाया गया है। रक्षा खरीद परिषद ने पिछले साल दिसंबर में 73 हजार सिग राइफल की खरीद की मंजूरी दी थी। आपूर्ति होने के बाद सेना के पास 1,45,400 सिग716 राइफल होंगी। भारत ने 2019 में 72,400 सिग 716 राइफल की आपूर्ति का अनुबंध दिया था।

### ये हैं खूबियां

**सटीक मारक क्षमता :** सिग 716 राइफल की मारक क्षमता लगभग 800 मीटर तक है, जो इसे मध्यम से लंबी दूरी की लड़ाई के लिए उपयुक्त बनाती है। यह राइफल 7.62x51एमएम नाटो कार्ट्रिज का उपयोग करती है। इसकी सटीकता और शक्तिशाली कार्ट्रिज इसे एक प्रभावी हथियार बनाते हैं।

**सिग 716 की खासियत :** सिग 716 में अधिक शक्तिशाली, 7.62x51एमएम नाटो कार्ट्रिज का उपयोग किया जाता है, जो इंसास के 5.56x45एमएम नाटो कार्ट्रिज से अधिक शक्तिशाली है। सिग 716 को अपनी सटीकता के लिए जाना जाता है, जो इसे दूरी पर निशाना लगाने में मदद करती है। सिग 716 को अपनी विश्वसनीयता के लिए जाना जाता है, जो इसे कठिन परिस्थितियों में भी काम करने में मदद करती है।

**इंसास राइफल से तुलना :** भारतीय सेना वर्तमान में इंसास राइफल का उपयोग करती है। इंसास (इंडियन स्मॉल आर्म्स सिस्टम) भारत में निर्मित असॉल्ट राइफल है जो 5.56x45 एमएम नाटो कार्ट्रिज का उपयोग करती है। सिग 716 की तुलना में इंसास की मारक क्षमता कम है और यह कम शक्तिशाली कार्ट्रिज का उपयोग करती है।

## भारत से सौहार्द्रपूर्ण संबंध चाहता है बांग्लादेश, हस्तक्षेप नहीं : रहमान

### जमात-ए-इस्लामी प्रमुख ने कहा, नई दिल्ली अपनी विदेश नीति पर करे पुनर्विचार

**ढाका, एजेंसी**



बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी के प्रमुख शफीकुर रहमान ने कहा है कि उनकी पार्टी भारत के साथ सौहार्द्रपूर्ण और स्थिर संबंध चाहती है, लेकिन साथ ही कहा कि नई दिल्ली को पड़ोस में अपनी विदेश नीति पर पुनर्विचार करने की जरूरत है, क्योंकि द्विपक्षीय संबंधों का मतलब एक-दूसरे के आंतरिक मुद्दों में हस्तक्षेप करना नहीं है। बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी के अमीर (प्रमुख) रहमान ने कहा कि उनकी पार्टी भारत और बांग्लादेश के बीच घनिष्ठ संबंधों का समर्थन करती है, लेकिन यह भी मानती है कि बांग्लादेश को अतीत को पीछे छोड़कर अमेरिका, चीन और पाकिस्तान जैसे देशों के साथ मजबूत और संतुलित संबंध बनाए रखना चाहिए। रहमान (65) ने दलील दी कि जमात-ए-इस्लामी को भारत विरोधी मानने की नई दिल्ली की धारणा गलत है। उन्होंने कहा कि जमात-ए-इस्लामी किसी देश के खिलाफ नहीं है, यह एक गलत धारणा है। हम बांग्लादेश के समर्थक हैं और केवल बांग्लादेश के हितों की रक्षा करने में रुचि रखते हैं। उन्होंने जोर दिया कि इस धारणा को बदलने की जरूरत है।

जमात-ए-इस्लामी ने सुझाव दिया कि बेहतर होता यदि बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना अशांति के कारण इस्तीफा देने के बाद भारत नहीं भागतीं। उन्होंने कानून का सामना करने के लिए उनके बांग्लादेश लौटने की वकालत की। उन्होंने कहा कि भारत हमारा पड़ोसी है और हम अच्छे, स्थिर और सामंजस्यपूर्ण द्विपक्षीय संबंध चाहते हैं। हालांकि, भारत ने अतीत में कुछ ऐसे काम किए हैं जो बांग्लादेश के लोगों को पसंद नहीं आए। उन्होंने कहा कि उदाहरण के लिए, 2014 के बांग्लादेश चुनावों के दौरान, एक वरिष्ठ भारतीय राजनयिक ने ढाका का दौरा किया और निर्देश दिया कि किसे भाग लेना चाहिए और किसे नहीं। यह अस्वीकार्य था, क्योंकि यह पड़ोसी देश की भूमिका नहीं है। हमारा मानना है कि भारत अंततः बांग्लादेश के संबंध में अपनी विदेश नीति का पुनर्मूल्यांकन करेगा। हमारा मानना है कि एक-दूसरे के आंतरिक मुद्दों में हस्तक्षेप से बचना चाहिए।

### हिंदुओं पर हमले के आरोप निराधार

बांग्लादेश में जमात कार्यकर्ताओं द्वारा हिंदुओं पर हमले के आरोपों से संबंधित प्रश्न का उत्तर देते हुए रहमान ने इन्हें निराधार बताते हुए इनका खंडन किया। रहमान ने जमात-ए-इस्लामी के नकारात्मक चित्रण के लिए दुर्भावनापूर्ण मीडिया अभियान को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि पिछले 15 वर्षों में शेख हसीना सरकार द्वारा किए गए अत्याचारों का सबसे ज्यादा शिकार होने के बावजूद, हम अब भी डटे हैं और जमात को अब भी लोगों का समर्थन प्राप्त है। पाकिस्तान के साथ संबंधों पर रहमान ने कहा हम उनके साथ भी अच्छे संबंध चाहते हैं। हम उपमहाद्वीप में भारत, पाकिस्तान, नेपाल, म्यांमा, भूटान और श्रीलंका सहित सभी से संतुलित संबंध चाहते हैं।

### बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने जमात से प्रतिबंध हटाया

**ढाका।** बांग्लादेश में नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने बुधवार को जमात-ए-इस्लामी पार्टी पर से प्रतिबंध हटा दिया। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अपने शासन के खिलाफ राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शनों के दौरान उस पर प्रतिबंध लगा दिया था। हसीना सरकार ने पार्टी को उग्रवादी और आतंकवादी संगठन बताते हुए प्रतिबंधित कर दिया था और उसकी छात्र इकाई और अन्य संबद्ध संगठनों को सरकारी नौकरियों में आरक्षण व्यवस्था को लेकर आंदोलन भड़काने का दोषी ठहराया था। गृह मंत्रालय ने बुधवार को पार्टी पर से प्रतिबंध हटा दिया, जिससे उसे अपनी गतिविधियां फिर शुरू करने का रास्ता मिल गया।

## मोदी के कार्यक्रम में भाग लेने को 24 हजार हस्ताक्षर

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** भारतीय प्रवासी समुदाय के 24,000 से अधिक सदस्यों ने एक विशाल सामुदायिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए हस्ताक्षर किए हैं, जिसे अगले महीने यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संबोधित करेंगे। मोदी एंड यूएस प्रोग्रेस टूगेदर नामक कार्यक्रम नासाउ वेटरन्स मेमोरियल कॉलेजियम में 22 सितंबर को आयोजित होगा। इसमें 15,000 लोगों के बैठने की क्षमता है। 'इंडो-अमेरिकन कम्युनिटी ऑफ यूएसए' (आईएसीयू) ने मंगलवार को कहा कि 24,000 से अधिक भारतीय-अमेरिकियों ने इस विशाल कार्यक्रम में भाग लेने के लिए हस्ताक्षर किए हैं जिसे प्रधानमंत्री मोदी संबोधित करेंगे।

मोदी का 26 सितंबर को यहां संयुक्त राष्ट्र महासभा के एक उच्च स्तरीय सत्र को संबोधित करने का कार्यक्रम है। जिसमें 42 राज्यों के भारतीय-अमेरिकियों के इसमें भाग लेने की संभावना है। मुख्य आयोजक ने कहा कि हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि ज्यादा से ज्यादा लोग इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में भाग ले सकें। कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय-अमेरिकी समुदाय की परस्पर विविधता का जश्न मनाने वाली एक महत्वपूर्ण सभा आयोजित करना है।

## गुजरात में बारिश से 19 की मौत, कई इलाकों में बाढ़



वडोदरा के जलमग्न सामा इलाके में फंसे लोगों को बचाते सेना के जवान।

**अहमदाबाद, एजेंसी**

- 17,800 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया
- प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से की बातचीत

गुजरात में बारिश से संबंधित घटनाओं में 19 और लोगों की मौत हो गई, जिससे ऐसी घटनाओं में तीन दिन में जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 26 हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि राज्य के कुछ हिस्सों में बुधवार को लगातार चौथे दिन भी भारी बारिश जारी है। वहीं, बाढ़ प्रभावित इलाकों में से 17,800 लोगों को निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।

वडोदरा में बारिश थमने के बावजूद, शहर से होकर बहने वाली विश्वामित्री नदी के अपने तटों को तोड़कर आवासीय इलाकों में प्रवेश कर जाने से निचले इलाकों में जलजमाव हो गया और इमारतें, सड़कें और वाहन पानी में डूब गए। इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से फोन पर बातचीत करके स्थिति का जायजा लिया। वडोदरा शहर में घरों और छतों में फंसे लोगों को एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, और सेना की तीन टुकड़ियों ने निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। अधिकारियों ने कहा कि एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के अलावा सेना, भारतीय वायुसेना और तटरक्षक बारिश से तबाह हुए इलाकों में बचाव अभियान चला रहे हैं।

## भारत-रूस में अंतरिक्ष निगरानी तकनीक के उपयोग पर चर्चा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत और रूस ने बुधवार को अपने संयुक्त आयोग की दूसरी बैठक के दौरान जोखिम पूर्वानुमान और आपातकालीन प्रतिक्रिया के लिए अंतरिक्ष निगरानी प्रौद्योगिकियों के इस्तेमाल पर चर्चा की। एक सरकारी बयान के मुताबिक रूस की राजधानी मॉस्को में आयोजित इस बैठक में दोनों पक्षों ने आयोग की कार्ययोजना पर हस्ताक्षर किए जिसे 2025-26 के दौरान क्रियान्वित किया जाएगा।

कहा गया कि दोनों देशों ने 2025-2026 के दौरान इस योजना को लागू करने पर सहमति व्यक्त की और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में सर्वोत्तम प्रथाओं तथा सीखों का आदान-प्रदान जारी रखने का भी निर्णय लिया। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय कर रहे थे, जबकि रूसी पक्ष का नेतृत्व नागरिक सुरक्षा, आपात स्थिति और प्राकृतिक आपदाओं के परिणामों के उन्मूलन मंत्री कुरेनकोव अलेक्सांद्र व्याचेस्लावोविच ने किया। बैठक में तीन प्रमुख मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया।

### रूस के कुर्स्क परमाणु संयंत्र में खतरे की चेतावनी

**मॉस्को।** अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने मंगलवार को रूस के कुर्स्क परमाणु ऊर्जा संयंत्र के पास हो रहे संघर्ष के कारण परमाणु दुर्घटना के खतरे की चेतावनी दी। ग्रॉसी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर कुर्स्क क्षेत्र स्थित संयंत्र का दौरा करने के बाद कहा कि अब यहां परमाणु घटना का खतरा है। पुतिन ने उनसे स्थिति का आकलन करने और मौजूदा मुद्दों के समाधान के लिए रूसी सहयोगियों के साथ काम करने का अग्रह किया था।

## वैज्ञानिकों ने किया 6-क्यूबिट क्वांटम प्रोसेसर का परीक्षण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) तथा टाटा अनुसंधान संस्थान (टीआईएफआर) के वैज्ञानिकों ने सुपरकंडक्टिंग सर्किट तकनीक पर आधारित 6-क्यूबिट क्वांटम प्रोसेसर का एंड-टू-एंड परीक्षण पूरा कर लिया है। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि डीआरडीओ की क्वांटम यांत्रिकी युवा वैज्ञानिक प्रयोगशाला (डीवाईएसएल-क्यूटी) पुणे और टाटा मौलिक अनुसंधान संस्थान (टीआईएफआर) मुंबई के वैज्ञानिकों ने यह परीक्षण किया है।

- सुपरकंडक्टिंग सर्किट तकनीक पर है आधारित

इसमें क्लाउड-आधारित इंटरफ़ेस से क्वांटम सर्किट सबमिट करना, क्वांटम हार्डवेयर पर प्रोग्राम का निष्पादन और गणना किए गए परिणामों के साथ क्लाउड इंटरफ़ेस को अपडेट करना शामिल था। टीआईएफआर मुंबई के कोलाबा परिसर में क्रियान्वित की जा रही यह परियोजना डीवाईएसएल-क्यूटी, टीआईएफआर और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के बीच त्रिपक्षीय सहयोग है। डीवाईएसएल-क्यूटी वैज्ञानिकों ने वाणिज्यिक ऑफ-द-शेल्फ इलेक्ट्रॉनिक्स और कस्टम-प्रोग्राम्ड विकास बोर्डों के संयोजन का उपयोग करके नियंत्रण और माप उपकरण को एक साथ रखा। क्वैब को टीआईएफआर में डिजाइन और निर्मित किया गया था।

## 12 साल घट सकती है दिल्ली वालों की जीवन प्रत्याशा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

### वायु प्रदूषण प्रमुख कारक



- शिकागो विश्वविद्यालय के ऊर्जा नीति संस्थान की रिपोर्ट में दावा

वायु गुणवत्ता जीवन सूचकांक 2024 रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली में वायु प्रदूषण इसके निवासियों की जीवन प्रत्याशा को कम कर रहा है , जो उत्तर भारत में सबसे प्रदूषित क्षेत्रों में से एक के रूप में इस शहर को रेखांकित करता है। शिकागो विश्वविद्यालय (ईपीआईसी) के ऊर्जा नीति संस्थान की एक रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर भारत में सबसे प्रदूषित क्षेत्रों में से एक, दिल्ली में रहने वाले 1.8 करोड़ लोग विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा निर्धारित मानदंड की तुलना में औसतन 11.9 वर्ष जीवन प्रत्याशा खोने की राह पर हैं।

यहां तक कि भारत के अपने राष्ट्रीय मानकों के अनुसार, यदि प्रदूषण का मौजूदा स्तर बना रहता है, तो निवासियों की जीवन प्रत्याशा 8.5 वर्ष कम हो सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की राजधानी और देश में सबसे अधिक आबादी वाला शहर दिल्ली, विश्व में सबसे प्रदूषित शहर भी है। हालांकि, रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि यदि भारत अपने पीएम 2.5 (हवा में मौजूद 2.5 माइक्रोमीटर से कम व्यास के कण) से जुड़े राष्ट्रीय मानदंड को पूरा करता है, तो दिल्ली के निवासियों की जीवन प्रत्याशा 8.5 वर्ष बढ़ सकती है। साथ ही, यदि यह डब्ल्यूएचओ के मानकों को पूरा करता है तो दिल्ली के निवासियों की जीवन प्रत्याशा लगभग 12 वर्ष बढ़ सकती है। पीएम 2.5 श्वसन प्रणाली में गहराई तक प्रवेश कर सकता है और श्वसन संबंधी समस्याओं को जन्म देता है।

## सीएए : पाकिस्तानी ईसाई को मिली भारतीय नागरिकता

**पणजी, एजेंसी।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने बुधवार को नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के तहत 78 वर्षीय एक पाकिस्तानी ईसाई को भारतीय नागरिकता प्रमाणपत्र सौंपा, जिससे वह राज्य में इस तरह नागरिकता हासिल करने वाले पहले व्यक्ति बन गए। जोसेफ फ्रांसिस परेरा गोवा की आजादी से पहले पढ़ाई के लिए गोवा से पाकिस्तान गए थे और बाद में वहीं नौकरी करने लगे। पाकिस्तानी नागरिकता हासिल होने के बाद वह कराची में रह रहे थे, लेकिन 2013 में वह भारत लौट आए। मुख्यमंत्री ने कहा कि परेरा की शादी गोवा की एक महिला से हुई थी, लेकिन नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा नागरिकता अधिनियम, 1955 में संशोधन किए जाने से पहले तक उन्हें भारतीय नागरिकता हासिल करने के लिए काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

## भारत-अमेरिका संबंध बेहद महत्वपूर्ण : गार्सेटी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- सम्मेलन में भाग ले रहे दुनिया भर से 2000 शिक्षक परामर्शदाता

भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने बुधवार को कहा कि भारत-अमेरिका संबंध वैश्विक प्रगति के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। राजदूत ने यहां वार्षिक आईसी3 सम्मेलन और एक्सपो 2024 में अपने संबोधन के दौरान यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका संबंध वैश्विक प्रगति के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, जो शिक्षा के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता में गहराई से निहित है। जैसे-जैसे हम इस साझेदारी को मजबूत करने का प्रयास करते हैं, प्रभावी परामर्श दरवाजे खोलने और आपसी समझ को बढ़ावा देने में एक प्रमुख चालक के रूप में उभरता है।

गार्सेटी ने कहा कि अपने छात्रों को आगे बढ़ाते हुए और उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करके, हम न केवल शैक्षिक मार्गों को बढ़ा रहे हैं, बल्कि अपने द्विपक्षीय संबंधों को भी गहरा कर रहे हैं। इस सम्मेलन में दुनिया भर से लगभग 2,000 शिक्षक, स्कूल नेता, परामर्शदाता और विश्वविद्यालय प्रतिनिधि एक साथ आए।

## सुरक्षा परिषद सुधार पर चर्चा को मौखिक निर्णय लिया गया

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासभा ने सुरक्षा परिषद सुधार पर चर्चा के लिए मौखिक निर्णय लिया है। न्यायसंगत प्रतिनिधित्व और सुरक्षा परिषद की सदस्यता में वृद्धि के लेकर होने वाले प्रश्नों के दौरान सभा अहम भूमिका निभाएगी, प्रतिनिधियों ने इस बात पर जोर दिया कि परिषद की संरचना अब आज के राजनीतिक परिदृश्य को प्रतिबिंबित नहीं करती है। सभा ने सुरक्षा परिषद सुधार पर चर्चा करने के लिए सभा की अनौपचारिक पूर्ण बैठक में वार्ता को जारी रखने का भी निर्णय लिया। महासभा ने फैसला किया है कि यदि सदस्य देश सहमत हों तो 79वें सत्र के दौरान ओपन-एंडेड वर्किंग ग्रुप की बैठक बुलाई जाए।

## नासा का अगला मंगल मिशन अक्टूबर में किया जाएगा लॉन्च

**संवाददाता, नैनीताल**



- 11 माह के बाद पहुंचेगा मंगल की ऑर्बिट में
- मंगल के वायुमंडल की जांच करेगा यह जुड़वा मिशन
- लाल ग्रह पर मानव जीवन बसाने को लेकर प्रयास

**अमृत विचार :** लालग्रह मंगल पर एक साथ दो मिशन भेजने की अंतिम तैयारी में नासा जुट गया है। मिशन का नाम ब्लू एंड गोल्ड रखा गया है। मिशन का उद्देश्य मंगल के वायुमंडल व सूर्य के विकिरण प्रभाव का पता लगाना है। अक्टूबर में इस जुड़वा मिशन को लॉन्च किया जाएगा।

लाल ग्रह पर मानव जीवन बसाने को लेकर मानवीय प्रयास द्रुत गति से आगे बढ़ रहे हैं। अगले पांच वर्ष में इंसानों का एक दल मंगल की सतह पर पहला कदम रखेगा। इससे पहले नासा सुरक्षा के लिहाज से मंगल की सतह समेत वायुमंडलीय स्थिति की परख कर लेना चाहता है। जिसे लेकर यह जुड़वा मिशन भेजा जा रहा है। यह मिशन हाइब्रिड मैग्नेटोस्फीयर का अध्ययन करेगा। सूर्य से आने वाले उच्च ऊर्जावान कणों के असर का पता लगाएगा। सूर्य से आने वाली हानिकारक पैराबैगनी किरणों की जानकारी जुटाएगा। मंगल के आयनमंडल की जानकारी भी प्राप्त करेगा।

यह बेहद महत्वपूर्ण मिशन है, जो अक्टूबर में लॉन्च किया जाएगा। दोनों उपग्रहों को लाल ग्रह तक पहुंचने में 11 महीने का समय लगेगा। 80 मिलियन डॉलर की कुल लागत से यह मिशन तैयार किया गया है। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, बर्कले अंतरिक्ष विज्ञान प्रयोगशाला (एसएसएल) में ग्रह विज्ञान और खगोल जीव विज्ञान के एसोसिएट निदेशक लिलिज, नासा के गोडार्ड स्पेस फ़्लाइट सेंटर के साथ मिलकर मिशन को अंतिम तैयारियां दे रहे हैं। उनका कहना है कि मंगल का चुंबकीय क्षेत्र सौर हवा को अपने चारों ओर किस तरह से प्रवाहित करता है, साथ ही मैग्नेटोस्फीयर के माध्यम से सौर हवा से ऊर्जा और गति को कैसे लाता व ले जाता है, इस मिशन के जरिए पता लगाया जाएगा।

### 55 मिशन भेजे जा चुके हैं मंगल पर

मंगल की टोह लेने के लिए अभी तक 55 मिशन भेजे जा चुके हैं। मंगल मिशन की शुरुआत 1960 से हुई। सर्वाधिक 27 मिशन नासा ने भेजे हैं। सोवियत संघ ने 21 भेजे हैं। यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी ने चार के अलावा भारत, चीन व जापान ने एक-एक भेजे हैं। 55 में 27 मिशन असफल रहे हैं। तीन अंशिक रूप से सफल रहे हैं। शेष 25 मिशन सफल रहे हैं। शुरुआती 6 मिशन को असफलता देखनी पड़ी थी। जिनमें सोवियत संघ के पांच व एक नासा का था। अधिकांश मिशन मंगल के ऑर्बिट में भेजे गए हैं। मंगल की सतह पर 18 लैंडर व रोबर भेजे गए। जिनमें आठ असफल रहे। तीन आंशिक सफल रहे। मात्र सात को सफलता मिली। इसरो ने 2013 ऑर्बिटर भेजा था। जिसे पहली बार में ही सफलता मिल गई थी।